■ वर्ष 31 अंक 235 ■ जबलपुर सोमवार 16 फरवरी 2026 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00



# डील के नाम पर विश्वासघात

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पांच सवाल किए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस डील के नाम पर भारतीय किसानों के साथ विश्वासघात हो रहा है। गांधी ने कहा कि यह मुद्दा देश की कृषि के भविष्य से जुड़ा है। उन्होंने पीएम मोदी से सवाल करते हुए लिखा कि किसानों को जवाब तो मिलने ही चाहिए। यह सिर्फ आज की बात नहीं है। ये भविष्य की भी बात है। क्या हम किसी दूसरे देश को भारत की कृषि उद्योग पर लंबे समय की पकड़ बनाने दे रहे हैं।

## राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किए पांच सवाल


नई दिल्ली (वार्ता)

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर आरोप लगाया है कि इस समझौते से देश के कृषि क्षेत्र को लंबे समय में नुकसान पहुंच सकता है और सरकार को इस पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए। कांग्रेस नेता ने रविवार को सूखा अनाज (डीडीजी) के आयात का मुद्दा उठाते हुए पूछा कि क्या इसका मतलब भारतीय मवेशियों को अमेरिकी मक्का से बने चारे पर निर्भर करना होगा, जिससे दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर हो सकती है। उन्होंने इसी तरह सोया तेल के आयात की अनुमति दिए जाने की संभावना पर भी चिंता जताई है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान सहित देशभर के सोया किसानों पर इसके असर को लेकर राहुल गांधी ने सवाल किए हैं। उन्होंने अतिरिक्त वस्तुएँ शब्द के दायरे को लेकर भी स्पष्टता देने की मांग करते हुए आशंका व्यक्त की है कि क्या भविष्य में दालों और अन्य फसलों को भी अमेरिकी आयात के लिए खोला जा सकता है। इसके साथ ही गैर-व्यापारिक बाधाएँ हटाने पर सवाल किया है कि क्या इससे जीएम फसलों पर भारत का रुख नरम करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य और सरकारी खरीद व्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। राहुल गांधी का कहना है कि यह मुद्दा केवल वर्तमान का नहीं, बल्कि भारत की कृषि आत्मनिर्भरता और किसानों के भविष्य से जुड़ा है, जिस पर सरकार को स्पष्ट तौर पर जवाब देना चाहिए।

### राहुल ने किए ये 5 सवाल

1. ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स इम्पोर्ट करने का क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि भारतीय जानवरों को जीएम अमेरिकी मक्का से बने डिस्टिलर अनाज खिलाए जाएंगे? क्या इससे हमारे डेयरी प्रोडक्ट प्रभावी रूप से अमेरिकी कृषि उद्योग पर निर्भर नहीं हो जाएंगे?
2. अगर हम जीएम सोया तेल के आयात की अनुमति देते हैं, तो मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और देशभर के हमारे सोया किसानों का क्या होगा? वे एक और कीमतों का झटका कैसे झेल पाएंगे?
3. जब आप अतिरिक्त उत्पाद कहते हैं, तो उसमें क्या-क्या शामिल है? क्या यह समय के साथ दाल और अन्य फसलों को अमेरिकी आयात के लिए खोलने के दबाव का संकेत है?
4. गैर-व्यापार बाधाएं हटाने का क्या मतलब है? क्या भविष्य में भारत पर जीएम फसलों पर अपने रुख को ढीला करने, खरीद को कमजोर करने या एमएसपी और बोनस को कम करने का दबाव डाला जाएगा?
5. एक बार यह दरवाजा खुल गया तो हर साल इसे और ज्यादा खुलने से हम कैसे रोकेंगे? क्या इसकी रोकथाम होगी, या हर बार सौदे में धीरे-धीरे और भी फसलों को मेज पर रख दिया जाएगा?


## ट्रेड डील पर झूठ फैला रहे: शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गांधीनगर में राहुल पर आरोप लगाया कि वे यूएस, यूके और ईयू के साथ भारत की ट्रेड डील को लेकर झूठ फैला रहे हैं और किसानों को गुमराह कर रहे हैं। शाह ने यह भी कहा कि राहुल कोई भी प्लेटफॉर्म चुन लीजिए। बीजेपी युवा मोर्चा के प्रेसिडेंट भी आकर आपसे इस बात पर बहस कर सकते हैं कि किसने किसानों को नुकसान पहुंचाया है और किसने उनकी भलाई के लिए काम किया है। उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को मजाकिया बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने 2014 के बाद ऐसे किसी भी नियम को आगे नहीं बढ़ाया, जिससे किसानों को नुकसान हो। सरकार ने हर समझौते में कृषि और डेयरी सेक्टर के हित सुरक्षित रखे हैं। किसानों, पशुपालकों और मछुआरों को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

# 38 देशों के साथ अपनी शर्तों पर किए समझौते

## प्रधानमंत्री मोदी ने बताया अमेरिका-ईयू ट्रेड डील पर कैसे बनी बात



नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय बजट, अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के साथ ट्रेड डील होने के बाद पहला इंटरव्यू दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के मजबूत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, सर्विस सेक्टर और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) सेक्टर ने हमें 38 देशों के साथ अपनी शर्तों पर फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने में सक्षम बनाया। ट्रेड डील पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजनीतिक स्थिरता, राजनीतिक पूर्वानुमान क्षमता ने भारत में निवेशकों का भरोसा बहाल किया। उन्होंने कहा कि हमारे मुक्त व्यापार समझौते का उद्देश्य टेक्सटाइल, लेदर, केमिकल, हैंडीक्राफ्ट्स, ज्वेलरी और अन्य क्षेत्रों में लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करना है। उन्होंने कहा, इस साल का बजट भारत के विकसित राष्ट्र बनने की चाहत को दर्शाता है। बजट मजबूरी में पैदा हुआ 'अभी नहीं तो कभी नहीं' वाला अवसर नहीं है, बल्कि ये तैयारी और प्रेरणा से उपजा 'हम तैयार हैं' वाला पल है। रक्षा बजट में बढ़ोतरी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, देश के रक्षा बलों की सहायता करने और उन्हें मजबूत करने के लिए सरकार को जो भी करना होगा वो करेगी। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह मौजूदा हालात के हिसाब से रक्षा क्षेत्र को आधुनिक बनाए। कांग्रेस की अगुआई वाली यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, उन्होंने भारत को आत्मविश्वास के साथ बातचीत करने की स्थिति में नहीं छोड़ा। यूपीए सरकार के दौरान बातचीत शुरू होती थी और फिर टूट जाती थी, लेकिन लंबी बातचीत के बावजूद कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाता था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, प्राइवेट सेक्टर को मार्जिन बचाने पर कम ध्यान देना चाहिए। उन्हें रिसर्च एंड डेवलपमेंट, सप्लाई चेन और क्वालिटी में निवेश करना चाहिए। विकसित भारत की अगली छलांग प्राइवेट क्षेत्र में इनोवेशन, दीर्घकालिक क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में किए गए निवेश पर निर्भर करेगी।

## ओम बिरला जाएंगे तारिक रहमान के शपथ ग्रहण में




**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 17 फरवरी, 2026 को ढाका में तारिक रहमान के नेतृत्व में नव निर्वाचित बांग्लादेश सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष की भागीदारी भारत और बांग्लादेश के लोगों के बीच गहरी और अटूट मित्रता को रेखांकित करती है। साझा इतिहास, संस्कृति और आपसी सम्मान से जुड़े पड़ोसी होने के नाते भारत तारिक रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश की निर्वाचित सरकार के गठन का स्वागत करता है।

# अपनत्व है भारत की पहचान: भागवत

## 'सामाजिक सद्भाव' बैठक में बोले आरएसएस प्रमुख

गोरखपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत आज विश्व में सद्भावना और सामाजिक समरसता का एक वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की सभ्यतागत सोच लेन-देन आधारित संबंधों पर नहीं, बल्कि एकत्व और आपसी अपनत्व की भावना पर आधारित है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोरक्ष प्रांत द्वारा रविवार को आयोजित 'सामाजिक सद्भाव' बैठक को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि समाज की पहचान स्वार्थ से नहीं, बल्कि परस्पर जुड़ाव से होती है। यह कार्यक्रम संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर बाबा गंभीरनाथ ऑडिटोरियम, तारामंडल में आयोजित किया गया। मोहन भागवत ने कहा कि कई देशों में रिश्तों को लेन-देन की दृष्टि से देखा जाता है, जबकि भारत में मानवीय संबंध अपनत्व और सहभागिता पर आधारित होते हैं। उन्होंने दोहराया कि भारत की विविधता-भाषा, पहनावा और परंपराओं में भिन्नता-विभाजन का कारण नहीं बनती, क्योंकि संस्कृति की एकता सभी को जोड़ती है। उन्होंने कहा, हम भारत को माता मानते हैं। सभी में एक ही दिव्य चेतना का वास है। यही भावना अलग-अलग पहचान के बावजूद हमें एक रखती है। आरएसएस प्रमुख भागवत ने यह भी कहा कि समाज को बनाए रखने में केवल कानून-व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता की अहम भूमिका होती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर उन्होंने इसे उत्सव से अधिक आत्ममंथन का अवसर बताया। उन्होंने सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए साल में दो से तीन बार ब्लॉक स्तर पर बैठकें करने का आह्वान किया।

# हिमांगी सखी बनीं देश की पहली किन्नर शंकराचार्य



भोपाल

भोपाल में महाशिवरात्रि पर आयोजित किन्नर धर्म सम्मेलन में हिमांगी सखी को देश की पहली 'किन्नर शंकराचार्य' घोषित करते हुए उनका पट्टाभिषेक किया गया। आयोजन में राजस्थान के पुष्कर को पहली किन्नर शंकराचार्य पीठ घोषित किया गया। कार्यक्रम किन्नर वैष्णव अखाड़ा की ओर से आयोजित किया गया। इसमें किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास सहित विभिन्न राज्यों से आए संत-महात्मा और किन्नर समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए।


## ओछी राजनीति कर रही सुखू सरकार: जयराम

कांगड़ा (वार्ता)

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि सरकार राज्य की अर्थव्यवस्था को ठीक से प्रबंधित नहीं कर रही है और राजस्व घाटा अनुदान को लेकर ओछी राजनीति कर रही है। ठाकुर ने कांगड़ा जिले के ज्वालाजी विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान ऐतिहासिक ज्वाला जी मंदिर में पूजा-अर्चना की और राज्य के लोगों की खुशी, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और बाद में वे लखदाता पीर दंगल मेले में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए, जहाँ उन्होंने राज्य की सांस्कृतिक विरासत के हिस्से के रूप में पारंपरिक कुश्ती को बचाने की कोशिशों की तारीफ की।

## 22 अप्रैल से खुलेंगे बाबा केदारनाथ के कपाट

**देहरादून।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध तीर्थ केदारनाथ मंदिर के कपाट 22 अप्रैल को वृष लग्न में खोले जाएंगे। इसकी आधिकारिक घोषणा शीतकालीन गद्दीस्थल ओम्कारेश्वर मंदिर में विधि-विधान के साथ की गई। घोषणा के बाद से ही भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर समिति के अनुसार, बुधवार 22 अप्रैल सुबह 8 बजे शुभ वृष लग्न में कपाट खुलेंगे। इसी के साथ 6 महीने तक चलने वाली केदारनाथ यात्रा की शुरुआत हो जाएगी।



# आज खुलेगी धार भोजशाला की एएसआई रिपोर्ट

## 98 दिनों के सर्वे का सच आएगा सामने

**इंदौर/धार।** धार की ऐतिहासिक भोजशाला के भविष्य को लेकर सोमवार से इंदौर हाईकोर्ट में महत्वपूर्ण सुनवाई शुरू हो रही है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की 98 दिनों की वैज्ञानिक सर्वे रिपोर्ट को पहले ही दिन खोला जाएगा। यह रिपोर्ट पहली बार सार्वजनिक होगी। यह सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ में हो रही है। न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई करेगी, जो सूची क्रमांक 62 पर लिस्टेड है।

***तय होगा भोजशाला का भविष्य***- एएसआई की रिपोर्ट दोनों पक्षों के वकीलों और हिंदू-मुस्लिम समाज के पक्षकारों को दी जाएगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर भोजशाला के वास्तविक स्वरूप और धार्मिक भविष्य की दिशा तय होगी। रिपोर्ट से भोजशाला का ऐतिहासिक और धार्मिक सच सामने आ सकेगा। मामले के याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने रविवार को बताया कि वे खुद हाईकोर्ट में मौजूद रहेंगे और पूरी प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। इस ऐतिहासिक सुनवाई पर पूरे प्रदेश की निगाहें टिकी हैं, क्योंकि इसका फैसला भोजशाला के भविष्य के लिए निर्णायक साबित हो सकता है।

## मोटर दुर्घटना मामलों की निगरानी व्यवस्था सुधारें

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया है कि मोटर दुर्घटना के मामलों के लिए निगरानी व्यवस्था को ठीक से लागू करने के लिए सही फैसला लें और कदम उठाएं। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय व न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने पुलिस आयुक्त को याचिका में उठाई गई चिंताओं पर जल्द से जल्द सभी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही याचिका का निपटारा कर दिया। याचिकाकर्ता अनूप कुमार रामपाल ने सड़क हादसों की जांच कर रहे जांच अधिकारियों की तरफ से कई तरह की चूक पर चिंता जताई है।

# ...तो हम गिलोटिन का इस्तेमाल करेंगे

## केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने विपक्ष को दी चेतावनी



नई दिल्ली

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर 9 मार्च को बहस होगी। बहस के बाद प्रस्ताव पर वोटिंग की जाएगी। इसकी जानकारी केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दी। रिजिजू ने कहा कि स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर 9 मार्च को चर्चा होगी, क्योंकि इसे पहले दिन उठाने का नियम है। दरअसल बजट सेशन का दूसरा हिस्सा 9 मार्च से 2 अप्रैल तक चलेगा। रिजिजू ने कहा कि बजट सेशन का दूसरा हिस्सा काफी दिलचस्प होगा, क्योंकि कई जरूरी कानून और एक क्रिटिकल बिल संसद में पेश किए जाएंगे। रिजिजू ने कहा कि अगर विपक्ष सेशन के पहले हिस्से की तरह अपना विरोध जारी रखेगा, तो आखिर में उन्हें ही नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष सदन को चलने नहीं देगा, तो हम गिलोटिन का इस्तेमाल करेंगे। यह उनके लिए नुकसानदायक होगा।

# सबसे ज्यादा छापे पड़े, फिर भी कुछ नहीं मिला

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले पर बोले कार्ति चिदंबरम




नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने अपने खिलाफ चल रहे चीनी वीजा और ढ्ढहृङ्ग मीडिया मामलों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि उन पर सबसे ज्यादा छापे पड़े लेकिन कुछ भी साबित नहीं हुआ। उन्होंने आरोपों की धाराओं को अदालत में चुनौती दी है और कहा कि किसी सरकारी अधिकारी को प्रभावित करने का प्रमाण नहीं है। नई दिल्ली में चल रहे बहुचर्चित जांच मामलों के बीच कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने अपने खिलाफ दर्ज मामलों और छापों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उन पर सबसे ज्यादा छापे डाले गए, लेकिन जांच एजेंसियों को अब तक कुछ भी ठोस नहीं मिला। उन्होंने अपने खिलाफ चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग और वीजा से जुड़े मामलों को बेबुनियाद और अतिरंजित बताया। एक इंटरव्यू में कार्ति चिदंबरम ने कहा कि उनके खिलाफ चीनी वीजा और ढ्ढहृङ्ग मीडिया मामले जैसे केस बनाए गए, लेकिन इनमें तथ्य कमजोर हैं। उन्होंने कहा कि चीनी वीजा केस में जिस व्यक्ति का नाम लिया जा रहा है, वह अब जीवित नहीं है और उससे कभी पूछताछ भी नहीं हुई। उन्होंने दावा किया कि केस में किसी सरकारी अधिकारी का नाम तक साफ तौर पर नहीं जोड़ा गया, जबकि वीजा जारी करने का अधिकार सरकार के पास होता है। कार्ति चिदंबरम ने बताया कि उन्होंने सीबीआई केस में आरोप तय किए जाने को अदालत में चुनौती दी है। उनका कहना है कि भ्रष्टाचार निवारण कानून की जिन धाराओं के तहत केस बनाया गया, उनके जरूरी तत्व ही मौजूद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड में कहीं भी अवैध लाभ मांगने या लेने का प्रमाण नहीं है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनके विदेशी बैंक खाते और विदेश में संपत्तियां हैं, लेकिन कहा कि यह सब घोषित है और आरोप पत्र पढ़ने पर केस की कमजोरी साफ दिखती है।

### सरकार वीजा दे और दोष मुझ पर

कांग्रेस सांसद ने कहा कि अगर किसी को वीजा मिला तो वह सरकारी प्रक्रिया से मिला। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर उनकी सिफारिश मानना गलत था, तो फैसला लेने वाले अधिकारी पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। उन्होंने कहा कि केस में कई दूसरे लोगों से पूछताछ तक नहीं की गई। उनके मुताबिक, बिना पूरे तथ्यों के सिर्फ उनका नाम उछाला गया। उन्होंने कहा कि उन्हें खुद समझ नहीं आता कि इस कथित घोटाले में उनकी भूमिका बताई क्या जा रही है।

### एफआईआर और छापों पर कही ये बात

कार्ति चिदंबरम ने आईएनएक्स मीडिया केस का जिक्र करते हुए कहा कि जमानत आदेश में भी लिखा है कि उन्होंने किसी सरकारी अधिकारी को प्रभावित करने का कोई सबूत नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भारत में एफआईआर दर्ज करना सबसे आसान काम है और छोटी रकम के मामलों में भी बड़े पैमाने पर कानूनी खर्च किया जा रहा है। उनका आरोप है कि सरकार इन मामलों का इस्तेमाल ताकत का संदेश देने के लिए कर रही है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव का हवाला देते हुए कहा कि भारत में मुकदमे बहुत लंबा चलते हैं और जल्दी खत्म नहीं होते।

# ब्यौहारी में कानून व्यवस्था पर लग रहे सवालिया निशान

## देखते रह गये पटवारी और पुलिस, टेक्टर ले भागे खनिज के अवैध करोबारी

ब्यौहारी (स्वतंत्र मत)

थाना से महज कुछ ही दूरी पर मिट्टी और मुरुम का अवैध उत्खन्न करते टेक्टर को पुलिस और पटवारी द्वारा पकड़ा गया जिसे खनिज माफियाओ ने दबँगाई से छुड़ा कर ले गये और कोई कुछ नहीं कर पाया।यह पूरी घटना पुलिस और राजस्व के मौजूदगी मे हुआ जिस वजह से ब्योहारी मे क़ानून व्यवस्था पर लोगों द्वारा सवालिया निशान लगाये जा रहे है।



### शासकीय जमीन पर अवैध खनन

पटवारी रामपाल सिंह ने बताया कि व्यौहारी रेलवे क्षेत्र में अवैध रूप से मुरूम और मिट्टी खोदकर रेलवे में सप्लाई की जा रही थी। इसकी शिकायत लगातार तहसीलदार को मिल रही थी। शिकायत के आधार पर पहले पुलिस और पटवारी को मौके पर भेजा गया। बाद में स्वयं तहसीलदार मौके पर पहुंचे तो पाया कि बड़े पैमाने पर तेजी से अवैध खनन जारी है। मामले की सूचना तत्काल थाने को दी गई ।

### थाना प्रभारी का निर्देश हुआ फीका

सूत्रों के अनुसार, ट्रैक्टर मालिक की मौजूदगी में थाना प्रभारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था कि ट्रैक्टर को जब्त कर थाने लाया जाए और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके बावजूद न तो ट्रैक्टर थाने पहुंचा और न ही ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने आई है। सबसे गंभीर बात यह है कि तहसीलदार घंटों थाने में बैठे रहे, लेकिन न तो फरार ट्रैक्टर बरामद हुआ और न ही आरोपी को पकड़ा जा सका। इससे प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। राजस्व अमला खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उनका कहना है कि जब नगर के भीतर, थाने से कुछ ही दूरी पर इस तरह खुलेआम अवैध खनन और सरकारी कार्रवाई से बचने की घटनाएं हो रही हैं, तो भविष्य में वे कैसे सुरक्षित रह पाएंगे? यह घटना न केवल अवैध खनन माफियाओं के बढ़ते हौसले को दर्शाती है, बल्कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस की प्रभावशीलता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई होती है और फरार ट्रैक्टर व उसके मालिक को कब तक गिरफ्तार किया जाता है।

इनका कहना है –

अभी कुछ कार्यवाही नहीं हुई है। आवेदन दिये है तहसीलदार साहब बताये उनको बुलाये थे वो आये नहीं है। टेक्टर मालिक को तलब कर रहे है वो आयेगे तो बात करेंगे।

**जिआउल हक**
**थाना प्रभारी, ब्यौहारी**

# अवैध सट्टा खिलाने वाले गिरोह पर सोहागपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## राजेश सोनी उर्फ पप्पू और विनीत द्विवेदी उर्फ लालन पुलिस की गिरफ्त में

शहडोल (स्वतंत्र मत)

जिले में अवैध जुआ/सट्टा गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु शहडोल पुलिस द्वारा की जारही सतत् कार्यवाही के तहत थाना सोहागपुर पुलिस द्वारा अवैध सट्टा खिलाने वाले 02 आरोपियों पर कार्यवाही की गयी है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सोहागपुर गढ़ी क्षेत्र में राजेश सोनी उर्फ पप्पू पिता दानीराम सोनी अपने घर के सामने रूपये-पैसों की हारजीत की बाजी लगाकर अवैध सट्टा पर्ची लिखकर सट्टा का खेल खिला रहा है।

सूचना की तस्दीक उपरांत सोहागपुर पुलिस टीम द्वारा तत्काल रेड कार्यवाही की गई। मौके पर आरोपी राजेश सोनी उर्फ पप्पू को सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया। उसके कब्जे से निम्न सामग्री जप्त की गई 17 नग सट्टा पर्ची, 02 नग कार्बन के टुकड़े, नगदी रकम 17,810/- रुपये, 03 डाट पेन, 01 नग दस्ती, 01 नग कैलकुलेटर, 01 नग [illegible] कंपनी का चालू मोबाईल जप्त किया गया।

पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि वह अपने साथी विनीत द्विवेदी उर्फ लालन द्विवेदी निवासी सोहागपुर (हाल पता- जरवाही, थाना सोहागपुर) के साथ मिलकर सट्टा पर्ची का अवैध कारोबार संचालित कर रहा था। आरोपी राजेश द्वारा सट्टा पर्चियों का टोटल अंक मोबाइल फोन के माध्यम से विनीत द्विवेदी को भेजा जाता था तथा प्रतिदिन सट्टा बुकिंग एवं राशि का हिसाब दिया जाता था। पुलिस द्वारा आरोपी विनीत द्विवेदी उर्फ लालन द्विवेदी को दस्तयाब कर पूछताछ की गई, जिसने बताया कि वह इतवारी मोहल्ला, थाना कोतवाली जिला शहडोल निवासी एक अन्य व्यक्ति के साथ साझेदारी में सट्टा संचालन कर रहा था। आरोपी विनीत द्विवेदी के कब्जे से निम्न सामग्री जप्त की गई 01 नग सिंघई कंपनी का रजिस्टर (जिसके पृष्ठों में सट्टा के अंक लेख पाए गए), 01 नग कैलकुलेटर, 02 नग डाट पेन, 01 नग वीवो कंपनी का मोबाईल (जिसमें जियो कंपनी का सिम सक्रिय)

आरोपीगण- राजेश सोनी उर्फ पप्पू पिता दानीराम सोनी, उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 02 भंडारी मंदिर के पास, सोहागपुर गढ़ी, थाना सोहागपुर जिला शहडोल

विनीत द्विवेदी उर्फ लालन द्विवेदी, निवासी सोहागपुर (हाल पता जरवाही, थाना सोहागपुर) तथा अन्य एक व्यक्ति निवासी इतवारी मोहल्ला, थाना कोतवाली, जिला शहडोल के विरुद्ध पब्लिक गेंम्बलिंग एक्ट एवं बी.एन.एस. के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी सोहागपुर निरीक्षक अरुण कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में सउनि. संतोष कोल, प्र.आर. शैलेन्द्र रावत, प्र.आर. राजकुमार जायसवाल, आर. त्रिलोक सिंह, आर. विवेक झारिया एवं म.आर. मेनका धूमकेती की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा दे रही है प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना

शहडोल (स्वतंत्र मत)।

असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों श्रमिकों को बुढ़ापे में आर्थिक सहारा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना चलाई जा रही है। इस योजना की शुरुआत वर्ष 2019 में की गई थी, ताकि छोटे-मोटे काम करने वाले लोगों को 60 वर्ष की आयु के बाद नियमित पेंशन मिल सके।

इस योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों को 60 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद 3000 प्रति माह पेंशन प्रदान की जाती है। योजना में जितना अंशदान श्रमिक करता है, उतना ही योगदान केंद्र सरकार भी करती है। यह पेंशन आजीवन मिलती है और सदस्य की मृत्यु के बाद उनके पति या पत्नी को 50 प्रतिशत फैमिली पेंशन देने का भी प्रावधान है।

इस योजना का लाभ वे श्रमिक उठा सकते हैं जिनकी उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच हो और मासिक आय 15,000 से कम हो। इसमें मजदूर, रिक्शा चालक, घरेलू कामगार, किसान मजदूर, दुकानों में काम करने वाले कर्मचारी सहित अन्य असंगठित क्षेत्र के कामगार शामिल हैं। आवेदन के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता और मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है। साथ ही आवेदक का ईपीएफओ या एनपीएस का सदस्य नहीं होना चाहिए।

मासिक अंशदान योजना में अंशदान उम्र के अनुसार तय किया गया है। 18 वर्ष की उम्र में लगभग 55 प्रति माह, 25 वर्ष में लगभग 80 प्रति माह, 30 वर्ष में लगभग ?100 प्रति माह, 40 वर्ष में लगभग 200 प्रति माह इतनी ही राशि सरकार द्वारा भी जमा की जाती है

इच्छुक श्रमिक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के समय आधार कार्ड, बैंक पासबुक और मोबाइल नंबर साथ ले जाना आवश्यक है।

# महीनों से गायब पंचायत सचिव को ढूंढने ग्रामीणों की अनोखी पहल

## पंचायत भवन में लगाया लापता सचिव का पोस्टर किया चस्पा

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले के जनपद पंचायत बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत खरगहना में पंचायत सचिव की लंबी अनुपस्थिति से प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई है। हालात से नाराज़ सरपंच, पंच और ग्रामीणों ने पंचायत भवन में सूचना चस्पा कर सवाल उठाया है कि सचिव आखिर हैं कहाँ? ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत खरगहना के सचिव गोवर्धन मरावी बीते लगभग डेढ़ महीने से बिना सूचना के अनुपस्थित हैं। सचिव की मनमानीपूर्ण गैरहाजिरी के चलते ग्राम पंचायत के नियमित कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन योजनाओं सहित अन्य शासकीय कार्य ठप पड़े हुए हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।हालात से तंग आकर सरपंच, पंचों और ग्रामीणों ने पंचायत भवन की दीवारों पर लापता सचिव के पोस्टर चस्पा कर विरोध दर्ज कराया। पोस्टरों के माध्यम से प्रशासन से तत्काल सचिव की उपस्थिति या वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की गई है।







ग्रामीणों का कहना है कि सचिव की अनुपस्थिति को लेकर जनपद स्तर पर शिकायत, जनसुनवाई में आवेदन और पंचायत प्रस्ताव के माध्यम से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

शिकायतों की फाइलें कार्यालयों के चक्कर काटती रहीं, पर समस्या जस की तस बनी हुई है।पंचायत कार्यालय खुला होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी के नदारद रहने से कामकाज लगभग ठप है। ग्रामीणों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही सचिव की पदस्थापना या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, तो वे सामूहिक रूप से जनपद पंचायत कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होंगे।

# जरूरतमन्दों का विकास करना संतोष और सुख का विषय : पटेल

## संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यमंत्री पटेल

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहभागिता अत्यंत हर्ष और गौरव का अवसर है। आज का दिन उनके लिए प्रसन्नता और संतोष का दिन है तथा वे इस पावन अवसर पर आमंत्रित किए जाने के लिए आयोजक अयोध्या प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। मंदिर प्रांगण का निर्माण स्थानीय श्रद्धालुओं एवं जनसहयोग से किया गया हैए जो सराहनीय पहल है। ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में एकताए श्रद्धा और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। इस आशय के विचार पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने बड़ी सागौनी कला में शिरोमणि सदगुरु रविदास की प्रतिमा स्थापना एवं भंडारा कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय समिति द्वारा रखी गई मांगों पर राज्यमंत्री पटेल ने आश्वस्त किया कि मंदिर परिसर से संबंधित सड़क एवं नाली निर्माण सहित अन्य आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएंगे।



उन्होंने कहा कि श्जिन लोगों को वास्तविक आवश्यकता है, उनके बीच जाकर विकास कार्य करना संतोष और सुख का विषय है। उन्होंने मंदिर समितिए गुरुजनों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सागर में लगभग 101 करोड़ से अधिक की लागत से विश्व का सबसे विशाल संत शिरोमणि रविदास मंदिर एवं संग्रहालय निर्मित कराया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने संत जनों का पुष्प मालाओं और शालए श्रीफल भेंटकर सम्मान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## खेत का निरीक्षण कर दी महत्वपूर्ण सलाह

**दमोह।** नोहलेश्वर महोत्सव नोहटा में आयोजित किसान सम्मेलन में नीमच से आए औषधीय फसलों के विशेषज्ञ डॉ. शांति स्वरूप सारस्वत एवं परियोजना संचालक आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग जिला दमोह जेएल प्रजापति द्वारा नवाचारी कृषक ओंकार सिंह लोधी भाट खमरिया में अश्वगंधा फसल का निरीक्षण किया गया।

कृषक द्वारा 12 एकड़ में अश्वगंधा की फसल उगाई गई है। कृषक की फसल का निरीक्षण कर कृषक को सिंचाई करने एवं खरपतवार निकालने की सलाह दी गई तथा औषधीय फसलों के विक्रय हेतु बाजार उपलब्धता की जानकारी दी गई।

# नगर में निकला घोष संचलन

दमोह (स्वतंत्र मत)।

रविवार को संघ कार्यालय से स्वयंसेवकों द्वारा घोष संचलन करते हुए पलनंदी चौराहा, घंटाघर, हॉस्पिटल चौराहा, कीर्ति स्तंभ होते हुए जटाशंकर धाम पहुंचा, जहां पर स्थिर घोष बादन 30 मिनट चला। तत्पश्चात महेंद्र पटेल जिला सह कार्यवाह द्वारा अखिल भारतीय घोष दिवस के ऊपर प्रकाश डाला गया।



आज पूरे भारत में एक साथ महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा घोष बादन किया जा रहा है। संघ में घोष का विशेष महत्व है क्योंकि घोष वादन व्यक्ति में अनुशासन, एकरूपता साथ में चल कर एक दिशा में काम करने का भाव और ऐसे अनेक सकारात्मक विचार हमारे अन्दर उत्पन्न होते है। साथ ही कार्य की अधिकता के कारण शरीर में हुई थकावट से कार्य में आने बाली शिथिलता को स्फूर्ति में बदल देता है, ऐसे अन्य अन्य कारणों से संघ में घोष का अनिवार्य रूप हमारे प्रथम सर संघ चालक डॉ. केशव राव बलि राब, हेडगेवार पंत ने घोष शुरू किया।

दमोह नगर में 35 स्वयं सेवकों द्वारा घोष संचलन एवं जटाशंकर धाम में स्थिर घोष बादन किया गया।



## महाशिवरात्रि पर मैया अभियान के सेवादारों ने किया घाटों की सफाई अभियान

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** माँ की सेवा दिल से करने का संदेश देते हुए तीन वर्षों से निरंतर चल रहे मैया अभियान के सेवादारों ने रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हंस नगर उत्तर तट स्थित नर्मदा नदी घाट में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता सेवा के दौरान घाटों में फैली प्रदूषित सामग्रियों, प्लास्टिक, पूजन सामग्री एवं अन्य कचरे को एकत्रित कर हटाया गया। साथ ही स्नान कर रहे श्रद्धालुओं को नर्मदा जल में साबुन, सोडा एवं अन्य रासायनिक पदार्थों का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। सेवादारों ने दु:ख व्यक्त किया कि पर्व के दौरान घाटों पर अत्यधिक प्रदूषण फैलाया जाता है, जिससे माँ नर्मदा का जल प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि माँ नर्मदा की सच्ची सेवा यही है कि उनके जल को निर्मल रखा जाए तथा निर्माल्य, फूल-पत्तियों को जल में विसर्जित करने के बजाय अलग एकत्रित किया जाए।

कार्यक्रम के अंत में मैया अभियान चलता रहे एवं च्माई की सेवा दिल से कर जैसे नारों के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया गया। इस स्वच्छता सेवा में जिला आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते, प्राचार्य शाहिद खान, शिक्षक जितेन्द्र दीक्षित, नेहरू युवा केन्द्र समन्वयक आर.पी. कुशवाहा, प्रयास कोचिंग संचालक मनोज चौकसे, अरविंद मरावी, रविन्द्र गवले, विद्यार्थी माही बरोतिया, राकेश पंद्राम, देवेन्द्र पट्टा, नीरज कोरचे एवं महेंद्र उचेहरा सहित अन्य सेवादारों ने श्रमदान कर माँ नर्मदा की सेवा में योगदान दिया।

# जिले में कबड्डी का महाकुंभ- 52 टीमें ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाएंगी दमखम

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत शासन की राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (ऋन्न्र) योजना अंतर्गत नवाचार के रूप में कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डिंडौरी द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह प्रतियोगिताएं क्लस्टर, विकासखंड एवं जिला स्तर पर संपन्न होंगी।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता की नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन को नियुक्त किया गया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक (सर्व शिक्षा अभियान) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रतियोगिता 12 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग के लिए आयोजित की जा रही है।

**प्रतियोगिता की तिथियां**- क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता- 16 से 20 फरवरी 2026-विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता- 21 से 22 फरवरी 2026।



विकासखंड स्तर से चयनित टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

**विजेट टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार**-जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए आकर्षक नगद पुरस्कार घोषित किए गए हैं- प्रथम पुरस्कार- 21,000

**द्वितीय पुरस्कार- 11,000**
**तृतीय पुरस्कार- 5,100**
**सांत्वना पुरस्कार- 1,100**
**निर्धारित की गई है।**

- विकासखंडवार टीमों की भागीदारी

विकासखंड शहपुरा ङ्क कुल 8 टीमें (शहपुरा, बिछिया, अमेरा, मानिकपुर, कोहनी देवरी ढह, कछारी, बड़गांव, कस्तूर पिपरिया)। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता 17 फरवरी 2026 को रानी दुर्गावती स्टेडियम में आयोजित होगी।

विकासखंड करंजिया ङ्क कुल 7 टीमें (करंजिया, मुसामुंडी, रुषा, मेढ़ाखार, गोरखपुर, झांकी, गोपालपुर)। प्रतियोगिता 18 फरवरी 2026 को उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान करंजिया में होगी।

विकासखंड डिंडौरी ङ्क कुल 10 टीमें (प्राचीन डिंडोरी, कूड़ा, धूर्रा, नेवसा, शाहपुर, अझवार जामगांव, विक्रमपुर, कन्या विक्रमपुर, रयपुरा)। प्रतियोगिता 18 फरवरी 2026 को कन्या शिक्षा परिसर डिंडोरी में आयोजित होगी।

विकासखंड बजाग ङ्क कुल 7 टीमें (खरहगना, सागर टोला, बजाग, गाड़ासरई, कन्या बजाग, चाड़ा, लालपुर)। प्रतियोगिता 18 फरवरी 2026 को उत्कृष्ट विद्यालय बजाग में होगी।

विकासखंड समनापुर ङ्क कुल 6 टीमें (खुड़िया, मझगांव, समनापुर, गौरा कन्हरी, कुकर्रामठ, बम्हनी)। प्रतियोगिता 17 फरवरी 2026 को उत्कृष्ट विद्यालय मैदान समनापुर में होगी।

विकासखंड अमरपुर ङ्क कुल 7 टीमें (अमरपुर, कामको मोहनिया, निघोरी, सिधौली, कमरा सोडा, कन्या अमरपुर)। प्रतियोगिता 18 फरवरी 2026 को संदीपनी विद्यालय अमरपुर में आयोजित होगी।

विकासखंड मेहंदवानी ङ्क कुल 6 टीमें (मेहदबानी, सागर टोला, कनेरी, चौबीस, राई, कठौतिया)। प्रतियोगिता 18 फरवरी 2026 को उत्कृष्ट विद्यालय मेहदबानी में आयोजित होगी।

विकासखंड नोडल अधिकारियों द्वारा आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कबड्डी खेल विधा के विशेषज्ञों की ड्यूटी लगाई गई है तथा मैदान, निर्णायक, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है। जिले में पारंपरिक खेल कबड्डी के इस आयोजन से न केवल ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलेगा, बल्कि युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भी विकास होगा। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।



# नंदी में सवार होकर निकली बाबा बर्फानी की बारात, शिवमय हुई संस्कारधानी

## शिवरात्रि पर्व पर शहर भर में हुए विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को शहर के देवालयों में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। प्रसिद्ध कचनार सिटी के शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं, जहां लोग विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर रहे थे। बतां दें कि मंदिर का मुख्य आकर्षण खुले आसमान के नीचे स्थापित भगवान शिव की लगभग 76 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा है। दक्षिण भारत के कारीगरों ने इस प्रतिमा को तीन साल में पूर्ण किया था। इसका निर्माण कार्य 2003 में शुरू होकर 2006 में संपन्न हुआ। ध्यान मुद्रा में विराजमान महादेव की यह प्रतिमा दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। प्रतिमा के सामने नंदी का विशाल स्वरूप भी स्थापित है, जो मंदिर की भव्यता को बढ़ाता है। मंदिर की एक अन्य विशेष पहचान इसकी गुफा संरचना है, जिसके अंदर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिकृतियां स्थापित हैं। श्रद्धालु एक ही स्थान पर सोमनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, वैद्यनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, नागेश्वर, काशी विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, केदारनाथ और घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर सकते हैं। पुजारी पंडित सुरेंद्र दुबे के अनुसार, गर्भगृह में विराजित शिव परिवार का प्रतिदिन विशेष अभिषेक किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां की पूजा अत्यंत फलदायी होती है। महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरे दिन भजन, पूजन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का दौर जारी रहा, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा।



### धूमधाम से निकली भगवान शिव की बारात

महाशिवरात्रि के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी भर्तीपुर से भगवान शिव की धूमधाम से बारात निकाली गई। इस आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इधर सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पुलिस बल तैनात रहा।

# रसायन मुक्त सामग्रियां खरीदने जैविक हाट बाजार मे उमड़ रहा जनसैलाब

## प्रत्येक रविवार को कृषि उपज मंडी में लगाया जा रहा बाजार


**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जैविक उत्पादों के जागरूकता बढाने तथा जैविक कृषि कर रहे किसानों और उपभोक्ताओं के बीच सेतु का निर्माण करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा कृषि उपज मंडी में प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जा रहे जैविक हाट में इस रविवार को भी बड़ी संख्या में खरीदार पहुंचे और फल-फूल, साग सब्जी सहित जैविक उत्पादों की जमकर खरीदारी की। हर रविवार को जैविक हाट पहुंचना अब कईयों की आदत में शामिल गया है। रविवार को जैविक हाट में जिले के विभिन्न विकासखंडों के लगभग 35 जैविक किसानों ने सहभागिता की। किसानों द्वारा जैविक अनाजए दलहनए गिर गाय का दूध, बिलौना घी, सब्जियां, पिंक मूली, फल, कोल्ड प्रेस्ड तेल सहित विभिन्न जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया गया।

### कृषि अधिकारियों ने किया निरीक्षण

जैविक हाट में प्रेमधारा गिर गौशाला के संचालक और युवा तन्मय दास के जैविक खाद, बिनौला दूध, दही, मठा और मुनगा पाउडर, केपी सिंह के रेड डायमंड प्रजाति के अमरूद, एप्पल बेर और स्ट्रॉबेरी, ठाकुर विनय सिंह के मिर्च पाउडर, देशी घी और चिया बीज, भाग्योदय तेल मिल के तिल, नारियल, फल्ली, बादाम और अलसी का तेल तथा विश्वकर्मा नर्मदा प्रसाद जैविक मार्ट के मटर, लौकी, धनिया, शहद और मही जैसे जैविक एवं रसायन मुक्त उत्पाद प्रमुख आकर्षण रहे। जैविक हाट का संयुक्त संचालक कृषि के एस नेताम, उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने निरीक्षण किया। अनुविभागीय कृषि अधिकारी और जैविक प्रमाणन निरीक्षक डॉ इंदिरा त्रिपाठी के नेतृत्व में इस रविवार को जैविक हाट के सफल आयोजन की जिम्मेदारी विकासखण्ड शहपुरा के कृषि अधिकारियों ने संभाली।



## मंत्री राकेश सिंह ने किया पूजन-अर्चन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने महाशिवरात्रि के अवसर पर गौरीघाट स्थित साकेतधाम में रामेश्वर महादेव और नर्मदा का दर्शन और पूजन किया। उन्होंने नागरिकों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी और गुप्तेश्वर मंदिर में भी भगवान शिव के दर्शन और पूजन किया।

## सिहोरा में निकली भव्य बारात

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** देवो के देव महादेव एंव माता पार्वती के शुभ विवाह का दिन महाशिवरात्रि पर जहां बाबाताल में स्थापित भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने भक्तों की भीड़ लगी रही वहीं नगर के सभी शिवालयों में सुबह से ही सभी भक्तों ने पहुचकर पूजन अभिषेक किया वहीं उपवास रखकर घरो में भी भोलेनाथ की पूजा की।

इसी तरह बाबाताल से शंकरजी की भव्य बारात एंव ध्वज यात्रा निकली तो वहीं झंकार दुर्गोत्सव समिति द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन भी किया गया। शिवमंदिर बाबाताल से महादेव की भव्य बारात शोभायात्रा निकाली गई जो पुराना बस स्टेंड, गौरीतिराहा, झंडा बजार, कालभैरव चौक, मैना कुआं, हरदौल मंदिर से होकर निकली। बारात में शंकर पार्वती की झांकी के आगे सैकडों शिवभक्त डीजे की धुन पर नाचते गाते चल रहे थे उनके पीछे सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़ कुर्रो पिपरिया के संत सीताराम शरण जू महाराज रथ पर चल रहे थे।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थाने में प्रसन्न नामदेव उम्र 35 वर्ष निवासी पथरहा कुंआ के पास गोटेगांव जिला नरसिंहपुर ने सूचना देकर बताया कि उसके बड़े भाई देवेन्द्र नामदेव तथा उनका बेटा उदय नामदेव अपनी मोटरसाइकिल से गोटेगांव से जबलपुर किसी काम से आ रहे थे। ग्राम सहजपुर के पास धरमपुरा दीनू महाराज के ढाबा के पास किसी वाहन ने पीछे से उसके बड़े भाई देवेन्द्र की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया जिससे उसके बड़े भाई देवेन्द्र को हाथ पैर एवं उदय नामदेव को सिर चेहरे में चोटें आने से बेहोश हो गया था। जिसे उपचार हेतु मेडिक्ल कॉलेज में भर्ती कराया था। जहां पर उपचार के दौरान उदय नामदेव उम्र 15 वर्ष की मृत्यु हो गयी है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## बाथरूम में गिरने से युवक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थाने में नीरज पटेल उम्र 37 वर्ष निवासी बिलखरवा ने सूचना देकर बताया कि उसके बड़े पापा रतन पटेल के बेटे इंद्रपाल पटेल उम्र 45 वर्ष बाथरूम में गिर जाने से सिर में चोट आने से उपचार हेतु मेट्रो अस्पताल लेकर गये थे। जहां से नागपुर लेकर गये थे। नागपुर में भी उपचार में सुधार न होने से भाई इंद्रपाल को वापस जबलपुर लाकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां पर उपचार के दौरान इंद्रपाल पटेल की मृत्यु हो गयी है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अधारताल थाने में ट्रैकमैन उमेश यादव उम्र 33 वर्ष निवासी पटेल नगर महाराजपुर ने सूचना देकर बताया कि शोभापुर अधारताल के बीच तिनपुलिया के पास कोई अज्ञात पुरूष उम्र लगभग 45 वर्ष की ट्रेन से कटने से मृत्यु हो गयी है। अज्ञात मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास किये गये जिस पर मृतक की शिनाख्त लखन लाल रजक उम्र 30 वर्ष निवासी व्हीकल मोड व्हीएफजे के रूप मे हुई। पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।

# भव्यता एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ वार्षिक उत्सव

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

सरस्वती शिशु मंदिर जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक का वार्षिक उत्सव समारोह सृजनोंस्तव हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि डॉ राजेंद्र कुडरिया कुलगुर अवधेश प्रताप सिंह विश्व विद्यालय रीवा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभावना के निर्माण की सुदृढ़ आधारशिला होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में उच्च आदर्श स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। छात्र छात्राओं को जीवन जीने के मंत्र दिए विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अभिलाष पांडे विधायक उत्तर मध्य विधान सभा एवं विद्यालय के पूर्व छात्र ने छात्र जीवन की यादें ताजा की छात्र छात्राओं को विधालय के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया उन्होंने कहा कि इस विद्यालय ने देश को इंजीनियर डॉक्टर जन प्रतिनिधि शिक्षक व्यापारी प्रोफेसर दिए है। डॉ सुधीर अग्रवाल ने विद्या भारती की संकल्पना को बताया उन्होंने विद्याभारती से पढ़कर निकले हुए छात्रों की पदस्थपना कहा कहा है इसकी जानकारी दी । कार्यक्रम की अध्यक्षता एड जिनेंद्र कुमार जैन ने की उन्होंने सभी अतिथियों के द्वारा दिए गए उद्बोधन का सार बताया इस अवसर पर एड सचिन अग्रवाल डॉ निलेश पांडे, डॉ अनुपम चौधरी एवं डॉ बृजेश दत्त अर्जरिया दीपांकर बैनर्जी इंद्र दत्त ऊरमालिया अभिषेक अग्रवाल रवींद्र जैन अभिषेक जसाटी। नितिन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, नृत्य-नाटिका एवं प्रेरक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति का सजीव चित्र प्रस्तुत किया। छात्रा को डॉ वीके चौधरी स्वर्ण पदक 12 वी कक्षा में सर्वोच्च अंक अर्जित करने पर डॉ अनुपम चौधरी ने प्रदान किया। मेधावी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य शुभांगी नायक ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की वर्षभर की उपलब्धियों की जानकारी दी तथा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जहरीली मिठाई मामला, इलाज के दौरान एक ने तोड़ा दम



जबलपुर

भेड़ाघाट स्थित त्रिपुर सुंदरी मंदिर में प्रसाद स्वरूप चढ़ाई गई मिठाई खाने से परिवार के 19 लोग बीमार हो गए। इनमें नागपुर में इलाजरत 45 वर्षीय प्रो इंद्रपाल पटेल की रविवार को मौत हो गई। जबकि सात लोगों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। बतां दें कि गुरुवार को हुई इस घटना के दो दिन बाद शनिवार को खाद्य विभाग ने बीकानेर मिष्ठान दुकान से सैंपल लेकर जांच के लिए भोपाल भेजे हैं। अधिकारियों ने बताया कि तीन से चार दिन में रिपोर्ट आने की संभावना है। भेड़ाघाट निवासी इंद्रपाल पटेल एलएनसीटी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर थे।

## सुहागले की मिठाई बनी जहर

परिवार में सुहागल के चलते उक्त दुकान से करीब चार किलो मिठाई खरीदी थी, जिसे त्रिपुर सुंदरी मंदिर में अर्पित करने के बाद परिवार की महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया, जिसके कुछ घंटे बाद ही लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। गुरुवार रात तक 19 लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए। इनमें छह बच्चे और 11 महिलाएं शामिल थीं। रामरतन पटेल, बत्ती पटेल, दिलीप पटेल, रूपाली पटेल, कैलाश पटेल, नीरज पटेल अभी भी निजी अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं विजय पटेल श्रीधाम हॉस्पिटल गोटेगांव में इलाजरत हैं

# शिक्षा का उद्देश्य सर्विस ही नहीं सेवा भी हो: ऐलक नम्र सागर

सिवनी (स्वतंत्रमत )



जैन मंदिर लखनादौन में विराजमान आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर महाराज जी के शिष्य ऐलक नम्र सागर महाराज जी ने अपने उद्बोधन में कहा शिक्षा का उद्देश्य केवल सर्विस नहीं सामाजिक सेवा और परोपकार की श्रेष्ठ भावना भी होना चाहिए पुस्तकों से ज्ञान मिलता है साहस और पराक्रम हमें पैदा करना पड़ता है , गाय दूध देती है घी हमें बनाना पड़ता है बच्चों को घर में समझाइस देना उन्हें जीवन का उद्देश्य समझाना यह किसी ट्यूशन कोचिंग क्लास से कम नहीं, सिर्फ किताबें ही पढ़ाई नहीं है जीवन की कला सीखना भी श्रेष्ठ पढ़ाई है, बेस्ट एजुकेशन है, महाराज श्री ने कहा बच्चे ट्यूशन कोचिंग होमवर्क टेस्ट एग्जाम में ही सिमट चुके हैं खेल के मैदान सुनने पड़े हैं, मोबाइल ने उनसे उनका बचपन छीन लिया ,, ना प्रगति से प्रेम ना समाज से मतलब, ना मां-बाप की फिक्र,, केवल गेम ,, इस पर हमें सुधार करना होगा यदि आप बच्चों को स्वस्थ देखना चाहते हैं उन्हें खेल के मैदान पर ले जाइए , उनके साथ खेलिये,उनके साथ हंसीये, उनके साथ समय बताइए उनका घर के काम में लगाइए , परीक्षा में नंबर कम आने से जीवन का मूल्यांकन काम नहीं होता जिंदगी नंबरों से बड़ी होती है जिंदगी डिग्री से परे होती है साहस और पराक्रम की कोई डिग्री नहीं होती शिक्षा ऐसी है जो हमें मुसीबत में भी मजबूत रखें इसके लिए हमें शिक्षा और संस्कार मिलना होगा,, लखनादौन जिन मंदिर में पूज्य महाराज श्री द्वारा नित्य सुबह अभिषेक ,शांति धारा, प्रवचन , दोपहर में धार्मिक धार्मिक ग्रंथो पर बाचन ,, शाम को आचार्य भक्ति गुरु भक्ति से धर्म की गंगा ओर समाज में धर्म का माहौल बना हुआ है,, पूज्य महाराज श्री द्वारा धर्म रूपी गंगा में समाज के सभी वर्गों के लोग निरंतर धर्म सभा में पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं कार्यक्रम कार्यक्रम में मंच संचालन जैन समाज के अध्यक्ष विजय जैन के द्वारा किया जा रहा है।

# आंगनवाड़ी केंद्र गोद लेकर हितकारिणी सभा ने की सराहनीय पहल

## हितकारिणी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने किया आंगनवाड़ी केंद्रों का शैक्षणिक भ्रमण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




हितकारिणी महिला महाविद्यालय के कला विभाग की छात्राओं द्वारा 14 फरवरी को आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 26 एवं 17 में शैक्षणिक इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली से व्यावहारिक रूप से अवगत कराना था।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीलेश पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में खेल अधिकारी दिनेश ठाकुर तथा कला विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता बाजाज के निर्देशन में छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. फरहाना खान, डॉ. अंजली ठाकुर एवं समीक्षा तिवारी सहित अन्य प्राध्यापकों का विशेष सहयोग रहा। हितकारिणी सभा द्वारा उक्त आंगनवाड़ी केंद्र को गोद लिया गया है।

### शिक्षण स्तर को सुदृढ़ बनाने संस्था के प्रयास

संस्था द्वारा केंद्र के सर्वांगीण विकास, संसाधनों की उपलब्धता तथा बच्चों के पोषण एवं शिक्षण स्तर को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। आंगनवाड़ी केंद्र के परियोजना अधिकारी रितेश दुबे, सुपरवाइजर आरती पांडे, कार्यकर्ता अमिता चौबे एवं जागृति जाट तथा सहायिका आरती नामदेव ने छात्राओं को पोषण आहार वितरण, टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रारंभिक शिक्षा संबंधी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। छात्राओं ने बच्चों के साथ शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता कर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। इस शैक्षणिक भ्रमण को सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिससे छात्राओं में सेवा भावना एवं समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित होगा।

# विधायक कंफ्यूज: माईनिंग का नहीं, नियमों का विरोध

## पचामा-दादर में बॉक्साईड खनन की जनसुनवाई का होगा विरोध



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले के दक्षिण बैहर क्षेत्र में बॉक्साईड खनन को लेकर सरकार ने जनसुनवाई आगामी 18 फरवरी को रखा हैं, जिसका विरोध कांग्रेस जिलाध्यक्ष व विधायक संजय उइके के नेतृत्व में आदिवासी ग्रामीण कर रहें है। इसी विरोध को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित की गई, लेकिन इसमें विधायक स्वयं ही कंफ्यूज नजर आए, वह बोले की माईनिंग का विरोध नहीं कर रहें हैं। हम सरकार ने जो नियमों की अनदेखी की है। ऐसे इस बात का विरोध है। विधायक खुद शुरू से सिर्फ नियमों की अनदेखी के बारे में बता रहे थे लेकिन खुलकर माइनिंग का विरोध नहीं कर रहे थे। लेकिन जब पत्रकारों ने विधायक से कहा कि अपना स्टैंड साफ करें, तब जाकर आखिर में उन्होंने कहा कि वनों में आदिवासियों के देवता बसते हैं ऐसे में हम देवताओं को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। गत दिवस को कुछ कांग्रेसियों के साथ प्रेस वार्ता में विधायक संजय उइके के पर आरोप लगाते हुए बताया था कि उन्होंने कोई भी विधानसभा में आदिवासियों के हितों में प्रश्न नहीं उठाए हैं। ज्ञात हो कि ग्राम पचामा-दादर में खनन हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रक्रिया के अंतर्गत आगामी 18 फरवरी को लोकसुनवाई रखी गई हैं। प्रस्तावित लीज क्षेत्रफल 35.90 हेक्टेयर है तथा खनन क्षमता 30,139.20 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष निर्धारित की गई है। खनन स्वीकृति से पूर्व स्थानीय सहमति, वनाधिकार मान्यता और पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर उठे सवालों के बीच विरोध तेज हो गया हैं। इसी को लेकर गत दिवस उकवा में चक्काजाम किया गया था। जिसको लेकर फिर कांग्रेस जिला अध्यक्ष व विधायक संजय उईके, मंशाराम मड़ावी (सदस्य, जिला पंचायत), द्रोपकिशोर मरावी की मौजूदगी में बालाघाट के सर्किट हाउस में 15 फरवरी को प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

*खनिज उत्खनन पर रोक लगाई जाए*- कांग्रेस विधायक संजय उइके ने कहा कि बिना विधिवत प्रक्रिया (पीएल) के माइनिंग लीज स्वीकृत किए जाने की कोशिश की जा रही है, जो ग्रामसभा के अधिकारों का उल्लंघन है। सहमति लिये बिना ही दादर बॉक्साइट ब्लॉक उत्खनन की स्वीकृति प्रक्रिया आगे बड़ाई जा रही है, जो संवैधानिक एवं वैधानिक प्रावधानों के विपरीत है। जबकि पेसा एक्ट 1996 तथा नियम 2022 के नियम 27 के तहत ग्राम सभाओं को वन संसाधन अधिकार दिये जाने का प्रावधान है। प्रस्तावित खनन क्षेत्र के ग्रामों को संभावित ग्राम मानते हुए वन अधिकार दिये जाने की बात कही जा रही है। ऐसे में वनाधिकार मान्यता कानून 2006 की धारा 4(5) के अनुसार अधिकार सुनिश्चित किये बिना खनन स्वीकृति एवं जनसुनवाई की तिथि तय करना विधि संगत नहीं है। संविधान की पांचवी अनुसूची अनुच्छेद 244(1) के तहत अधिसूचित क्षेत्रों में वनों की कटाई, सागौन वृक्षारोपण एवं खनिज उत्खनन पर रोक लगाई जाए।

*विधायक ही कंफ्यूज नजर आए*- प्रेसवार्ता के दौरान विधायक संजय उइके स्वयं ही कंफ्यूज नजर आए कि वह माइनिंग का विरोध कर रहे हैं या उसकी प्रोसेस का विरोध कर रहे हैं। उन्होने कहा कि हम माइनिंग का विरोध नहीं कर रहे हैं, सरकार का विरोध कर रहे हैं। मीडिया के सवाल पर फिर विधायक बोले कि लॉंगुर और पचामा दादर में खनन के लिए जनसुनवाई को आगे बढ़ाना चाहिए। हम 18 फरवरी को होने वाली जनसुनवाई में हम भाग नहीं लेंगे और हम आंदोलन करेंगे। हम तो अपने पर्यावरण, देवी देवताओं की रक्षा करना चाहते हैं और जहां जंगल है वहां खनन नहीं होने देंगे।

*संजय उइके ने आदिवासियों के हित में काम नहीं किया..*- गत दिवस को शनिवार को एसटी, एससी और ओबीसी क्रांति मोर्चा के प्रतिनिधियों में अखिल प्रधान जनजाति महासंघ के राष्ट्रिय प्रवक्ता ने कहा कि जनजाति वर्ग से चुनकर आने वाले बैहर के विधायक संजय उइके के द्वारा जल-जंगल-जमीन की बात करने वाले विधायक विधानसभा में आदिवासी हितों में एक भी प्रश्न नहीं उठाए हैं। बाक्साईड खनन को लेकर कहा कि जीआर जब साईन हो रहा था तब विधायक कहा थे, उसी समय विरोध जताया जाना था विधायक को विधानसभा में डीएसी की मांग करना था जबकि मध्यप्रदेश के डीएसी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पास हैं।

## नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को

उमरिया (स्वतंत्रमत)। न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोकअदालत में न्यायिक प्रकरण आपराधिक, सिविलि, श्रम, मोटरयान दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय के लंबित,प्रिलिटिगेशन के समझौता योग्य प्रिलिटिगेशन के रूप में सभी बैंकों के प्रकरण, नगर पालिका समकेतिक कर एवं जलकर एवं विद्युत प्रकरणों का निराकरण भी किया जावेगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया ने अधिवक्ताओं एवं जनमानस से अपील की है कि वे नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा आपसी सुलह समझौता के माध्यम से 14 मार्च 2026 को निपटारा कराएं एवं नेशनल लोक अदालत का फायदा उठाएं।

# शंकरघाट में उमड़ा आस्था का सैलाब

## अर्धनारीश्वर स्वरूप में हुए भोलेनाथ के दर्शन

बालाघाट (स्वतंत्र मत)



वैनगंगा नदी के तट पर स्थित प्राचीन एवं चमत्कारी सिद्ध स्थल शंकरघाट में महाशिवरात्रि पर्व पर आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। रविवार को अलसुबह से ही भगवान शिव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस पावन अवसर पर भक्तों को भगवान शिव के अर्धनारीश्वर स्वरूप में दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिससे पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से भर दिया। बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन द्वारा एलईडी स्क्रीन के माध्यम से शिवपूजन का लाइव प्रसारण किया गया, जिससे दूर खड़े श्रद्धालु भी विधिवत पूजा-अर्चना के साक्षी बन सके। वहीं, श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें गुल्फी का वितरण किया गया। शिवरात्रि के इस पावन पर्व पर शंकरघाट में भगवान शिव के अर्धनारीश्वर स्वरूप का विशेष चित्रण देखने को मिला। यह स्वरूप पुरुष (शिव) और प्रकृति/शक्ति (पार्वती) के मिलन का प्रतीक माना जाता है। एक ही शरीर में आधा पुरुष और आधा स्त्री का यह दिव्य रूप सृजन, संतुलन और ब्रह्मांडीय ऊर्जा का संदेश देता है। श्रद्धालुओं के लिए यह दर्शन न केवल आस्था का विषय रहा, बल्कि आध्यात्मिक चेतना और समरसता का भी प्रतीक बना। बता दें कि करीब 150 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक मंदिर के गर्भगृह के नीचे एक और अत्यंत प्राचीन गर्भगृह स्थित है, जो श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। मंदिर परिसर में 10वीं शताब्दी की दुर्लभ शिव-पार्वती प्रतिमाएं भी स्थापित हैं, जो इस स्थल के प्राचीन और सांस्कृतिक महत्व को और अधिक बढ़ाती हैं।

# आदि-जोहार द्वारा आयोजित सांस्कृतिक मिलन 'रेला' सम्पन्न

## कार्यक्रम में 11 विदेशी प्रतिभागी भी हुए शामिल

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

विकासखंड किरनापुर के ग्राम नंदोरा (पंचायत बक्कर) में 1 से 8 फरवरी तक 'रेला' नामक सांस्कृतिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन आदि-जोहार समूह के तत्वाधान में विभिन्न आदिवासी समुदायों एवं देश-विदेश से आए प्रतिभागियों के बीच सांस्कृतिक संवाद और सहभागिता के उद्देश्य से सम्पन्न हुआ। आमंत्रण आधारित (इनवाइट ओनली) इस कार्यक्रम में पूर्व पंजीकरण अनिवार्य था। प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित हुए इस आयोजन में विभिन्न देशों से 11 प्रतिभागी, भारत के अलग-अलग शहरों से 25 प्रतिभागी शामिल हुए। साथ ही कांकेर एवं नारायणपुर (छत्तीसगढ़) से मुरिया समुदाय के 95 सदस्य, कवर्धा से बैगा समुदाय के 11 सदस्य, आमगराढ़ से माडिया समुदाय के 14 सदस्य तथा पश्चिम बंगाल से संथाल समुदाय के 11 सदस्यों ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक एवं लोक संगीत, सामूहिक नृत्य, सांस्कृतिक संवाद, कला एवं हस्तशिल्प के माध्यम से विभिन्न समुदायों ने अपनी जीवन शैली, परंपराओं और अनुभवों को साझा किया। प्रस्तुतियां मुख्यतः प्राकृतिक वातावरण के अनुरूप सीमित ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के साथ आयोजित की गईं। यह आयोजन पूर्णतः सामूहिक सहयोग से सम्पन्न हुआ। शहरों एवं विदेशों से आए प्रतिभागियों ने स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग प्रदान किया, वहीं आदिवासी समुदायों ने चावल, पत्तलों हेतु पत्ते तथा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए भोजन के लिए पत्तलों का उपयोग किया गया, स्थल पर कचरा पात्रों की व्यवस्था की गई तथा प्लास्टिक अपशिष्ट को पृथक एकत्र कर पुनर्चक्रण हेतु भेजा गया। पार्किंग की व्यवस्था निजी भूमि पर की गई और प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड किट उपलब्ध रही।

# रेडियो किसान दिवस पर धपेरा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

## कृषि जागरूकता पर दिया गया जोर

बालाघाट(स्वतंत्र मत)




कृषि के प्रचार-प्रसार में रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए आकाशवाणी बालाघाट (प्रसार भारती) द्वारा रेडियो किसान दिवस के अवसर पर ग्राम धपेरा (मोहगांव) में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, बैंक प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे, उपसंचालक कृषि फूल सिंह मालवीय, सहायक संचालक कृषि राजेश खोबरागड़े, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम समन्वयक एस.आर. धुवारे, वैज्ञानिक रमेश अमूले (राजा भोज कृषि महाविद्यालय), डॉ. बावसकर दत्ता (केंद्रीय रेशम बोर्ड), सहायक यांत्रिक कृषि अभियांत्रिकी मुकेश कुलस्ते, एलडीएम संजीव कुमार, सहायक निदेशक आकाशवाणी कुंवर विक्रम सिंह, कार्यक्रम अधिकारी धीरज कुमार, सरपंच प्रतिनिधि साधुराम कवाचे एवं प्रगतिशील कृषकों की उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी धीरज कुमार ने रेडियो किसान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेडियो आज भी जनसंचार का सबसे सशक्त एवं विश्वसनीय माध्यम है, जो ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक त्वरित और सटीक जानकारी पहुंचाता है। प्राकृतिक आपदाओं, कृषि सलाह, स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा के क्षेत्र में रेडियो की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

सहायक निदेशक कुंवर विक्रम सिंह ने कहा कि आकाशवाणी बालाघाट द्वारा किसानों के अनुभव, कृषि तकनीक और योजनाओं की जानकारी किसानवाणी जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से श्रोताओं तक पहुंचाई जा रही है। डिजिटल युग में भी एफएम, सामुदायिक रेडियो और ऑनलाइन स्ट्रीमिंग के माध्यम से रेडियो की पहुंच निरंतर बढ़ रही है।

मुख्य अतिथि लोकेश लिल्हारे ने कहा कि रेडियो का महत्व पहले भी था और आज भी है। कृषि में नई तकनीकों की जानकारी किसानों तक पहुंचाने में आकाशवाणी की अहम भूमिका है। उन्होंने किसानों से अपील की कि प्रसारित कार्यक्रमों से जुड़कर आधुनिक खेती अपनाएं।

उपसंचालक कृषि फूल सिंह मालवीय ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती, फार्मर आईडी बनाने, तथा दलहनी एवं तिलहनी फसलों को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। सहायक संचालक राजेश खोबरागड़े ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती के साथ आधुनिक तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की।

कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यक्रम समन्वयक ने नवीनतम अनुसंधान एवं तकनीकों की जानकारी दी। केंद्रीय रेशम बोर्ड के डॉ. बावसकर दत्ता ने रेशम पालन की तकनीक पर प्रकाश डाला, जबकि जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक संजीव कुमार ने किसानों के लिए बैंक योजनाओं की जानकारी साझा की।

इस अवसर पर मन की बात में उल्लेखित कटंगी की प्रगतिशील कृषक सोमा उइके सहित जिले के उन्नत कृषकों का सम्मान आकाशवाणी बालाघाट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में तकनीकी स्टाफ, कृषि विभाग के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य रेडियो के माध्यम से कृषि संबंधी जानकारी का व्यापक प्रसार कर किसानों को आधुनिक एवं आत्मनिर्भर खेती की ओर प्रेरित करना रहा।

# कोर एवं बफर जोन में बिना मुंडेर वाले कुओं पर बनाए जा रहे मुंडेर

उमरिया (स्वतंत्रमत)

वन एवं राजस्व सीमांतर्गत कोर एवं बफर क्षेत्र में बिना मुंडेर वाले कुओं पर मुंडेर बनाने का निर्माण किया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम रायपुर में बिना मुंडेर वाले कुओं में वन रहे मुंडेर का औचक निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीईओ ने बताया कि कोर और बफर क्षेत्र में ऐसे चार हजार कुएं है, जो बिना मुंडेर के है। सभी कुओं को चिन्हित कर सभी पर मुंडेर का निर्माण कार्य किया जा रहा है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की जन हानि, पशु हानि नही हो सके इन्होंने कहा कि बिना मुंडेर वाले कुओं में मुंडेर बन जाने पर दुर्घटनाएं घटित होने की आशंका कम से कम रहेगी। निरीक्षण के दौरान खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खनिज विभाग ने अवैध गिट्टी परिवहन करते डम्फर किया जब्त



उमरिया (स्वतंत्र मत)

खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम में लगातार कार्यवाही जारी है। जिले में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में प्रभारी खनिज अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो की टीम द्वारा शनिवार 14 फरवरी को 01 वाहन डम्फर एमपी 54 जेडबी 6272 को मय खनिज गिट्टी-डस्ट के परिवहन करते जप्त किया गया है, जिसे पुलिस थाना चंदिया में शासकीय सुरक्षा में रखवाया गया है । उक्त वाहन पर म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है तथा संयुक्त अमले द्वारा कलेक्टर उमरिया के निर्देशन में लगातार सघन जाँच की जा रही है।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी उमरिया के स्वागत से अभिभूत हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी



उमरिया (स्वतंत्रमत)

शुक्रवार 13 फरवरी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम शहडोल जाने के क्रम में जिला उमरिया में जगह जगह स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया के अध्यक्ष इंजिनियर विजय कोल के निर्देशन में में, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उमरिया द्वारा ब्लाक अध्यक्ष मिथलेश राय के नेतृत्व में भरौला बस स्टैंड पास भारी संख्या में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और महिलाओं की उपस्थित में भव्य स्वागत किया गया। उमरिया ब्लाक अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी गदगद दिखे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जी ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों, जनता के ऊपर हो रहे अन्याय के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कांग्रेस के संघर्ष को मजबूत करने का निर्देश दिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जी से मिलकर पार्टी कार्यकर्ता खुश एवं उत्साहित दिखे, और सैकड़ो की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता अपने नेता का इंतजार किये और उनसे मुलाकात के बाद जोश में दिखे। स्वागत कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजिनियर विजय कोल, ब्लाक अध्यक्ष मिथलेश राय, पुष्पराज सिंह, शिशुपाल यादव, वीरेंद्र सिंह सेंगर, ध्रुव सिंह, विजय सिंह, राहुल देव सिंह, संजय सिंह, अंजू सिंह, बालकृष्ण यादव, गंगा बाई कुशवाहा, अनीता सिंह, पवन लोनी, गौरी शंकर मिश्रा, हर्ष सिंह, रोशनी सिंह,इंद्रकुमार महार राजाराम राय,माया सिंह,अश्वनी असाटी, सुशील, चिरौंजिया, धनेश, जागेश्वर, राजेश, विनय रैदास, लल्लू रैदास, विनोद यादव, ओमप्रकाश साहू, संजय कुमार कोल, रमेश चंद्र मौर्य, अजय असाटी, यज्ञ नारायण परोहा, अजय राय, महेंद्र राय, राजेश यादव, गणेश यादव, अमित यादव, सेवालाल रजक, कमलेश यादव, सत्यप्रकाश साहू, हर्ष सिंह परिहार संजय साहू, भगवानदास नापित, मिट्ठूलाल यादव, गरीबदास बैगा, रविशंकर विश्वकर्मा, शकुंतला सिंह धुर्वे, सरिता सोनी, दयाराम रैदास, अतिथ यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# 20 से 22 फरवरी तक होंगी गिद्धों की गिनती

## वृत्त स्तरीय गिद्ध गणना कार्यशाला संपन्न

उमरिया (स्वतंत्र मत)

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ईको सेंटर ताला में प्रदेशव्यापी शीतकालीन गिद्ध गणना वर्ष 2025-26 हेतु वृत्त स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वन वृत्त शहडोल अंतर्गत उत्तर शहडोल, दक्षिण शहडोल, उमरिया, अनूपपुर एवं बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया के समस्त उप वनमण्डलाधिकारी तथा परिक्षेत्र अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में वल्चर कमेटी के सदस्य एवं मास्टर ट्रेनर दिलशेर खान द्वारा मध्य प्रदेश में देखे जाने वाले स्थायी एवं प्रवासी गिद्ध प्रजातियों की पहचान एवं रहवास के सम्बंध में प्रस्तुतीकरण दिया गया। कार्यशाला में मोहन नागवानी द्वारा इस वर्ष गिद्ध गणना में प्रयोग किए जाने वाले मोबाइल एप्लीकेशन संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में उपस्थित क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया द्वारा प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना में गिद्ध संरक्षण में महत्व पर जानकारी प्रदान की गई। उप संचालक बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व द्वारा कार्यशाला में उपस्थित समस्त अधिकारियों को मैदानी अमले को भी प्रशिक्षण प्रदाय करने के निर्देश दिए। कार्यशाला के अंत में आभार प्रदर्शन उपवनमंडल अधिकारी पनपथा द्वारा किया गया। मध्य प्रदेश में 20 फरवरी से 22 फरवरी तक मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से गिद्ध गणना की जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य क्षेत्रीय अधिकारियों एवं वन कर्मचारियों को गणना हेतु नवीन पद्धतियों से अवगत कराकर प्रशिक्षण प्रदान करना था। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार हिमालयन ग्रिफन और यूरेशियन ग्रिफन जैसी गिद्धों की नई प्रजातियां भी दिखाई दे सकती हैं। अभी तक यहां गिद्धों की चार किस्में मिलती हैं, लेकिन इस बार तीन और नई प्रजातियों के मिलने की उम्मीद है।

# साढ़े पांच करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का मानपुर विधायक सुश्री मीना सिंह ने किया भूमिपूजन

मानपुर (स्वतंत्रमत)




शुक्रवार 13 फरवरी को मानपुर विधायक ने अपने क्षेत्र वासियो को एक और सौगात दी और विकास की धारा कही जाने वाली सड़क की आधारशिला रखी। मानपुर विकास खंड अंतर्गत ग्राम कसेरू में मझौली मोड़ से उमरिया बकेली मार्ग निर्माण कार्य जिसकी लागत राशि 5 करोड़ 50 लाख 85 हजार है। भूमि पूजन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माननीय सुश्री मीना सिंह जी लोकप्रिय विधायक विधानसभा मानपुर एवं अध्यक्षता श्रीमती ममता सिंह जी जनपद अध्यक्ष मानपुर एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती सावित्री मौजीलाल चौधरी, श्रीमती सिया बाई जायसवाल सरपंच जी गरिमामयी उपस्थिति में भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला महामंत्री हरीश विश्वकर्मा,वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष अमृतलाल जायसवाल, वरिष्ठ नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य मौजीलाल चौधरी, वरिष्ठ नेता केशव गुप्ता, प्रभात चतुर्वेदी, धानूलाल प्रजापति जनपद सदस्य, प्रेमलता बर्मन जिला सहकोषाध्यक्ष,मंडल अध्यक्ष अमरपुर सचिन सिंह, इन्दवार मंडल अध्यक्ष सोमचंद रजक, मानपुर मंडल अध्यक्ष राममोल केवट, बिजौरी मंडल अध्यक्ष हरिहर चतुर्वेदी, घुनघुटी मंडल अध्यक्ष अशोक नायक, पाली नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी, प्रदीप तिवारी मंडल महामंत्री मानपुर, राजबहादुर सिंह, देवदत्त तिवारी, श्रीलाल विश्वकर्मा, राजबहादुर लोनी, रामप्रसाद विश्वकर्मा, नीरज सिंह परिहार, नीरज पांडे, अमन मिश्रा, दिनेश गुप्ता,अजय शर्मा, अरुण चतुर्वेदी, जगजीवन चौधरी, अमृतलाल चौधरी, राजेन्द्र तिवारी, शिवानन्द द्विवेदी, शिवप्रसाद यादव, सुरेश चौधरी, प्रकाश चन्द्र द्विवेदी, मनीष द्विवेदी, रामेश्वर जायसवाल, शुक्रदास बुनकर, राकेश बर्मन,प्रदीप जाय0, भण्डारी जायसवाल,भीम जायसवाल,बसंत जायसवाल,उमेश जायसवाल,विकास छोटू जायसवाल, भद्रनाथ सिंह, श्याम लाल कुशवाहा, भूरा तिवारी, विनोद कुशवाहा, ज्वाला तिवारी, दुर्गा कुशवाहा, मुन्ना कुशवाहा, मोतीलाल जायसवाल, विजय जाय0, केपी सिंह सरपंच गुरुवाही, सरपंच पतौर रामपाल सिंह, देवीदीन साहू सरपंच नदावन, तीरथ कोल सरपंच अमरपुर, लवकेश कुशवाहा सरपंच उमरिया, सरपंच सुखदास विहारी लाल सिंह, मूलचंद जायसवाल सरपंच पनपथा, बलराम जायसवाल सरपंच पलझा,मनोहर कुशवाहा, रामकरण पाल, श्याम बैगा, लाला सोनी, मूलचंद बर्मन सहित हजारों ग्रामीण जन मातृशक्ति सहित विभागीय पदाधिकारी एवं संविदाकार एवं सुरक्षा व्यवस्था में अमरपुर पुलिस चौकी स्टाप की टीम उपस्थिति रही।

## हितग्राहियों को बांटे स्वीकृति पत्र

**मण्डला।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने और किसानों को बैंकिंग सेवाओं से सीधे जोड़ने के उद्देश्य से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा द्वारा बैंक परिसर में मेगा कृषि ऋण आउटरीच अभियान का सफल आयोजन किया गया। साथ ही 13 शाखाओं में क्षेत्र स्तरीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना ने बैंक के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए किसानों को समय पर वित्तीय सहायता मिलना अनिवार्य है। उन्होंने उपस्थित किसानों को बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय दोगुनी करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर संस्कार बावरिया, सहायक संचालक उद्योग व्यापार केंद्र बलराम यादव, विनोद अग्रवाल, उपसंचालक डॉ. यू.एस. तिवारी, बी.डी. भंसारे निखिल वोहरा, शाखा प्रमुख, मंडला शाखा सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## साइबर अपराध पर जागरूकता

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में माइक्रो बीट पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों को हेलमेट अनिवार्यता, यातायात नियमों के पालन, नशा मुक्ति, साइबर अपराध से बचाव तथा महिला एवं बाल सुरक्षा के संबंध में व्यापक रूप से जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत थाना घुघरी गरैया व खोड़ा खुदरा, थाना मोतीनाला लुटरा, थाना मवई अतरिया,थाना बीजाडांडी कालपी, थाना निवास चौदस एवं चौकी पिंडरई पुततरा, चौकी हिरदेनगर ओखट खपरी, चौकी चाबी ठेवा क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

## ग्रामीणों को किया जागरूक

मण्डला(स्वतंत्र मत)। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में 15 फरवरी को पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में माइक्रो बीट पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत थाना घुघरी गोरखपुर तथा चौकी टाटरी बरगी, चौकी मनेरी झुरकी, चौकी अंजनिया बनिय एवं चौकी चाबी साहजर क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

# 25 हजार रूद्राक्ष से बने शिवलिंग को देखने पहुंचे धर्मप्रेमी
# शिवरात्रि पर आस्था उल्लास और भक्ति का दिखा संगम







मण्डला (स्वतंत्रमत)

धर्म आस्था और श्रद्धा के महापर्व महाशिवरात्रि पर जिला शिवमय नजर आया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक मंदिरों में सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही भक्तों की लंबी कतारें मंदिर में दिखाई दी। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष गूंजता रहा। कहीं भव्य रुद्राभिषेक हुआ तो कहीं बाबा भोलेनाथ की बारात निकाली गई। दिनभर पूजन-अर्चन अभिषेक भजन-कीर्तन और भंडारे का सिलसिला चलता रहा। जिला पंचायत के सामने स्थित हनुमान शेषनाग मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रात:काल महाअभिषेक संपन्न कराया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शहद और जल से भगवान शिव का अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार और घंटानाद के बीच पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। अनुष्ठान के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और सेवा कार्य में भागीदारी निभाई। मंदिर परिसर में भक्ति संगीत और मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से अभिषेक और पूजन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं का मानना था कि रुद्राक्ष स्वयं भगवान शिव का प्रतीक है और इतने विशाल स्तर पर रुद्राक्षों से निर्मित शिवलिंग के दर्शन का सौभाग्य मिलना अत्यंत पुण्यदायी है। महाशिवरात्रि का यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं का भी जीवंत उदाहरण बना। आस्था, श्रद्धा और उल्लास के इस संगम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मंडला की पहचान उसकी धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से गहराई से जुड़ी हुई है।

### 25 हजार रुद्राक्षों से शिवलिंग

जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत परिसर के शेषनाग मंदिर में इस वर्ष महाशिवरात्रि पर विशेष आकर्षण देखने को मिला। यहां 25 हजार रुद्राक्षों से निर्मित भव्य शिवलिंग की स्थापना की गई जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अनूठी कृति को स्थानीय कलाकार त्रिलोक सिंधिया द्वारा तैयार किया गया। रुद्राक्षों से सुसज्जित यह शिवलिंग आध्यात्मिक ऊर्जा और कलात्मक सौंदर्य का अद्भुत संगम प्रतीत हो रहा था। सुबह से ही श्रद्धालु इस विशेष शिवलिंग के दर्शन के लिए उमड़ पड़े।

### द्वादश ज्योतिर्लिंग में महाअभिषेक

नर्मदा तट स्थित महिष्मति घाट पर भी महाशिवरात्रि पर द्वादश ज्योतिर्लिंग में प्रात: ब्रह्ममुहूर्त में महाअभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और घंटानाद के बीच दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से अभिषेक किया गया। इस अवसर पर योगेश श्रीवास, दीपक बैरागी, अनिल कछवाहा, निर्भय ठाकुर, सुभाष तिवारी, पंडित संध्या त्रिभुवन नाथ द्विवेदी, संध्या सोनी और रोहित लहोरिया सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। महा अभिषेक संतोष तिवारी महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। नर्मदा तट पर दीपों की श्रृंखला और हर-हर महादेव के जयकारों से अलौकिक वातावरण निर्मित हो गया।

### बाबा भोलेनाथ की भव्य बारात

महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के बस स्टेंड क्षेत्र में युवाओं द्वारा बाबा भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई। आकर्षक झांकियों बैंड-बाजे और नृत्य करते श्रद्धालुओं के साथ यह बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। बारात में भगवान शिव और माता पार्वती के स्वरूपों को सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया था। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया गया। युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बैंड बाजों की थाप पर भक्त झूमते नजर आए। बारात में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया।

### महिष्मति घाट से निकली बारात

महिष्मति घाट परिसर से भी समाजसेवी नरेश कछवाहा के नेतृत्व में बाबा भोलेनाथ की बारात निकाली गई। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परंपरा का निर्वहन करते हुए शिव बारात का आयोजन किया गया। बारात घाट से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुन: मंदिर परिसर में पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नगर के कई सामाजिक संगठनों ने भी बारात का स्वागत किया और श्रद्धालुओं को जलपान व प्रसाद वितरित किया।

### ऋणमुक्तेश्वर में आस्था का सैलाब

महाशिवरात्रि पर शहर के प्रसिद्ध ऋणमुक्तेश्वर मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा। मान्यता है कि यहां दर्शन करने और विधिवत पूजन करने से व्यक्ति को ऋणों से मुक्ति मिलती है और आर्थिक संकट दूर होते हैं। इसी विश्वास के साथ मंडला ही नहीं आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। मंदिर परिसर में सुबह से ही लंबी कतारें लग गईं। भक्तों ने जलाभिषेक कर मनोकामनाएं मांगीं और परिवार की उन्नति के लिए प्रार्थना की।

### महादेव मंदिर में हुआ भंडारा

जिला मुख्यालय के बैगा बैंगी चौराहे स्थित महादेव मंदिर में भी महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और महाभिषेक कराया गया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भगवान शिव का जलाभिषेक किया और रुद्र पाठ का आयोजन किया गया। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष महाशिवरात्रि पर यहां भंडारे की परंपरा रही है जिसे इस वर्ष भी पूरे उत्साह के साथ निभाया गया। भक्तों ने सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### त्रिशुल भव्य ध्वज की स्थापना

शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर त्रिशुल यात्रा का आयोजन किया गया नगर के झूलापुल मार्ग स्थित महात्मा गांधी वार्ड के शिव मंदिर से भव्य त्रिशुल यात्रा निकाली गई। जो नगर भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंची जहां पर विधि विधान से त्रिशुल की स्थापना की गई वहीं भव्य ध्वज भी स्थापित किया गया। शिवरात्रि के अवसर पर विशाल भंडारा पूजन पाठ के साथ रूद्राभिषेक किया गया और भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### अंबेडकर वार्ड में भंडारे का आयोजन

अंबेडकर वार्ड में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ पारंपरिक आयोजन संपन्न हुआ। वार्डवासियों ने बताया कि यह धार्मिक परंपरा पिछले 20 से अधिक वर्षों से निरंतर चली आ रही है, जिसमें हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता करते हैं कार्यक्रम की शुरुआत महाशिवरात्रि से एक दिन पूर्व पारंपरिक लेडीज़ संगीत से हुई। इस आयोजन में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया भक्ति गीतों और शिव भजनों की मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय हो उठा देर शाम तक चली इस संगीतमय संध्या में महिलाओं ने नृत्य और भजनों के माध्यम से अपनी आस्था व्यक्त की महाशिवरात्रि के दिन प्रात:काल विधि-विधान के साथ हवन-पूजन का आयोजन किया गया। पंडित वासुदेव शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन संपन्न कराया गया।

## स्वयं सिद्ध पैरामेडिकल छात्रों ने किया रक्तदान



मण्डला(स्वतंत्रमत)

स्वयं सिद्ध इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल टेक्नोलॉजी महाराजपुर के छात्र-छात्राओं ने समाजसेवा में अनुकरणीय मिसाल पेश की है। 14 फरवरी को संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य न केवल रक्त की कमी को पूरा करना था बल्कि युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना भी था शिविर में जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. योगेश सिरश्याम विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं को रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को ब्लड बैंक में रक्त संग्रहण परीक्षण और भंडारण की समस्त तकनीकी प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया जो उनके व्यावहारिक ज्ञान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। रक्तदान के उपरांत जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने सभी रक्तदाता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। यहां पर सुरेंद्र यादव, लखन बरकडे, कुलदीप पटेल, संग्राम सिंह, तरेंद्र तेकाम, ललिता उईके और नितिन कुर्मी शामिल हैं इस अवसर पर स्वयं सिद्ध पैरामेडिकल संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ. समीर साहू, ब्रांच कोर्डिनेटर राजेंद्र मेहरा, श्रीमति वर्षा तिवारी, सुरेंद्र यादव, सुश्री शीतल ऊईके, सुश्री अमीषा विश्वकर्मा, राजकुमारी सलाम सहित संस्था का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष ने किया मचलेश्वर मेला का शुभारंभ

मण्डला(स्वतंत्रमत)



जिला मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत ह्दय नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मचलेश्वर मेला का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। रविवार को मेले का विधिवत शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने पूजन पाठ कर किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शुभारंभ के साथ ही पूरे क्षेत्र में मेले की रौनक देखते ही बन रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बताया कि यह पारंपरिक मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। खास बात यह है कि यह आयोजन महाशिवरात्रि से प्रारंभ होकर होलिका दहन तक निरंतर चलता है जिससे लगभग एक माह तक यहां व्यापारिक और धार्मिक गतिविधियां चरम पर रहती हैं। मेले में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से किसान अपने पशुओं के विक्रय के लिए पहुंचते हैं। यहां बैल, गाय, भैंस सहित अन्य पशुओं की खरीदी-बिक्री होती है, जिससे यह मेला पशु व्यापार का एक प्रमुख केंद्र बन जाता है। सरपंच मुन्नी मसराम ने बताया कि मेला से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। व्यापारी और मेला घूमने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके इंतजाम किए गए है यहां पर शुद्ध पेजयल के साथ शौचालय सहित पार्किंग और लाईट की व्यवस्था बनाई गई है। किसानों के लिए यह मेला आर्थिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। मेले में पशु बाजार के साथ-साथ घरेलू उपयोग की वस्तुओं, कृषि उपकरणों, कपड़ों, खिलौनों और खानपान की अनेक दुकानें सजती हैं। ग्रामीण अंचल के लोग परिवार सहित मेले का आनंद लेने पहुंचते हैं। बच्चों के लिए झूले और मनोरंजन के साधन भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। ह्दय नगर का यह मेला आस्था से भी गहराई से जुड़ा है। यहां स्थित प्रसिद्ध माता शक्तिपीठ छपरा वाली मंदिर में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर में प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया जा रहा है जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। मंडला जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग मेले में पहुंचते हैं। स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## दो दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल में पहुंचे सांसद

### भव्यता से सम्पन्न हुआ मेला

मण्डला(स्वतंत्रमत)

मोटे अनाज श्रीअन्न के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने और इसके स्वास्थ्यगत लाभों से आमजन को परिचित कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन मण्डला तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल का सफलतापूर्वक समापन हुआ। स्थानीय पुलिस ग्राउंड में आयोजित इस उत्सव में नगरवासियों का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। आयोजन के दौरान स्थानीय व्यंजनों की खुशबू और श्रीअन्न मिलेट्स के अनोखे स्वाद ने आगंतुकों का दिल जीत लिया। बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने न केवल मिलेट्स से बने पारंपरिक और आधुनिक व्यंजनों का आनंद लिया बल्कि पोषण और पारंपरिक खेती के महत्व के प्रति जागरूकता भी दिखाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि श्रीअन्न हमारी संस्कृति की पहचान होने के साथ-साथ भविष्य का सुपरफूड भी है। उन्होंने प्रधानमंत्री के विजन का उल्लेख करते हुए किसानों और आम नागरिकों से मोटे अनाज को अपनी थाली में पुन: स्थान देने का आह्वान किया तथा इसे किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम बताया। विधायक निवास चैन सिंह वरकडे ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पोषण और परंपरा दोनों को सशक्त बनाते हैं। इस अवसर पर प्रफुल्ल मिश्रा, जयदत्त झा, विनय मिश्रा, उपसंचालक कृषि अश्वनी झरिया, सहायक संचालक मधु अली, परियोजना अधिकारी अनूप नामदेव, एपीसी मुकेश पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण बाजरा, कोदो, कुटकी और अन्य मोटे अनाजों से बने व्यंजनों के स्टॉल रहे, जहां लोगों ने मिलेट्स के विविध स्वादों का अनुभव किया। कला प्रेमियों के लिए बाजरा आधारित रंगोली, बुंदेलखंड का प्रसिद्ध राई नृत्य और जनजातीय संस्कृति का प्रतीक भगोरिया नृत्य विशेष आकर्षण रहे। साथ ही रॉक बैंड की प्रस्तुति और गेमजोन ने युवाओं व बच्चों को उत्सव से जोड़े रखा। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री कुलस्ते की उपस्थिति में मिलेट्स एंथम आओ चलो श्री अन्न की ओर का विमोचन किया गया। गीत के म्यूजिक डायरेक्शन के लिए पारस तिवारी तथा गायन के लिए आयुष उपाध्याय को सम्मानित किया गया।

### जनसुनवाई में पहुंचाया रसोईया संगठन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** रसोइया उत्थान संघ समिति ने जनसुनवाई पहुंचकर जिले के सभी स्कूलों में पानी की समस्या को जल्द खत्म कराने को लेकर मुख्य रूप से आवेदन दिया है। संगठन के संस्थापक पीडी खैरवार ने बताया है कि मध्यान्ह भोजन पकाकर बच्चों को समय पर खिला पाने के लिए बहुतायत स्कूल परिसरों में पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। स्कूलों में पानी की समस्या से निजात पाने शुद्ध पानी की सख्त जरूरत है। अधिकतर स्कूलों में नल जल योजना के चलते कनेक्शन लगा तो दिए गए हैं टंकियां भी रख दी गई हैं पर अधिकतर जगह पानी की सप्लाई बंद है कहीं पर पानी ही साफ नहीं मिलता। पानी दूर से ढोकर रसोई तक लाना पड़ता है। जिसके कारण समय पर मध्यान्ह भोजन पकाकर बच्चों को खिलाने में भारी परेशानी आती है।अन्य समस्या यह भी बताई गई है कि जून महीने का मानदेय तीन चार वर्षों का भुगतान नहीं किया गया है। उनको स्कूल मर्ज होने और बच्चों की कम दर्ज संख्या बताकर काम से अलग किया जा रहा है। मध्यान्ह भोजन कार्य के अलावा कुछ स्कूलों में अन्य कार्य कराए जाते हैं। इन समस्याओं का समाधान जल्द किए जाने की मांग की गई है। वहीं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर रसोईया की नौकरी पक्की किए जाकर बीमा, अवकाश का प्रावधान किए जाने की लंबित मांग को पूरा किए जाने, अत्यंत कम यानी चार हजार मानदेय में परिवार का गुजारा नहीं होता। जिसे बढ़ाकर सम्मानजनक वेतन दिये जाने, हर महीने निर्धारित समय पर मानदेय भुगतान किए जाने की मांग की गई है।



## नवनियुक्त शिक्षकों की ब्लॉक स्तरीय बैठक सम्पन्न

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

विगत दिवस नगर के कस्तूरबा कन्या माध्यमिक शाला में 2021 एवं 2022 में भर्ती नवनियुक्त उच्च माध्यमिक और माध्यमिक शिक्षकों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने उपरांत एक वर्ष से लंबित परिवीक्षा अवधि समाप्ति के आदेश शीघ्र जारी करवाने हेतु प्रयास, लम्बित डीए एरियर्स एवं परिवीक्षा अवधि में पूर्ण वेतन दिलाने हेतु किया जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गई और आगामी समय में रणनीतिक क्रियान्वयन के लिए सामूहिक निर्णय लिये गए। इस महत्वपूर्ण बैठक में मण्डला जिला अध्यक्ष योगेश चौरसिया, ओमप्रकाश वरकड़े, अमरनाथ सिंगौर, अजय कुंजाम, शशांक कांड्रा, अमित झारिया, सरिता नाग, आरती पटले, श्रुति यादव, रक्षा पटले, प्रिया शुक्ला, नेहा कामड़े, शारदा परते, मेघा मुराब, शिवानी शुक्ला, वंदना झा, भावना उलारी, वंदना शिववंशी, विशाल शिववंशी और प्रशांत श्रीधर उपस्थित रहे।

संपादकीय


# वनवास खत्म, अब राजतिलक

बांग्लादेश ने तारिक रहमान की पार्टी बीएनपी को प्रचंड जनादेश दिया है। बेशक यह अभूतपूर्व, अप्रत्याशित और ऐतिहासिक जनादेश है। संसद की कुल 300 सीटों में से 212 सीटों पर बीएनपी के उम्मीदवार जीते हैं। जिस शख्स ने निर्वासन के 17 लंबे साल लंदन में काटे हों, अचानक वक्त और परिस्थितियां बदल गईं और आज उसका प्रधानमंत्री बनना महज औपचारिकता भर है। बांग्ला लोगों ने एक लोकतांत्रिक, समावेशी, प्रगतिशील, महिला सशक्तिकरण वाले और विकासशील देश के लिए जनादेश दिया है, लिहाजा तारिक रहमान की यही सबसे गंभीर चुनौती है।

जिन इस्लामवादी ताकतों ने ऐलान किया था कि अब बांग्लादेश एक मुस्लिम देश होगा और अल्लाह के कानून, यानी शरिया, से देश चलेगा। 'कठपुतली' यूनुस इन्हीं कट्टरपंथियों की हुकूमत का हिमायती था। जनता ने उन जेहादी किस्म की कट्टरपंथी और भारत-हिंदू-विरोधी ताकतों को लगभग खारिज कर दिया है। जमात-ए-इस्लामी के 11 दलों के गठबंधन को 74 सीटें ही नसीब हुई हैं। पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई, जनरल मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज का 'इस्लामिक एजेंडा' और 'मुस्लिम ब्रदरहुड' धरे-धराए रह गए हैं, क्योंकि बीएनपी भी पाकिस्तान को फासले पर रखने की पक्षधर रही है। यह जनादेश छात्रों, युवाओं की बगावत की आड़ में कट्टरपंथी ताकतों के आंदोलन के 18 माह बाद सामने आया है। तब 'जुलाई चार्टर' तय किया गया था और शेख हसीना को देश छोड़ कर भागने को विवश किया गया था, इसके पक्ष में भी 70 फीसदी से अधिक लोगों ने मतदान किया है। तख्तापलट प्रधानमंत्री शेख हसीना के बाद एक लोकतांत्रिक सरकार 'नया बांग्लादेश' बनाएगी और भारत उस देश के साथ खड़ा रहना चाहता है, प्रधानमंत्री मोदी ने तारिक रहमान को बधाई देते हुए यह अपेक्षा की है और भरोसा दिया है। यह गौरतलब है कि करीब 20 साल बाद बीएनपी बांग्लादेश की सत्ता में लौटी है।

यकीनन यह चुनाव आसान नहीं था। मतदान के दौरान 14 इलाकों में जमकर हिंसा हुई, लाठियां चलीं, बूथ पर बम धमाके किए गए, आधी रात में फर्जी मतदान के वीडियो ने सब कुछ बेनकाब कर दिया। इसके अलावा, अल्पसंख्यक हिंदुओं पर 4000 से अधिक हमले किए गए, उनके मंदिर, देवी-देवताओं की प्रतिमाएं खंडित की गईं, फिर भी एक करोड़ से अधिक हिंदुओं ने, लोकतंत्र और बंगाली देश की खातिर, मतदान किए। उन्होंने 'अवामी लीग' पर पाबंदी के बावजूद बीएनपी को वोट दिए और 'मुस्लिम देश' बनाने की साजिशों की बाजी ही पलट दी। भारी संख्या में महिलाओं ने भी बीएनपी को जनादेश दिया, जो पार्टी सत्ता में रही है और कमोबेश उनकी सोच संकीर्ण और जेहादी नहीं है। तारिक रहमान ताकतवर नेता के तौर पर उभरे हैं। चुनौती और प्राथमिकता अब यह होनी चाहिए कि भारत के साथ रिश्ते किस तरह मधुर, सकारात्मक और सहयोगपूर्ण हो सकते हैं। हमारा चिंतित सरोकार है कि हिंदुओं और उनके मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। कट्टरपंथी ताकतों पर नियंत्रण रखा जाए, सडक़-रेल-जलमार्ग की परियोजनाएं, जिनमें भारत का मोटा निवेश है, फिलहाल दांव पर हैं।

# सोशल मीडिया के मोहपाश से मुक्ति की जरूरत



अविजित पाठक

समाजशास्त्री



ऐसा लगता है कि सोशल मीडिया में हमारी बढ़ती सक्रियता में सब कुछ ठीक नहीं है -खासकर, जिस प्रकार फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म के प्रति आकर्षण हमारे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाल रहा है- उनके बड़े होने की प्रक्रिया, सामाजिक मेलजोल, शिक्षा और आभासी दुनिया से जुड़ने के उनके ढंग पर।

क्या यही वजह है कि ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, और कई यूरोपीय देश भी इसी राह पर हैं? भारत में भी, 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने को लेकर विचार जोर पकड़ने लगा है। जरा कल्पना करें कि आपके बच्चे पर क्या गुजरेगी जब आप उससे कहें कि कुछ दिन के लिए वह स्मार्टफोन का इस्तेमाल न करे, और इसकी बजाय ध्यान केंद्रित कर पढ़ाई करने या अपने दोस्तों व प्रियजनों के साथ सीधे, आमने-सामने बात करें।

जब मैं 16, 14 और 12 वर्षीय उन तीन बहनों के भाग्य के बारे में सोचता हूं, जिन्होंने गाजियाबाद की एक हाउसिंग सोसाइटी में अपने अपार्टमेंट की नौवीं मंज़िल से कूदकर जान दे दी, तो मुझे सच में डर लगता है। खबरों के मुताबिक, परिवार में कलह रहती थी, और सबसे विशेष बात, पिता अपनी तीनों बेटियों की सोशल मीडिया और टास्क-बेस्ड ऑनलाइन कोरियन गेम्स की लत से खुश नहीं थे। ऐसा लगता है कि वे तीनों यह झटका बर्दाश्त नहीं कर सकीं और उन्होंने अपनी जान लेने का फैसला किया। इन दिनों मेरा यह भरोसा पुख्ता होता जा रहा है कि तकनीक दुधारी तलवार है। मसलन, स्मार्टफोन जैसे उपकरण के बारे में सोचिए। यह जादुई है। यह किसी बच्चे या किशोरवय को दें। वह तुरंत पूरी दुनिया से जुड़ जाता है, फिल्म देखेगा, गाने सुनेगा, वीडियो गेम खेलेगा, किताब पढ़ेगा, रील और वीडियो बनाएगा, मैसेज भेजेगा और अपने ढंग से फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप का इस्तेमाल करेगा।

यह तकनीकज़दा स्मार्टनेस उन्हें प्रभावित करेगी, लेकिन सच तो यह है कि स्मार्टफोन की यह लत उनसे कुछ ज़रूरी चीज़ भी छीन लेती है। जितना ज्यादा वे स्क्रीन की लत में फंसते जाएंगे उतना ही असल दुनिया से दूर होते जाएंगे; जितना ज़्यादा ऑनलाइन गेम खेलेंगे, उतने ही अकेले पड़ते जाएंगे, क्योंकि खुली जगह में अपने दोस्तों के साथ फुटबॉल या क्रिकेट खेलने से परहेज करने लगते हैं; वे जितना ज़्यादा स्क्रॉल करेंगे, उतना ही ध्यान केंद्रित करने की क्षमता घटती चली जाएगी;और सबसे बढ़कर, अपने वीडियो वायरल करने में वे जितना ज़्यादा समय खपाते हैं, उनके पास किताब को छूने, पढ़ने, महसूस करने, विश्लेषण करने और अनुभव करने के लिए उतना ही कम समय बचता है।

यही विरोधाभास बताता है कि सोशल मीडिया उपयोग ने बच्चों की सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है, उनकी व्यग्रता बढ़ा दी है, अवसाद पैदा कर दिया और उनके आत्म-सम्मान को चोट पहुंचाई है। अमेरिकी सामाजिक ज्ञानमनोवैज्ञानिक जोनाथन हैड्ट ने सोचने पर मजबूर कर देने वाली अपनी किताब द एंक्सियस जेनरेशन में इस त्रासदी का विश्लेषण किया है। जैसा कि हैड्ट का तर्क है कि डिजिटल युग में पैरेंट्स द्वारा बच्चों पर ध्यान कम दिए जाने की वजह से, लत के समान और परस्पर होड़ करवाने वाले सोशल मीडिया तक उनकी पहुंच बिना किसी रोक-टोक हो गई है। वहीं, इसी प्रकार, असल दुनिया में ओवर-पैरेंटिंग की प्रवृत्ति (हर वक्त बच्चे के पीछे पड़े रहना) हमारे बच्चों की सामान्य विकास प्रक्रिया रोक रही है। यह देखकर दुख होता है कि बचपन अब 'खेल आधारित' नहीं रहा; 'फ़ोन आधारित' बन गया है। इसलिए, कोई हैरानी नहीं कि स्मार्टफ़ोन हमारे बच्चों को उनके ठीक इर्द-गिर्द के माहौल से दूर करता जा रहा है और असल ज़िंदगी की दोस्ती की जगह सतही ऑनलाइन चैट ले रही है। इसी को लेकर हैड्ट चेताते हैं कि इस 'व्यग्र पीढ़ी' में नींद की कमी, ध्यान भटकना और अकेलापन न्यू नॉर्मल बनता जा रहा है। भारत में इस संकट की गंभीरता को समझें- शिक्षा के स्तर की वार्षिक रिपोर्ट (2024) के अनुसार, हमारे 76 प्रतिशत बच्चे (14-16 साल समूह) सोशल मीडिया तक पहुंच करने के लिए स्मार्टफ़ोन का इस्तेमाल करते हैं।

इतना ही भयावह है जोखिमज़दा कच्चे दिमागों पर कंटेंट क्रिएटर्स या यू-ट्यूब 'इन्फ्लुएंसर' का प्रभाव। एक स्थिति की कल्पना करें- आपका बच्चा तब तक सो नहीं पाता जब तक वह हर रात किसी मशहूर 'इन्फ्लुएंसर' की मनगढ़ंत कहानियां न सुन ले- उत्तराखंड के एक छोटे से शहर का एक नौजवान जिसके 31 मिलियन से ज़्यादा सब्सक्राइबर हैं और वह अपनी फैंसी कारों- मर्सिडीज-बेंज जी-वैगन, पोर्शे 718 बॉक्सटर और टोयोटा फॉर्च्यूनर लेजेंडर का गर्वपूर्ण प्रदर्शन करता रहता है!

देखने वाले युवा को इस चकाचौंध भरी जीवनशैली से अपनी नाकाबिलियत और आत्म-सम्मान की कमी महसूस हो सकती है। जब इस किस्म का कोई 'इन्फ्लुएंसर' कच्चे मन वाले किसी किशोरवय की उम्मीदों को आकार देना शुरू देता है, तो वह यह मानने लग सकता है कि अगर कोई हर सुबह अपने परिवार के क्रिया-कलाप सोशल मीडिया पर डालकर इतना कमा सकता है, तो कड़ी मेहनत करने, मन लगाकर पढ़ाई करने और रचनात्मक कौशल बेहतर बनाने का क्या मतलब। क्या यही वजह है कि हम जहां-तहां युवाओं को फोन से रील बनाते, अपने वीडियो अपलोड करते, यूट्यूब या इंस्टाग्राम पर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाते और त्वरित लोकप्रियता एवं सफलता पाने की कोशिश करते देखते हैं? 'लाइक और सब्सक्राइब'- मानो यह हमारे जमाने का पसंदीदा मंत्र बन गया है!

सवाल है हम अपने बच्चों को इस मोहपाश से कैसे बचा सकते हैं। भले ही हम अपने बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के विचार पर एतराज़ करें, लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि अब समय है कि हम कुछ ठोस उपाय करें ताकि यह लत न्यूनतम हो पाए। दरअसल, बतौर अध्यापक/ अभिभावक, हमें उनके साथ प्यार और हमदर्दी से बातचीत करनी चाहिए, असली और आभासी में फर्क की शिनाख्त करने को प्रोत्साहित करना चाहिए, दोस्तों -पड़ोसियों से सामाजिक मेल-जोल करना, मैदान में खेलने, किताबें पढ़ने की आदत को सक्रिय करना- हां, छपी हुई किताबें, और सोचने-समझने, आलोचनात्मक विचार एवं मंथन करने की ताकत को बढ़ावा देना चाहिए। उनके साथ संवाद करना और यह समझाना भी उतना ही ज़रूरी है कि हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी स्क्रीन पर दिखने वाली बनावटी सुंदरता, शोहरत और शान-शौकत वाली छवियों जैसी नहीं होती,और सबसे जरूरी है, सामान्य और कुछ कमी होने के बावजूद प्यार, कौतुहल और असली रिश्तों से परिपूर्ण होना ज्यादा अच्छा है। हालांकि, मुझे पक्का नहीं है कि बतौर वयस्क,हम सच में यह ज़रूरी काम करने में सक्षम हैं या नहीं। या फिर क्या हम भी, अपनी 9 से 5 बजे काम की एकरसता से उपजी बोरियत के बाद, अपने स्मार्टफोन के आगे समर्पण करना पसंद करते हैं, और इस तरह अपने बच्चों के साथ गहरा और सार्थक जुड़ाव बनाने में नाकाम रहते हैं?

# सहनशक्ति बढ़ाकर करें जोखिम का मुकाबला

डॉ. रेणु सैनी



कहते हैं कि मनुष्य और कॉकरोच दो ऐसे जीव हैं जो हर परिस्थिति में जीवित रहना जानते हैं। कई बार मनुष्य को चारों ओर अंधकार ही अंधकार नज़र आता है। पीड़ा इतनी गहन हो जाती है कि सब्र नहीं होता। ऐसे में कई लोग हार मान जाते हैं तो कुछ विरले ऐसे होते हैं जो गहन अवसाद और पीड़ा का सामना भी धैर्य और हिम्मत से करते हैं। ऐसे ही व्यक्ति आगे चलकर इतिहास रचते हैं। जापानी लोग बहुत ही सरलता से मुश्किल का सामना करते हैं। वे 'निनताई' शब्द में बहुत अधिक विश्वास करते हैं। इस जापानी शब्द का अर्थ बहुत गहरा और प्रेरणा देने वाला है।'निनताई' दो शब्दों के मेल से बना है- निन और ताई। 'निन' का अर्थ है 'सहन करना' या 'छिपाना' और 'ताई' का अर्थ है 'प्रतिरोध' या 'झेलने की शक्ति'। निनताई ऐसी मानसिक शिक्त है जो हमें तब भी मैदान में टिकाए रखती है, जब बाकी सब हार मानकर जा चुके होते हैं। यह बिना शिकायत किए और बिना रुके चलने की कला है। इस कला को सीखने से हर मुश्किल काम व्यक्ति के लिए सहज हो जाता है। हमारे देश के क्रांतिकारियों ने भी 'निनताई' शब्द को अपने जीवन में उतार लिया था। उनकी सहनशीलता इस कदर बढ़ गई थी कि अंग्रेजों का बर्बर व्यवहार अंग्रेजों को ही चौंकाने पर मजबूर कर देता था। भारतीय क्रांतिकारी देश की खातिर अंग्रेजों के हर अत्याचार को बर्दाश्त करता था, मगर उन्हें अपने देश की महत्वपूर्ण बातों की भनक तक लगने नहीं देता था। अविभाजित बंगाल के चटगांव जो कि अब बांग्लादेश में है, के स्वाधीनता आंदोलन के नायक सूर्यसेन उर्फ सुरज्या सेन भी ऐसे ही वीर क्रांतिकारियों में से एक हैं। होश संभालते ही इन्होंने अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने आरंभ कर दिए थे। इन्होंने अपने साथियों को गुरिल्ला युद्ध के लिए प्रेरित किया। 23 दिसम्बर, 1923 को इन्होंने चटगांव में असम-बंगाल रेलवे के ट्रेजरी ऑफिस को लूटा। इन्हें सबसे बड़ी सफलता चटगांव आर्मरी रेड के रूप में मिली, इससे अंग्रेज सरकार बुरी तरह छटपटा उठी। सूर्यसेन ने युवाओं को संगठित कर भारतीय प्रजातांत्रिक सेना नामक संगठन खड़ा किया। 18 अप्रैल, 1930 को सैनिक वस्त्रों में इन युवाओं ने चटगांव के सहायक सैनिक शस्त्रागार पर कब्जा कर लिया। सूर्यसेन मास्टर दा के रूप में अपने इलाके में प्रसिद्ध हो गए थे। मास्टर सूर्यसेन ने इन गतिविधियों द्वारा अंग्रेजों को सीधे चुनौती दी थी। उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर चटगांव को अंग्रेजी हुकूमत के शासन के दायरे से बाहर कर लिया था और भारतीय ध्वज को फहराया था। क्रांतिकारियों ने टेलीफोन और टेलीग्राफ के तार काट दिए और रेलमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। इन सभी सूचना माध्यमों को ध्वस्त करने के कारण चटगांव से अंग्रेज सरकार का संपर्क तंत्र टूट गया था। इस कारण अंग्रेजों को लोहे के चने चबाने पड़े। अंग्रेज सूर्यसेन के पीछे हाथ धोकर पड़ गए। आखिर 16 फरवरी, 1933 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें गिरफ्तार करने के बाद अंग्रेजों ने उन पर अमानवीय और बर्बर अत्याचार किए। उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई। लेकिन फांसी देने से पहले उन्हें बहुत अधिक यातनाएं दी गईं। फांसी पर लटकाने से पहले उनके हाथों के नाखून उखाड़ लिए गए। उनके दांतों को हथौड़ों से तोड़ दिया गया। उनके शरीर के सभी अंगों और जोड़ों को बुरी तरह तोड़ दिया गया। मरते-मरते भी सूर्यसेन ने अपने अंतिम पत्र में लिखा, 'प्रिय मित्रों, आगे बढ़ो और कभी अपने कदम पीछे मत खींचना। उठो और कभी निराश मत होना। सफलता अवश्य मिलेगी।' वर्तमान समय में तो 'निनताई' शब्द का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। आज युवाओं में असहनशीलता की प्रवृत्ति देखने को मिल रही है। युवा 'निनताई' के माध्यम से अपनी असहनशीलता को 'सहनशीलता' में प्रवृत्त कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें कोशिश करनी होगी कि जब भी कोई प्रोजेक्ट या काम बहुत अधिक थका दे, तो कुछ देर रुककर अध्यात्म की ओर मुड़ना। अपने अंतर्मन से ये संवाद करना कि श्रम और हिम्मत ही कार्य को पूर्ण कराते हैं। दर्द सहन करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए नियमित व्यायाम करना और पौष्टिक भोजन का सेवन करना। सुबह-सवेरे उठकर प्रकृति के सान्निध्य में पक्षियों और पेड़ों को करीब से देखना। आंखें बंद कर अपनी आंतरिक क्षमता को मजबूत बनाना। सत्य के साथ आगे बढ़ना और निरंतर सीखने की इच्छा को जाग्रत रखना। सदैव दूसरों की मदद के लिए तैयार रहना। उपरोक्त बातें प्रत्येक व्यक्ति की 'निनताई' यानी कि सहनशक्ति को बढ़ा देती हैं और उन्हें जोखिमों से लड़ने के लिए प्रेरित करती हैं। वही जीतता है जो जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। जो डरता है, वह कहीं नहीं पहुंचता, उसे केवल उन साधनों से संतोष करना पड़ता है जो जोखिम उठाने वाले लोग छोड़ देते हैं।

# सेमीकंडक्टर वाले चिप्स बनाम आलू चिप्स



व्यंग

आलोक पुराणिक

बजट में घोषणा हुई कि हस्तिनापुर का विकास होगा, उसे पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित किया जायेगा। सुनकर हस्तिनापुर से जुड़ी आत्माएं सक्रिय हुईं।

सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा हुई है।

सरकार का दावा : अर्जुन के रथ जैसी गति मिलेगी।

जनता की प्रतिक्रिया : रथ तो तेज़ होगा, लेकिन किराया इतना होगा कि हम पैदल ही चलना पसंद करेंगे। गरुड़ की गति तो ठीक है, पर जेब में कबूतर की फड़फड़ाहट भी नहीं है?

सेमीकंडक्टर और बायो-फार्मा पर हजारों करोड़ का आवंटन।

जनता की प्रतिक्रिया : भविष्य में चिप्स सस्ते होंगे, लेकिन आज आलू के चिप्स ही महंगे हैं। हमारी थाली में आज दाल का भविष्य ही अंधकारमय है।

महिला छात्रावास का प्रस्ताव

सरकार का दावा : द्रौपदी की आत्मनिर्भरता को सम्मान।

जनता : अच्छा है, अब कम से कम चीरहरण के समय कोई हॉस्टल वार्डन तो होगा।

टैक्स स्लैब जस का तस।

सरकार का दावा : मध्यम वर्ग राष्ट्र निर्माण का आधार है।

जनता की प्रतिक्रिया : हम कर्ण हैं, लेकिन हर साल कवच-कुंडल उतारते-उतारते अब बनियान भी फट गई है। राहत की जगह हमें 'त्याग का प्रमाणपत्र' मिल रहा है।

मध्यम वर्ग का त्याग अब इतना स्थायी हो गया है कि बजट दिवस को 'राष्ट्रीय त्याग दिवस' घोषित कर देना चाहिए।

सरकार का दावा रक्षा बजट : देश सुरक्षित रहेगा।

जनता : 'हमारे घर की रक्षा तो प्याज़ और टमाटर के दाम से ही खतरे में है। असली युद्ध तो रसोई में चल रहा है।

बजट : दवाइयां सस्ती होंगी।

जनता : कम से कम इलाज में अब डॉक्टर की फीस ही जान लेगी। दवा सस्ती है, लेकिन अस्पताल का बिल अब भी महाभारत का सबसे बड़ा अस्त्र है।

बजट में शराब महंगी।

सरकार : विदुर की नीति, व्यसन बुरी बात है।


जनता की प्रतिक्रिया : दारू पीने से पहले अब बजट पढ़ना पड़ेगा। विदुर की नीति समझ में नहीं आई, लेकिन जेब खाली हो गई।

बजट के बाद शेयर बाजार गिरा-

जनता की प्रतिक्रिया : संजय, ये दृश्य मत दिखाओ, आंखों में आंसू आ रहे हैं।

सरकार के बजट का महाभारत एक दिन का होता है, आम जनता का महाभारत तो रोज का है।

# शोध एडवोकेट के वाहन पर उनका पहचान चिह्न : विधिक सेवा का विशेष वाहक



डीसी सागर (एडवोकेट)

लेखक पुलिस के वीरता पदक से सम्मानित पूर्व विशेष महानिदेशक, भारतीय पुलिस सेवा हैं।

अधिकार और न्याय का अंतर्संबंध एक पूर्व विशेष महानिदेशक (पुलिस) के रूप में शासन की जटिलताओं और अब एक एडवोकेट के रूप में विधिक प्रणाली की बारीकियों को समझने के बाद, मैं यह पूर्ण अधिकार और उत्तरदायित्व के साथ प्रतिपादित करता हूँ कि- 'एडवोकेट का वाहन स्टीकर कोई व्यक्तिगत अलंकरण नहीं, बल्कि न्यायिक दक्षता का एक वैधानिक उपकरण है।' भारतीय विधि व्यवस्था में न्याय का पहिया तभी निर्बाध घूम सकता है जब उसके सभी हितधारक, विशेषकर एडवोकेट, बाधा मुक्त आवाजाही के लिए सशक्त हों। यह विषय केवल सड़क पर पहचान का नहीं है, बल्कि यह माननीय न्यायपालिका की गरिमा और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत नागरिकों को मिलने वाले त्वरित न्याय की सुगमता से जुड़ा एक गंभीर प्रशासनिक और कानूनी मुद्दा है।

## 1. शासन के स्तंभ और पहचान चिह्नों का महत्व

शासन के तीनों अंगों के वाहनों पर लगे विशिष्ट चिह्न (ध्वज, प्रतीक या स्टिकर) केवल विशेषाधिकार नहीं, बल्कि प्रणालीगत आवश्यकता हैं। इनके मुख्य कारण निम्नलिखित हैं-

**त्वरित प्राथमिकता:**- कार्यपालिका के अधिकारियों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्काल पहुँचना होता है। पहचान चिह्न उन्हें भीड़ या यातायात में प्राथमिकता दिलाते हैं।

**सुरक्षा अनुमति:**- माननीय उच्च न्यायालयों या संवेदनशील सरकारी परिसरों में प्रवेश के समय त्वरित पहचान सुरक्षा प्रक्रिया को सरल बनाती है।

**जवाबदेही:**- जब किसी वाहन पर पद का नाम अंकित होता है, तो वह अधिकारी सार्वजनिक निगरानी और जिम्मेदारी के दायरे में होता है।




## 2. एडवोकेट: माननीय न्यायालय के अधिकारी

न्यायपालिका की स्वतंत्रता और कार्यकुशलता केवल माननीय न्यायाधीशों तक सीमित नहीं है। माननीय उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि एडवोकेट माननीय न्यायालय के अधिकारी (Officers of the HonÓble Court) हैं। एडवोकेट अधिनियम, 1961 की धारा 30 उन्हें देश के सभी माननीय न्यायालयों और माननीय न्यायाधिकरणों में विधि व्यवसाय करने का वैधानिक अधिकार देती है। जब कार्यपालिका (पुलिस और प्रशासन) सड़क पर व्यवस्था संभालती है, तो उन्हें यह पहचानना आवश्यक है कि न्याय के इस प्रहरी का मार्ग प्रशस्त करना सीधे तौर पर न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग करना है।

## 3. अनिवार्य सेवा का तर्क

आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (ESMA) के तहत चिकित्सा और सुरक्षा को अनिवार्य माना गया है। माननीय उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 21 के तहत न्याय तक पहुँच (Access to Justice) को जीवन के अधिकार का हिस्सा माना है। एक एडवोकेट का माननीय न्यायालय में समय पर पहुँचना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना एक चिकित्सक का चिकित्सालय पहुँचना। यदि पहचान की कमी के कारण एक एडवोकेट की आवाजाही बाधित होती है, तो यह केवल एक व्यक्ति की देरी नहीं, बल्कि माननीय न्यायालय की पूरी कार्यवाही में व्यवधान है।

## 4. विधिक सुगमता के लिए एक व्यावहारिक प्रस्ताव

एडवोकेट स्टिकर की माँग किसी रियायत के लिए नहीं, बल्कि कार्य-कुशलता के लिए है। इसका कार्यान्वयन निम्नलिखित सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए-

**वैधानिक मान्यता:**- राज्य सरकारों को मोटर वाहन नियमों के तहत बार काउंसिल द्वारा अधिकृत स्टिकर्स को आधिकारिक पेशेवर पहचान के रूप में अधिसूचित करना चाहिए।

**सत्यापन और सुरक्षा:**- स्टिकर केवल संबंधित बार काउंसिल द्वारा जारी हों, जिनमें नामांकित संख्या (Enrollment Number) अंकित हो, ताकि पुलिस को सत्यापन में आसानी हो।

**प्रशासनिक समन्वय:**- विनियमित स्टिकर होने से सड़क पर पुलिस और एडवोकेट के बीच होने वाले अनावश्यक घर्षण में कमी आएगी।

### निष्कर्ष : न्याय की निर्बाध गति

एडवोकेट वह सेतु है जो आम नागरिक को न्याय से जोड़ता है। जिस प्रकार एक चिकित्सक का समय जीवन बचाता है, उसी प्रकार एक एडवोकेट का समय न्याय सुनिश्चित करता है। एक पूर्व पुलिस महानिदेशक और अब एक एडवोकेट के रूप में, मेरा यह मानना है कि स्पष्ट पहचान हमेशा बेहतर प्रशासन की ओर ले जाती है। एडवोकेट के वाहनों पर अधिकृत स्टिकर लगाना उनके पेशे का सम्मान तो है ही, साथ ही यह इस बात का भी प्रमाण है कि राज्य अपने नागरिकों को माननीय न्यायालयों से मिलने वाले न्याय के प्रति कितना गंभीर है। समय आ गया है कि हम इस पहचान को एक वैधानिक व्यवस्था का रूप दें, ताकि न्याय का रथ सड़क पर कभी न रुके।

## हरिद्वार में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**हरिद्वार (वार्ता)।** उत्तराखंड में हरिद्वार जिले के पिरान कलियर थाना क्षेत्र में रविवार को तड़के सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद मृतकों के परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस के अनुसार तीन युवक एक बाइक से भगवानपुर से हरिद्वार की ओर जा रहे थे। भगवानपुर बाईपास मार्ग पर बेड़पुर चौक के पास ईंट-भट्टे के समीप उनकी बाइक एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई। इस हादसे में 28 वर्षीय शिवम और 26 वर्षीय सूरज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय अमन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने मदद का प्रयास किया, लेकिन तब तक ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो चुका था।

## बंगाल में निपाह रोकने की कोशिशों की तारीफ

**कोलकाता (वार्ता)।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने निपाह वायरस की स्थिति से निपटने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य ने संक्रमण फैलने से रोकने के लिए केंद्र के साथ मिलकर बहुत अच्छा काम किया है। आईसीएमआर के महानिदेशक राजीव बहल ने बेलियाघाटा स्थित आईसीएमआर-एनआईसीईडी परिसर में पद्म विभूषण से सम्मानित और ओरल रीहाइड्रेशन थेरेपी (ओआरएस) के जनक डॉ दिलीप महालनोबिस की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने निपाह वायरस को लेकर राज्य की तैयारियों और जवाबी कार्रवाई की सराहना की।

## ऐतिहासिक निर्णय: जूता छुपाने की परंपरा समाप्त, विधवा माता को मिलेगा 'मौर' सौंपने का सम्मान

**बालोद (वार्ता)।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिला में सेन समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को बंजारी धाम, जुंगेरा में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य समाज में एकता, अनुशासन और सामाजिक उत्थान को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए विवाह समारोहों में प्रचलित 'जूता छुपाने' की परंपरा को समाप्त करने की घोषणा की गई। साथ ही यह भी तय किया गया कि किसी भी पुत्र या पुत्री के विवाह में विधवा माता को 'मौर' सौंपने सहित सगाई और विवाह की सभी प्रमुख रस्मों में सम्मानपूर्वक सहभागी बनाया जाएगा। समाज के इस निर्णय को महिलाओं के सम्मान और समान सहभागिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सगाई के बाद विवाह से पूर्व लड़का-लड़की के बीच मोबाइल पर निजी बातचीत को पूर्णतः प्रतिबंधित करने का भी निर्णय लिया गया। आवश्यक संवाद माता-पिता या अभिभावकों की उपस्थिति में ही होगा। समाज के किसी भी सदस्य द्वारा धर्म परिवर्तन किए जाने की स्थिति में सामाजिक स्तर पर कठोर कार्रवाई करने पर भी सहमति बनी। रोजगार संबंधी विषय पर भी अहम निर्णय लिए गए। सेन समाज के सदस्य अन्य समाज या धर्म के सैलून, ब्यूटी पार्लर अथवा समान प्रतिष्ठानों में कार्य नहीं करेंगे। उल्लंघन की स्थिति में समाज की अनुशासन समिति कार्रवाई करेगी। साथ ही प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक सैलून संघ का गठन किया जाएगा।

### रूस-यूक्रेन में शांति की बात से पहले बढ़े ड्रोन हमले

# अब जेलेंस्की ने अमेरिका के सामने रख दी नई शर्त

मॉस्को

रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की तैयारी चल रही है, लेकिन जमीनी हालात अब भी तनावपूर्ण हैं। बातचीत से ठीक पहले दोनों देशों में ड्रोन हमलों में दो लोगों की मौत हो गई है। इससे साफ है कि युद्ध का माहौल अभी ठंडा नहीं पड़ा है। यूक्रेन के काला सागर तट पर स्थित ओडेसा शहर में एक रूसी ड्रोन ने रिहायशी इमारत को निशाना बनाया। इस हमले में एक बुजुर्ग महिला की जान चली गई। वहीं रूस के ब्रायंस्क इलाके में एक कार पर यूक्रेनी ड्रोन हमले में एक नागरिक की मौत हो गई। इससे पहले रूस के बेलगोरोड शहर पर हुए मिसाइल हमले में भी दो लोगों की मौत और पांच लोग घायल हुए थे। इन हमलों के बीच अगले हफ्ते



जिनेवा में अमेरिका की मध्यस्थता में रूस और यूक्रेन के बीच नई वार्ता होने वाली है। यह बैठक रूस के पूरे पैमाने पर हमले की चौथी बरसी से ठीक पहले हो रही है। हालांकि जेलेंस्की ने अमेरिका के सामने नई शर्त रखी है। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि यह युद्ध 'एक बार में और हमेशा के लिए' खत्म हो। उन्होंने कहा कि अमेरिका खून-खराबा रोकने के लिए गंभीर है और बातचीत के जरिए समाधान चाहता है। रुबियो ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से भी मुलाकात की और सुरक्षा तथा आर्थिक सहयोग पर चर्चा की। अमेरिका की ओर से संकेत दिया गया है कि वह मजबूत समझौते के पक्ष में है। हालांकि बातचीत से पहले जेलेंस्की ने साफ कर दिया है कि यूक्रेन बिना पक्की सुरक्षा गारंटी के कोई समझौता नहीं करेगा। उनका कहना है कि अमेरिका से कम से कम 20 साल की कानूनी सुरक्षा गारंटी चाहिए। साथ ही उन्होंने यूरोपीय संघ की सदस्यता के लिए स्पष्ट समयसीमा भी मांगी है। जेलेंस्की ने यह भी बताया कि अमेरिका की ओर से सुझाव दिया गया था कि अगर यूक्रेन डोनबास क्षेत्र से अपनी सेना पीछे हटा ले तो शांति जल्दी हो सकती है। लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उनका कहना है कि वहां लाखों यूक्रेनी नागरिक रहते हैं और वे अपने लोगों को छोड़ नहीं सकते। अमेरिका, रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधि 17-18 फरवरी को जिनेवा में मिलेंगे। रूस की ओर से राष्ट्रपति के सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की वार्ता का नेतृत्व करेंगे।

## माता वैष्णो देवी में रोजाना पहुंच रहे 16 हजार श्रद्धालु

कटरा



मां वैष्णो देवी की यात्रा में वर्तमान में श्रद्धालुओं को बिना किसी परेशानी के दर्शन का अवसर मिल रहा है। श्रद्धालु दिन और रात दोनों समय मां वैष्णो देवी की प्राचीन गुफा में प्रवेश कर रहे हैं। दर्शन के बाद श्रद्धालु भैरव घाटी की ओर बढ़ रहे हैं और बाबा भैरवनाथ के चरणों में हाजिरी लगा रहे हैं। वर्तमान में रोजाना 13,000 से 16,000 श्रद्धालुओं का आंकड़ा बना हुआ है। श्रद्धालु को कटड़ा में पंजीकरण कराने में कोई कठिनाई नहीं हो रही है और भवन पर मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए भी उन्हें कोई खास इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। इस प्रकार श्रद्धालुओं की यात्रा उत्साहपूर्ण बनी हुई है। हेलीकॉप्टर, बैटरी कार, रोपवे, घोड़ा, पिट्ठू और पालकी जैसी सेवाएं भी बिना किसी परेशानी के उपलब्ध हैं। श्रद्धालु इन सेवाओं का लाभ उठाते हुए अपनी यात्रा कर रहे हैं। हालांकि, दिन के समय यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी का अनुभव हो रहा है, लेकिन सुबह और शाम के समय बर्फीली हवाएं चल रही हैं, जिससे श्रद्धालु गर्म कपड़े पहनकर यात्रा कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि मार्च माह में होली पर्व के बाद मां वैष्णो देवी की यात्रा में वृद्धि होने की संभावना है, जिसका व्यापारी वर्ग बेसब्री से इंतजार कर रहा है। शनिवार तक लगभग 15,000 श्रद्धालु पंजीकरण करवा चुके थे। बाकी श्रद्धालुओं का आना जारी है।

## क्या चीन के इशारों पर नाच रहा है सोना

नई दिल्ली

सदियों से सोना दुनिया भर में भरोसे का सबसे बड़ा प्रतीक रहा है। जब-जब दुनिया में अनिश्चितता आती है, लोग सोने की शरण में जाते हैं। लेकिन जनवरी 2026 के आखिरी दिनों में सोने की कीमतों ने जिस तरह का खेल दिखाया है, उसने पूरी दुनिया के कान खड़े कर दिए हैं। 29 जनवरी को सोना 5,594 डॉलर प्रति औंस के ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा और महज 24 घंटे के भीतर इसमें 10 फीसदी की भारी गिरावट आई। इससे यह सवाल खड़ा हो गया कि क्या सोना अब सुरक्षित निवेश नहीं रहा? और क्या सोने की कीमतों में हेरफेर के पीछे चीन के सट्टेबाजों का हाथ है? अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने चीन के बाजारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बेसेंट ने कहा, चीन में हालात कुछ अनियंत्रित हो




गए हैं उन्हें मार्जिन आवश्यकताएं कड़ी करनी पड़ रही हैं। मुझे यह सोने में क्लासिक सट्टा उछाल जैसा लगता है। उन्होंने स्पष्ट संकेत दिया कि सोने की कीमतों में यह बेतहाशा उछाल किसी आर्थिक जरूरत से नहीं, बल्कि चीनी बाजारों में मची उथल-पुथल और सट्टेबाजी का नतीजा है। मार्केट एक्सपर्ट्स अब यह मानने लगे हैं कि वैश्विक गोल्ड मार्केट का केंद्र अब लंदन या न्यूयॉर्क से खिसककर शंघाई की ओर जा रहा है। एमकेएस पैंप की रिसर्च और मेटल्स स्ट्रेटेजी प्रमुख निकी शील्स ने इस बात की पुष्टि की है। शील्स का कहना है, इस बार चीन 'मुख्य चालक' रहा है। यह तेजी सट्टा पूंजी प्रवाह तथा रिटेल और संस्थागत खरीदारी से आई है, जिसमें फिजिकल बार और फ्यूचर्स पोजिशनिंग शामिल हैं। यानी आम चीनी नागरिक से लेकर बड़े संस्थान तक, सब इस सट्टेबाजी की रेस में शामिल हैं। सोने में निवेश का पारंपरिक तरीका इसे खरीदकर तिजोरी में रखना होता था, लेकिन चीन ने इस खेल को ही बदल दिया है। कैपिटल इकोनॉमिक्स के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 की शुरुआत से चीनी गोल्ड-समर्थित होल्डिंग्स दोगुनी से अधिक हो चुकी हैं। अर्थशास्त्री हमाद हुसैन ने इस पर चिंता जताते हुए कहा, चीन के गोल्ड मार्केट में लीवरेज (उधार की पूंजी) बढ़ने के संकेत हैं।

## अयोध्या रेलवे स्टेशन भाजपाई 'भ्रष्ट मॉडल' का उदाहरण

लखनऊ (वार्ता)

कन्नौज में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कन्नौज रेलवे स्टेशन को गोरखपुर रेलवे स्टेशन की तर्ज पर विकसित करने की सरकार की योजना को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से तंज कसते हुए कहा कि अयोध्या में जो रेलवे स्टेशन बनाया गया, वह भाजपा के 'भ्रष्ट मॉडल' का उदाहरण है।



रविवार को अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को चाहिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि बनते ही गिर जाने वाली पानी की टंकी थोड़ी दूर बनाई जाए, छत ऐसी हो कि नीचे खड़े लोगों को छतरी न लगानी पड़े और एप्रोच रोड की परत न उखड़े। लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जाएं तो वे सही तरीके से काम भी करें। सपा अध्यक्ष ने कमीशनखोरी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता होनी चाहिए और यात्रियों के लिए वेटिंग एरिया वास्तव में सुविधाजनक बनाया जाए। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था और शौचालयों की स्थिति सुधारने की भी मांग की। अखिलेश यादव ने कहा कि ठेकेदार स्थानीय होना चाहिए, ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गौरतलब है कि अयोध्या रेलवे स्टेशन परिसर में एक दीवार गिरने की घटना सामने आई थी, जिसके बाद निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे। जिसको लेकर प्रेस सूचना ब्यूरो की फैक्ट चेक इकाई ने नव-उद्घाटित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर चारदीवारी गिरने की सोशल मीडिया पर चल रही खबरों का खंडन किया था। पीआईबी के अनुसार, गिरी हुई दीवार नए स्टेशन के ढांचे का हिस्सा नहीं थी, बल्कि पुराने स्टेशन क्षेत्र की थी। पीआईबी ने स्पष्ट किया कि यह दीवार एक निजी व्यक्ति द्वारा की जा रही खुदाई और पास के एक निजी क्षेत्र में जलभराव के कारण गिरी थी।

## कैलिफोर्निया में मृत पाया गया लापता भारतीय छात्र

वाशिंगटन (वार्ता)


छह दिनों से लापता भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया (22) अमेरिका के कैलिफोर्निया में मृत पाया गया है। श्रीनिवासैया बर्कले के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में केमिकल और बायोमॉलिक्यूलर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। वह नौ फरवरी से लापता था। बयान में कहा गया है, परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए दूतावास तैयार है। इसमें स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय और पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत भेजने की व्यवस्था शामिल है। हमारे अधिकारी परिवार के सीधे संपर्क में हैं और सभी आवश्यक औपचारिकताओं और सेवाओं में उनका सहयोग करेंगे।

साकेत को आखिरी बार परिसर से लगभग एक किलोमीटर दूर देखा गया था, जिसके बाद लेक अंजा और बर्कले हिल्स के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया था। श्रीनिवासैया के रूममेट बनीत सिंह ने भी सोशल मीडिया पर उसके बारे में जानकारी मांगी थी। टिल्डेन रीजनल पार्क के करीब उसका बैग मिला था। इसमें उसका पासपोर्ट और लैपटॉप था। वह भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास का पूर्व छात्र था और बर्कले में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहा था। साकेत के लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, वह उन छह लोगों में शामिल था, जिनके पास हाइपरलूप के लिए माइक्रोचैनल कूलिंग सिस्टम और उसकी विधि के आविष्कार का पेटेंट था। कर्नाटक की मुख्य सचिव शालिनी रजनीश ने विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर यूसी बर्कले के इस छात्र की तलाश में सहायता का आग्रह किया था।

## सिंधु के बाद चिनाब पर ऑपरेशन सवालकोट से दहला पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी मीडिया में सावलकोट जलविद्युत परियोजना को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने चिनाब नदी पर 1,856 मेगावाट की इस जलविद्युत परियोजना को आधिकारिक रूप से शुरू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी। यह फैसला इस मायने में बेहद अहम माना जा रहा है कि यह सिंधु जल संधि को ठंडे बस्ते में डाले जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में शुरू की गई पहली बड़ी रणनीतिक बुनियादी ढांचा परियोजना है।

इससे साफ संकेत मिलता है कि नई दिल्ली अब जम्मू-कश्मीर में अहम हाइड्रोपावर परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सावलकोट परियोजना की खबर आते ही पाकिस्तान के मीडिया और राजनीतिक गलियारों में अफरा-तफरी मच गई। कई बड़े पाकिस्तानी न्यूज चैनलों और राष्ट्रीय अखबारों ने




भारत के सुखाड़ प्लान से छूटे पसीने

लगातार कार्यक्रम चलाकर भारत पर 'पाकिस्तान को सुखा देने' की कोशिश करने के आरोप लगाए हैं। कुछ मीडिया संस्थानों ने तो इस परियोजना को 'फिफ्थ जनरेशन वॉरफेयर' तक कह दिया और इसे 'वॉटर टेररिज्म' यानी 'जल आतंकवाद' का नाम दे दिया। पिछले 48 घंटों में टीवी पैनलों और संपादकीय लेखों में इस कदम को 'पानी रोकने की रणनीति' बताया गया।

आरोप लगाया गया कि भारत चिनाब नदी के पानी को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहता है। इससे पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस परियोजना पर 'गंभीर चिंता' जताई थी और कहा था कि पाकिस्तान इसे 1960 की सिंधु जल संधि का उल्लंघन मानता है और इसके खिलाफ लड़ेगा। वहीं भारत ने साफ किया कि यह परियोजना उसके विकास अधिकारों के दायरे में आती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'हमने सावलकोट परियोजना को लेकर भारत से औपचारिक रूप से पूरी जानकारी मांगी है। पाकिस्तान अपने जल अधिकारों से कोई समझौता नहीं करेगा।'

वहीं भारतीय विदेश मंत्रालय ने दो टूक कहा कि भारत के भीतर होने वाली किसी भी विकास परियोजना का फैसला उसकी अपनी समझ और जरूरतों के आधार पर किया जाता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'भारत में जो भी विकास परियोजना होती है, वह हमारी अपनी समझ के अनुसार होती है। हम इस परियोजना को भी इसी नजरिए से देखते हैं।' भारतीय अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि सावलकोट परियोजना रन-ऑफ-द-रिवर श्रेणी की है, जो सिंधु जल संधि के तहत अनुमति प्राप्त है। इसमें नदी के पानी को किसी दूसरे क्षेत्र में मोड़ने की व्यवस्था नहीं है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सावलकोट डैम प्रोजेक्ट को लेकर औपचारिक रूप से बातचीत और जानकारी की मांग की है।

### फिल्म/टीवी मनोरंजन

# धुरंधर का 2 महीने बाद भी थिएटर में दबदबा



आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी धुरंधर रिलीज के दो महीने बाद भी थिएटर में मजबूती से टिकी हुई है। ये फिल्म लगातार कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। अब तो धुरंधर ने कुछ ऐसा कमाल कर दिया है कि हर कोई हैरान है। रणवीर सिंह की ये फिल्म अब बुक माई शो पर सबसे लंबे समय तक ट्रेंड करने वाली भारतीय फिल्म बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है। रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना स्टारर फिल्म को लगातार मिल रहे दर्शकों के प्यार ने इसे 2026 की सबसे बड़ी सिनेमाई घटनाओं में शामिल कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक धुरंधर लगातार 59 दिनों तक बुक माई शो पर ट्रेंड करती आ रही है। इससे पहले साल 2025 में छावा ने 58 दिनों तक ट्रेंड कर एक खास रिकॉर्ड बनाया था। अब धुरंधर ने इसे पछाड़ बाजी मार ली है।

रणवीर सिंह की ये फिल्म 1300 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। इसमें से 800 करोड़ रुपये से ज्यादा सिर्फ भारत में ही कमा चुकी है। ये एक हिंदी फिल्म के लिए कोई छोटा रिकॉर्ड नहीं है। दूसरे हफ्ते में ही फिल्म ने 253 करोड़ रुपये की कमाई की। तीसरे, चौथे और पांचवें हफ्ते में भी कमाई जारी रही। ओटीटी पर भी ये फिल्म अपनी सफलता बरकरार रखे हुए है। थिएटर में रिलीज होने के 8 हफ्ते बाद फिल्म ने ओटीटी पर आने के बाद भी यह भारत में रोज 25 से 30 लाख रुपये तक कमा रही थी। अब आदित्य धर की इस ताबड़तोड़ कमाई कर रही फिल्म के सीक्वल की तैयारी चल रही है। स्पाई थ्रिलर है फिल्म में रणवीर सिंह के अलावा संजय दत्त, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन जैसे एक्टर्स ने अपने अपने किरदार के साथ न्याय किया है। बताया जा रहा है कि फिल्म की कहानी असली घटनाओं से प्रेरित है। अब फिल्म का सीक्वल धुरंधर: द रिवेंज नाम से अगला भाग 19 मार्च को रिलीज होने वाला है। खास बात यह है कि पहली फिल्म की पूरी स्टारकास्ट सीक्वल में भी अपने किरदारों से दर्शकों का दिल जीतने आ रही है। इसी वजह से दर्शकों के बीच यह कयास तेज हो गया है कि धुरंधर 2 के अंत में हमजा की मौत हो सकती है। कई फैंस का मानना है कि हमजा अपने अतीत के बोझ और मिशन की कीमत चुकाते हुए शहीद हो सकता है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से इस पर भी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## मुंबई मेट्रो हादसे पर भड़कीं दीया मिर्जा



मुंबई में अंडर कंस्ट्रक्शन मेट्रो ब्रिज का हिस्सा गिरने के बाद शहर में सुरक्षा और विकास के मॉडल पर नई बहस शुरू हो गई है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत और तीन लोग गंभीर रूप से घायल होने के बाद दिया मिर्जा ने लोगों से सवाल किया है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए पूछा है कि आखिर हम किस तरह के बुनियादी ढांचे का समर्थन कर रहे हैं। दीया मिर्जा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर गंभीर मुद्दों पर अपनी राय बड़ी ही बेबाकी से रखती हैं। अब उन्होंने हाल ही में मुंबई में मेट्रो ब्रिज का हिस्सा गिरने के बाद हुए दर्दनाक हादसे पर भी अपनी राय जाहिर की है। साथ ही एक्ट्रेस ने इस हादसे के बाद लोगों से सवाल भी किए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी है। बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने इस घटना पर एक्स पर अपनी बात रखते हुए लोगों से कई सवाल किए हैं। उन्होंने कहा, 'आप किस तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर का सपोर्ट करते हैं। क्या ऐसे जो लोगों की जान ले, उनका दम घोंटे और उनकी सेहत व जिंदगी को नुकसान पहुंचाए। या फिर ऐसे जो जिंदगी को अहमियत दें, उनकी कद्र करें और लोगों की सुरक्षा को पहले रखे। सोशल मीडिया पर लोग उनकी इस पोस्ट पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देने लगे हैं। कुछ लोगों ने उनकी बात का सपोर्ट करते हुए कहा कि सिस्टम हादसे होने के बाद जागता है, जबकि हमें ऐसा सिस्टम चाहिए जो लोगों की सुरक्षा के हित में हो। तो कुछ यूजर्स ने रोजमर्रा की भीड़भाड़ और भागदौड़ को भी लोगों के आत्मसम्मान और मानसिक सेहत के लिए हानिकारक बताया है।

## देश की बेटियों को आईपीएस बनने के लिए किया प्रेरित

80 के दशक का वो दौर याद कीजिए, जब टीवी पर एक साधारण सी साड़ी पहने महिला सब्जी वाले से मोलभाव करते हुए बड़े कॉन्फिडेंस के साथ कहती थी- 'भाई साहब, सस्ती चीज और अच्छी चीज में फर्क होता है।' वो आवाज थी कविता चौधरी की, जिन्हें दुनिया 'ललिता जी' के नाम से जानती थी। ललिता जी सिर्फ एक विज्ञापन का किरदार नहीं थीं, बल्कि उन्होंने हर भारतीय घर की उस समझदार महिला को पर्दे पर उतारा था जो पाई-पाई का हिसाब रखती है। कविता की शुरुआत दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (रूस) से हुई थी, जहां अनुपम खेर और सतीश कौशिक जैसे दिग्गज उनके क्लासमेट थे। बाद में उन्होंने न सिर्फ एक्टिंग की, बल्कि उस दौर में निर्देशन की कमान भी संभाली जब महिलाओं के लिए यह रास्ता बहुत कठिन था।



कविता चौधरी का सबसे बड़ा धमाका था टीवी सीरियल 'उड़ान'। यह शो कोरी कल्पना नहीं था, बल्कि उनकी अपनी बहन कंचन चौधरी भट्टाचार्य की कहानी थी, जो देश की दूसरी महिला आईपीएस ऑफिसर बनी थीं। सीरियल में 'कल्याणी सिंह' का वो किरदार घर-घर में प्रेरणा बन गया। उस दौर में जब समाज मानता था कि बेटा ही 'कुल का दीपक' होता है, 'उड़ान' ने दिखाया कि एक बेटी भी सिस्टम का हिस्सा बनकर उसे बदल सकती है। इस शो का असर इतना जबरदस्त था कि इसे देखने के बाद सिविल सर्विस की परीक्षाओं में बैठने वाली लड़कियों की संख्या में भारी उछाल आया। कविता ने अपनी कलम और विजन से साबित कर दिया कि पर्दे पर औरत को 'अबला' दिखाने के बजाय अगर 'सबल' दिखाया जाए, तो भी लोग उसे उतना ही प्यार देते हैं। अगर 'उड़ान' ने कविता चौधरी सम्मान दिया, तो 'ललिता जी' के विज्ञापन ने उन्हें घर-घर का हिस्सा बना दिया। उन्होंने सिखाया कि थोड़ा ज्यादा खर्च करना फिजूलखर्ची नहीं, बल्कि एक सही 'निवेश' होता है। यह शायद भारतीय एडवर्टाइजिंग की पहली ऐसी कैंपेन थी जिसने एक हाउसवाइफ को 'इंटेलिजेंट डिसीजन मेकर' के रूप में पेश किया। जिंदगी के आखिरी सालों में कविता ने कैंसर जैसी बीमारी से बड़ी खामोशी और गरिमा के साथ जंग लड़ी। उनके जाने के बाद भी उनकी वो चमक और कल्याणी सिंह वाली हिम्मत आज भी याद की जाती है। वे भले ही अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन 'ललिता जी' की समझदारी और 'कल्याणी सिंह' की उड़ान आज भी करोड़ों महिलाओं को हौसला देती है।

# किसान कल्याण वर्ष 2026: जिले के प्रत्येक गांव में पहुंच रहा कृषि रथ




### आधुनिक खेती की ओर बढ़ा रहा जिला

### एक हजार से अधिक किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड व स्प्रे पम्प का हुआ वितरण

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले के सभी 6 विकासखंडों की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कृषि रथ पहुंच रहा है। किसानों को आधुनिक, वैज्ञानिक एवं लाभकारी खेती की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है। राज्य शासन के निर्देश पर संचालित इस विशेष अभियान में कृषि विभाग के अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों एवं उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ की सक्रिय सहभागिता दे रहे हैं। गांव- गांव पहुंच रहे कृषि रथ ने किसानों को तकनीक से जोड़ते हुए ई-विकास प्रणाली (ई-टोकन उर्वरक वितरण) से लेकर उन्नत कृषि यंत्रों तक की जानकारी दी जा रही है।

### आधुनिक खेती की दिशा में सशक्त मार्गदर्शन

कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की जानकारी, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण के लाभ, पराली (नरवाई) प्रबंधन के आधुनिक उपाय, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### किसानों को मिला प्रत्यक्ष लाभ

अभियान के दौरान एक हजार 150 किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड का वितरित किए गए। इसके साथ ही 451 स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई के प्रकरण ऑनलाइन दर्ज किए गए।

नरवाई प्रबंधन के लिए 540 सुपर सीडर एवं 17 बेलर के आवेदन भी ऑनलाइन कराए गए। किसानों को स्ट्रॉ रीपर, रीपर-कम- बाइंडर एवं सुपर सीडर जैसे उन्नत कृषि यंत्र वितरित किए गए। इसके अलावा एसएमएएम योजना के अंतर्गत किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर 700 स्प्रे पम्मप प्रदान किए गए।



# मेगा एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा करेली में मेगा एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना, कृषि विकास को बढ़ावा देना तथा उन्हें बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना था। कार्यक्रम के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री कुंदन कुमार, लीड बैंक मैनेजर श्री अरुण कुमार सिंह, शाखा प्रबंधक श्री भानु प्रताप सिंह राजपूत, गाडरवारा, नरसिंहपुर, सागोनी, तेंदूखेड़ा, नकटुआ, मुंगवानी, करकबेल, चावरपाठा एवं सिंहपुर शाखाओं के शाखा प्रमुख मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान जिले की सभी शाखाओं द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 20 करोड़ के कृषि ऋण स्वीकृत किए गए। इस अवसर पर नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। किसानों और नागरिकों को शासन की विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं, फसल ऋण, पशुपालन, डेयरी एवं अन्य कृषि संबद्ध गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

बैंक अधिकारियों ने किसानों को समय पर ऋण अदायगी, आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं से अवगत कराया। किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बैंक अधिकारियों ने बताया कि किसान हितैषी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# मप्र एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025 लागू

### नई औद्योगिक इकाइयों को मिलेगा 40 प्रतिशत तक उद्योग विकास अनुदान

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा लागू मप्र एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025 को 24 फरवरी 2025 से प्रभावशील है। यह योजना 24 फरवरी 2025 या उसके बाद वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने वाली विनिर्माण क्षेत्र की एमएसएमई इकाइयों को विशेष सहायता प्रदान करेगी। योजना के तहत नीति की प्रभावशील अवधि में विस्तार, डायवर्सिफिकेशन अथवा तकनीकी उन्नयन करने वाली विद्यमान विनिर्माण इकाइयों को उनके अतिरिक्त पात्र निवेश पर नई औद्योगिक इकाई के समकक्ष सहायता का लाभ मिलेगा। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर ने बताया कि संयंत्र एवं मशीनरी में 10 करोड़ रुपये तक निवेश करने वाली नई औद्योगिक इकाइयों को संयंत्र एवं मशीनरी भवन अतिरिक्त मान्य मदों में किए गए पात्र निवेश पर 40 प्रतिशत उद्योग विकास अनुदान प्रदान किया जाएगा। यह अनुदान चार समान वार्षिक किश्तों में वितरित किया जाएगा। महिला, अनुसूचित जाति (अजा) एवं अनुसूचित जनजाति (अजजा) उद्यमियों द्वारा स्थापित इकाइयों को प्रतिवर्ष 2 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान चार वर्षों तक दिया जाएगा। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की इकाइयों को यदि संयंत्र एवं मशीनरी में 5 करोड़ रुपये से अधिक निवेश किया जाता है, तो उन्हें विद्युत टैरिफ की प्रतिपूर्ति व मंडी शुल्क की प्रतिपूर्ति 5 वर्ष तक की अवधि के लिए देय होगी। इच्छुक उद्यमी विस्तृत जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर अथवा विभागीय पोर्टल पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएँ शांतिपूर्ण सम्पन्न

### जिले के 37 परीक्षा केन्द्रों पर हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विषयों की परीक्षा आयोजित

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत शनिवार 14 फरवरी को जिले में बनाए गए कुल 37 परीक्षा केन्द्रों पर हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी से संबंधित विषयों की परीक्षाएँ सम्पन्न हुईं। जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि हाई स्कूल स्तर पर एनएसक्यूएफ (नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क) अंतर्गत एआई विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में पंजीकृत 2 हजार 638 परीक्षार्थियों में से 2 हजार 619 परीक्षार्थी शामिल हुए। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी स्तर पर बायोटेक्नॉलॉजी, गायन- वादन तथा तबला-पखावज विषयों की परीक्षा आयोजित हुई। इसमें कुल 54 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 53 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई तथा नकल का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

# आँख में मिर्ची डालकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

थाना स्टेशनगंज अंतर्गत ग्राम करहैया खेड़ा निवासी राजेश मेहरा अपनी पत्नी के साथ दिनांक 13/02/2026 को ग्राम खमरिया स्थित अपने रिश्तेदार के यहाँ विवाह समारोह में सम्मिलित होने जा रहे थे। रात्रि लगभग 09:30 बजे जैसे ही वे ग्राम खमरिया के स्वागत गेट के समीप पहुँचे, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने ओवरटेक कर उनका रास्ता रोक लिया। मोटरसाइकिल के पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा राजेश मेहरा एवं उनकी पत्नी की आँखों में मिर्ची पाउडर फेंक दिया गया, जिससे दोनों असहज हो गए। इसके पश्चात आरोपियों द्वारा झूमाझटकी करते हुए महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया गया तथा मौके से फरार हो गए।

अज्ञात लुटेरों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु गठित की गयी थी दो विशेष पुलिस टीम

लूट की घटना संज्ञान में आने पर पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी, नरसिंहपुर श्री मनोज गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस की दो विशेष टीमों को गठन किया जाकर आरोपियों की तलाश कर गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए थे।

पुलिस की तत्परता से घटना के कुछ ही घंटों में आरोपी गिरफ्तार

पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए घटना स्थल के आस-पास के क्षेत्रों के सीसीटीव्ही कैमरों को चेक किया गया एवं स्थानीय लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की गयी साथ ही तकनीकी माध्यमों से जानकारियों को एकत्रित किया गया जिसके परिणाम स्वरूप घटना स्थल के पास से ही अभिषेक सिंह लोधी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। इसके उपरान्त प्राप्त जानकारी अनुसार यशवंत पटेल की गोटेगांव में होने की जानकारी मिलने में पुलिस टीम द्वारा गोटेगांव पहुचंकर प्रभावी घेराबंदी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी यशवंत पटेल को गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुयी। इसके उपरान्त प्राप्त जानकारी अनुसार यशवंत पटेल की गोटेगांव में होने की जानकारी मिलने में पुलिस टीम द्वारा गोटेगांव पहुचंकर प्रभावी घेराबंदी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी यशवंत पटेल को गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुयी।

**गिरफ्तार आरोपी**

1. यशवंत पटेल निवासी पिपरिया, थाना गोटेगांव।2. अभिषेक सिंह लोधी निवासी सूरवारी, थाना ठेमी।

**जप्ती**

मंगलसूत्र कीमती 1,20,000 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल टीव्हीएस कंपनी की रायडर कीमती 80,000 रूपये जप्त कर धारा 309 (4), 3/5 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीवद्ध। अज्ञात लुटेरों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में निरीक्षक सौरभ पटैल, उनि. राहुल सोनकर, उनि. मुकेश बिसेन उनि. दिलीप सिंह प्रधान आरक्षक बुधराम, आरक्षक लक्ष्मी नागपुर, दिलीप सिंह, नंदकिशोर, जितेन्द्र राणा, संतोष शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

# असिस्टेंट बुक कीपर का 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न

### 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान किए गए प्रमाण पत्र

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

सेंट आरसेटी ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान नरसिंहपुर में 30 दिवसीय आवासीय असिस्टेंट बुक कीपर का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 9 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित किया गया।



समापन कार्यक्रम में 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने ग्रामों में जाकर स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करें। उन्हें यह भी आश्वस्त किया गया कि स्वरोजगार की दिशा में संस्थान द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग निरंतर उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर असेसमेंट ऑफिसर श्री आनंद सिंह, निदेशक सेंट आरसेटी श्रीमती अनामिका मल्ल, श्री आशीष नामदेव, श्रीमती शिखा कुशवाहा, श्री गगन शर्मा, श्री रत्नेश दुबे एवं प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने चिन्हित ब्लैक स्पॉट स्थलों का किया निरीक्षण

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गाडरवारा तहसील के चीचली रोड स्थित दिघोरी तिगड्डा, कामती चौराहा, पिठेहरा तथा रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने चिन्हित ब्लैक स्पॉट स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संवेदनशील स्थलों पर तत्काल प्रभाव से सांकेतिक एवं चेतावनी बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए, ताकि वाहन चालकों को पूर्व सूचना मिल सके और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कामती चौराहा में सड़क की फुटपाथ पर कटिंग तथा अंधा मोड़ पाए जाने पर कलेक्टर ने सांकेतिक बोर्ड स्थापित करने समतलीकरण का निर्देश दिया।

# उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान की तैयारी को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में विकासखंड नरसिंहपुर के जनशिक्षा केंद्र मुगवानी एवं गोरखपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आगामी उल्लास नवभारत साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा की तैयारियों को लेकर अक्षरसाथी, अक्षरसाथी दीदियों तथा नोडल अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई।जिला सह-समन्वयक साक्षरता श्री अखलेश राजोरिया ने जनगणना 2011 के लक्ष्यों के अनुरूप शत प्रतिशत ऑनलाइन सर्वे पूर्ण करने एवं सामाजिक चेतना केंद्रों के नियमित संचालन पर विशेष जोर दिया।इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर से व्याख्याता श्री आनंद कुमार शर्मा, श्री प्रहलाद पटेल, विकासखंड सह-समन्वयक श्री विजय कुमार नामदेव, जनशिक्षक, संकुल सह-समन्वयक तथा अक्षरसाथी उपस्थित रहे।बैठक का उद्देश्य साक्षरता अभियान को अधिक प्रभावी बनाना तथा अधिक से अधिक निरक्षर नागरिकों को साक्षरता से जोड़ना रहा।

# पिट्ठू प्रतियोगिता हेतु टीम रवाना

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष पिट्ठू प्रतियोगिता हेतु जबलपुर संभाग की टीम प्रतियोगिता हेतु रवाना हो गई है रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल गुप्ता, क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर गुलबहार खान,डॉक्टर आशीष चतुर्वेदी, डॉक्टर अनूप परिहार, डॉक्टर नीलेश चौरे,डॉक्टर प्रशांत यादव की गहन निगरानी में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया टीम में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों से सुसज्जित जबलपुर की संभाग टीम पिछले वर्ष भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव हासिल किया था प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल गुप्ता ने खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन तथा खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया, टीम के मुख्य कोच डॉक्टर गुलबहार खान ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन देखते हुए आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास के साथ विश्वास दिलाया कि प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल गुप्ता, क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर गुलबहार खान, डॉक्टर आशीष चतुर्वेदी,डॉक्टर अर्जुनसिंह बघेल, डॉक्टर पुरुषोत्तम भांवरें तथा महिला एवं पुरुष पिट्ठू प्रतियोगिता के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# नियमित नियुक्ति का इंतजार, सब परेशान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शिक्षक चयन परीक्षा वर्ग-1, 2 एवं 3 उत्तीर्ण कर चुके सैकड़ों अतिथि शिक्षक अभी भी सरकारी स्कूलों में नियमित पद पर नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। खासकर महिला अतिथि शिक्षकों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। इनके पास वर्षों का अनुभव प्रमाण-पत्र है फिर भी शासन-प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिले के कई विकासखंडों में ये शिक्षक निराशा और आक्रोश के साथ सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कब होगी उनकी नियमित नियुक्ति अतिथि शिक्षकों ने वर्ग-1 2 और 3 की परीक्षा पास कर ली है ऐसे कई अतिथि शिक्षक फिलहाल स्कूलों में कार्यरत नहीं है और कुछ कार्यरत हो सकते हैं कई महिलाओं ने घर-परिवार की जिम्मेदारियां संभालते हुए भी इन परीक्षाओं को पास किया लेकिन नियमित पद नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। एक महिला अतिथि शिक्षिका ने नाम न छापने की शर्त पर बताया हमारे पास अनुभव प्रमाण-पत्र हैं हमने परीक्षा पास कर ली है, लेकिन परीक्षा पास करने के बाद सरकारी स्कूलों में नियमित नियुक्ति नहीं की जा रही है नियमित शिक्षक बनने के बाद स्थिर वेतन पेंशन और अन्य सुविधाएं मिलतीं, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि प्रदेश स्तर पर नियमित भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की बात कही जा रही है लेकिन जो परीक्षा पहले ही पास कर चुके हैं उन्हें सीधे नियमित पद पर पदस्थापना क्यों नहीं की जा रही। वे मांग कर रहे हैं कि परीक्षा उत्तीर्ण सभी अतिथि शिक्षकों को तत्काल नियमित शिक्षक के रूप में सरकारी स्कूलों में नियुक्त किया जाए अतिथि शिक्षक लगातार पूछ रहे हैं कि जिले के विधायक इस मुद्दे को विधानसभा में क्यों नहीं उठा रहे। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो वे सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपने और प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

एक अतिथि शिक्षक ने कहा हम महिलाओं के साथ अन्य साथियों की मांग है कि विधानसभा सत्र में इस विषय पर प्रश्न पूछा जाए और सरकार को घेरा जाए जिले के कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है अतिथि शिक्षक वर्षों से इन स्कूलों को संभाल रहे हैं लेकिन उन्हें स्थायी रोजगार नहीं मिल रहा अतिथि शिक्षकों की मांग है कि शासन तत्काल कदम उठाए और परीक्षा पास करने वाले सभी योग्य अतिथि शिक्षकों खासकर महिलाओं को नियमित पद पर नियुक्त कर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए।

# मुकेश सोनी इलाहाबाद हाईकोर्ट के शासकीय समापक अधिकारी नियुक्त

हटा (स्वतंत्र मत)।

हटा के रामगोपाल जी वार्ड निवासी महेश सोनी कांटी वालों के केनिष्ठ पुत्र मुकेश कुमार सोनी को भारत सरकार के कंपनी मंत्रालय द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद का शासकीय समापक नियुक्त किया गया है।

उनका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश होगा जो की जनसंख्या की द्रष्टि से सबसे बड़ा राज्य है। इसके पूर्व वह उच्च न्यायालय इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में उपशासकीय समापक अधिकारी रहे है। 4 साल तक कंपनी रजिस्ट्रार मध्य प्रदेश रहे। वर्तमान में संयुक्त निदेशक महानिदेशक कार्यालय नई दिल्ली में पदस्थ थे।

# बका से काट दी पुजारी की गर्दन

**सीधी (स्वतंत्र मत)।** सीधी जिले के कुसमी क्षेत्र में बका से हमला कर पुजारी की हत्या कर दी गई। मृतक इन्द्रभान द्विवेदी (75) तहसील परिसर स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी थे। वे रविवार सुबह 8 बजे महाशिवरात्रि की पूजा कर मोपेड से घर लौटे रहे थे। इसी दौरान हमलावर ने अचानक चलती मोपेड पर अटैक किया, जिससे इन्द्रभान गिर गए। हमला अचानक हुआ। आसपास मौजूद लोग कुछ समझ नहीं पाए। इसके बाद आरोपी लाला केवट (55) ने पुजारी की छाती पर पैर रखा और बके से गर्दन काट दी। उसने सीने और गले पर 8 वार किए।

पुजारी खून से लथपथ होकर तड़प रहे थे। वारदात के फौरन बाद आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने पकड़ लिया। वहीं, तब तक पुजारी की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पुलिस आरोपी लाला केवट को हिरासत में लेकर थाने लाई। उससे पूछताछ जारी है। मृतक के भतीजे धीरेश द्विवेदी ने बताया कि चाचा रोज हनुमान मंदिर में पूजा करने के लिए जाते हैं और 10 बजे तक लौट आते हैं। आज महाशिवरात्रि होने की वजह से पहले ही चले गए थे। पूजा के बाद वे सुबह 8 बजे लौट रहे थे। इसी दौरान लाला केवट ने चलती हुई गाड़ी मे वार किया। स्थानीय निवासी विष्णु शर्मा ने बताया कि आरोपी लाला केवट का आपराधिक रिकॉर्ड है। वह पहले भी कई अपराध कर चुका है। ब्राह्मणों से द्वेष रखता था। कई बार ब्राह्मणों से मारपीट की है। पूजा पाठ करने वाले व्यक्तियों को परेशान करता है। स्थानीय वकील राजेंद्र तिवारी ने बताया की पंडित जी की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। सिर्फ ब्राह्मण होने की वजह से उनकी हत्या की गई है। आरोपी शुरू से ही ब्राह्मण से बैर रखता है। उसकी इसी मानसिकता की वजह से पुजारी की जान गई है। इतना ही नहीं तहसीलदार लवलेश मिश्रा की हत्या से पहले भी उनके घर जाकर गाली-गलौज और मारपीट की थी। मेरे भी साथ इसने तहसील कोर्ट में मारपीट की थी।





# जब भोलेनाथ की दिव्य बारात निकली भक्तों का उमड़ पड़ा जनसैलाब

## श्रद्धा की गूंज से थर्राया विजयराघवगढ़ हर जुबान पर एक ही नाम नीलकंठेश्वर भक्ति धाम आयोजन महान

## भक्ति की सरिता उमड़ी शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक के साथ भव्य शिवबारात में अद्भुत झांकियों ने मोहा मन





**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विजयराघवगढ़ के सलैया पड़खुरी स्थित पावन धाम नीलकंठेश्वर भक्ति धाम में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अलौकिक आस्था का महासागर उमड़ पड़ा। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से वातावरण को शिवमय करती रहीं। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं कैलाश धरा पर अवतरित हो गया हो। मंदिर प्रांगण में स्थापित शिवालय के साथ साथ हनुमान जी महाराज राम दरबार प्रथम पूज्य श्री गणेश जी माँ दुर्गा श्रीकृष्ण राधारानी एवं सुदामा सहित समस्त देव प्रतिमाओं का विधिवत पूजन अर्चन हुआ।

भक्तों ने अपार श्रद्धा के साथ शिवलिंग निर्माण कर रुद्राभिषेक किया। वेद मंत्रों की गूंज और घंटों की अनुगूंज ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक धाम के संचालक परम श्रद्धेय मदनलाल ग्रोवर की प्रेरणा से उनके सुपुत्र बाबू ग्रोवर एवं धर्मपत्नी अदिति ग्रोवर पुत्र रुद्राक्ष ग्रोवर ने समस्त देवी-देवताओं का पूजन कर आयोजन का शुभारंभ किया। ग्रोवर परिवार के साथ अनगिनत भक्तों ने आस्था के पुष्प अर्पित किए और महादेव का अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महाशिवरात्रि के उपवासियों हेतु फलाहारी प्रसाद की सुंदर व्यवस्था की गई जिसे ग्रहण कर श्रद्धालु स्वयं को धन्य मानते रहे। तत्पश्चात देवों के देव महादेव की दिव्य एवं भव्य बारात धाम से लगभग एक किलोमीटर दूर तक निकाली गई। नंदी महाराज भैरव देव भूतनाथ सहित विविध अलौकिक स्वरूपों की मनोहारी झांकियों ने जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। सजे-धजे रथ आकर्षक वेशभूषा और गगनभेदी जयकारों के बीच ढोल नगाड़ों और बैंड बाजों की मधुर धुनों ने समूचे वातावरण में उत्साह और आनंद का संचार कर दिया। ग्रोवर परिवार एवं नीलकंठेश्वर भक्ति धाम समिति के सदस्य अपने सिर पर सुसज्जित थालों में शिवलिंग धारण कर भक्ति भाव से बारात में सम्मिलित हुए। अन्य बारातियों का सम्मानपूर्वक पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया। श्रद्धा, सम्मान और समर्पण का ऐसा अद्भुत संगम विरले ही देखने को मिलता है। अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण के बीच यह भव्य शिवबारात तालाब कुंड के समीप पहुंची, जहां शिवलिंग का जलाभिषेक कर विधिवत विदाई दी गई। उस क्षण उपस्थित हर श्रद्धालु की आंखें भावविभोर थीं मानो स्वयं शिव कृपा की वर्षा कर रहे हों।

आयोजन में लगभग बीस हजार से अधिक भक्तों की उपस्थिति दर्ज की गई। इस अवसर पर विधायक बड़वारा धीरेंद्र सिंह बहादुर, मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी समाजसेवी उद्योगपति यश पाठक शहर के अन्य सामाजिक गमन नागरिक सभी भक्तजन लोगों ने भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा में शामिल हुए। नीलकंठेश्वर भक्ति धाम का प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। सुरक्षा व्यवस्था हेतु बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा जिन्होंने व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। समूचा विजयराघवगढ़ हर हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने महादेव की जय-जयकार कर पुण्य फल प्राप्त किया और शिवमय अनुभूति के साथ अपने जीवन को धन्य किया। आज पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा जिसमें हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण कर महादेव की कृपा प्राप्त करेंगे साथ ही ब्रंदावन से आएगे कलाकार हेमन्त ब्रजवासी अपनी मधुर वाणी से मनमोहक गीतो के साथ संगीत मय गीतो से कार्यक्रम मे चार चाद लगाएगे। निस्संदेह यह आयोजन केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आस्था एकता और सनातन संस्कृति की जीवंत अभिव्यक्ति बनकर उभरा है।

फोटो : विकास गुप्ता

# कक्का निवास पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया का स्वागत



**कटनी।** मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया कटनी प्रवास के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का के निवास पहुंची। यहां पहुंचने के बाद महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बरोसी ने सबसे पहले भगवान चंद्र प्रभ के दर्शन किये। इसके उपरांत कार्यालय में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का, आराधना जैन, आदित्य जैन, पूर्वी जैन ने उनका गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रजनी वर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माधुरी जैन, सौम्या जैन, सेवादल अध्यक्ष मुकेश परौहा, हेमा शर्मा, माया चौधरी, मीनाक्षी बलवी, नीरा सोनी, लता खरे, पलक जैन इत्यादि बड़ी संख्या मे महिला कार्यकर्ता कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## संगठन की भूमिका तथा जमीनी स्तर पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता

कटनी शहर महिला कांग्रेस द्वारा शहर जिला अध्यक्ष रजनी वर्मा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय, कटनी में मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के प्रथम आगमन पर गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनके आगमन से महिला कांग्रेस सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह, ऊर्जा एवं संगठनात्मक चेतना का संचार हुआ। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम पत्रकार वार्ता को संबोधित किया, जिसमें प्रदेश की वर्तमान सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों, महिला सशक्तिकरण, संगठन की भूमिका तथा जमीनी स्तर पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि समाज में न्याय, समानता और अधिकारों की सशक्त आवाज़ है, जिसे और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा। इसके पश्चात महिला जिला अध्यक्ष के चयन एवं संगठनात्मक संरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वन-टू-वन चर्चा की गई। इस दौरान स्थानीय पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनके सुझाव प्राप्त किए गए तथा संगठन को अधिक



सक्रिय, प्रभावी और जनोन्मुख बनाने पर विशेष जोर दिया गया। तत्पश्चात आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठनात्मक विस्तार, बूथ स्तर तक महिला भागीदारी सुनिश्चित करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, प्रशिक्षण, जनसंपर्क अभियान तथा महिलाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचकर कांग्रेस की विचारधारा को सशक्त रूप से स्थापित करें। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एडवोकेट ने प्रदेश अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि महिला कांग्रेस संगठन की रीढ़ है और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही संगठन को नई दिशा, शक्ति और मजबूती प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी महिला कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया तथा उनके योगदान की सराहना करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। फोटो : विकास गुप्ता

# श्रीरामचंद्र पथ गमन योजना के तहत चित्रकला एवं कार्यशाला का हुआ आयोजन

## विद्यार्थियों द्वारा बढ़ चढ़कर की गई सहभागिता

**कटनी (स्वतंत्रमत)।**




शासकीय महाविद्यालय बरही में श्री रामचंद्र पथ गमन योजना के तहत प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी की अध्यक्षता में चित्रकला प्रतियोगिता एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बढ़ चढ़कर सहभागिता की गई एवं चित्रों के माध्यम से श्री रामचंद्र पथ गमन के छवि चित्रों के द्वारा संदेश दिया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि दिनेश प्रसाद शास्त्री ने विद्यार्थियों को श्रीरामचंद्र पथ गमन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मनोज चौधरी ने भगवान श्रीरामचंद्र जी के आदर्शो के बारे में जानकारी दी।

साथ ही विद्यार्थियों ने भी कार्यशाला में अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ अरुण तिवारी एवं कार्यक्रम का आभार सुनील कुमार कहार द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एस. एस. धुर्वे, सौरभ तिवारी, अब्दुल बारी, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के.के. विश्वकर्मा, डॉ. रूपा शर्मा, डॉ. अरविंद शुक्ला, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, प्रियंका तोमर, अनिता सिंह, संतोषी तिवारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, डॉ. सोनम पांडेय, डॉ. अरुण तिवारी, कैश मो. अंसारी, डॉ. चंद्रभान लोहार, दीपक मिश्रा, डॉ. के.पी. सिंह, सौरभ सिंह एवं स्टाफ के अन्य सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## झिंझरी में सेना की अग्निवीर भर्ती रैली जारी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।**

कटनी के झिंझरी स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड में भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली का व्यवस्थित आयोजन जारी है। इस रैली में 14 फरवरी की रात में कुल 762 युवाओं ने अग्नि वीर रैली भर्ती में भाग लिया। सिंगरौली जिले से 70, मऊगंज जिले से 216 , सीधी जिले से से 292, मैहर जिले से 168 एवं डिंडोरी जिले से 16 युवाओं ने फिजिकल एवं मेडिकल टेस्ट में पार्टिसिपेट किया। इसके अलावा दस्तावेजों का भी सत्यापन किया गया। अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल हो रहे सभी प्रतिभागी सेना के कामन इंट्रेस टेस्ट की लिखित परीक्षा को उत्तीर्ण कर चुके हैं। यहां उन सभी का जिन्हें बुलाया गया है, उनका फिजिकल टेस्ट, मेडिकल टेस्ट और दस्तावेजों का सत्यापन कार्य किया जा रहा है।

# भगवान शिव की आराधना करने दूर-दूर से आते हैं लोग



**कटनी (स्वतंत्रमत)।**

बहोरीवंद तहसील मुख्यालय से महज 7 किलो मीटर एवं बाकल से मात्र 5 किलो मीटर की दूर पर जिलहरी धाम अपनी अद्भुत प्राकृतिक एवं धार्मिक विशेषता के लिए जाना जाता है मुख्य रूप से यह स्थान इसलिए विशेष माना जाता है क्योंकि यहाँ पत्थरों और चट्टानों में प्राकृतिक रूप से शिवलिंगाकार आकृतियाँ दिखाई देती हैं। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि ये शिवलिंग स्वयं प्रकट होते हैं, अर्थात इन्हें मानव द्वारा स्थापित नहीं किया जाता 30 वर्षा से जिलहरी धाम मे रह रहे श्रीराम बाबा जी बताया कि महाशिवरात्रि मे भगवान शिव का विशेष पूजन प्रात: भक्तिभाव से पूजन माहरूद्राभिषेक हवन दोपहर मे विशाल भंडारे का आयोजन भक्तजनो द्वारा किया जाता है श्रीराम बावाजी बताते है कि यहां परमात्मा स्वमेव चट्टानो में प्रगट होते है चट्टानी क्षेत्र और शांत प्राकृतिक परिवेश इसे आध्यात्मिक साधना व ध्यान के लिए अनुकूल बनाते हैं। प्राकृतिक संरचनाएँ ही इसकी सबसे बड़ी पहचान हैं।

श्रीराम बावा जी बताते है जो जड को चेतन करे चेतन का जड करे बही परमामा है ये जिलहरी धाम है ऐसा स्थान पूरे देश मे कही नही देखने मिलेगा यहां भगवान पत्थरो मे स्वयं धीरे धीरे प्रगट होते है।

फोटो : विकास गुप्ता



# जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार से लोगों ने की ताज़ी हरी सब्जियों की खरीददारी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।**

जैविक कृषि को अपनाने वाले किसानों को उनके उत्पादों को अच्छा बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय के सामने नगर निगम मार्केट में रविवार को लगे जैविक एवं प्राकृतिक हाट-बाजार में साग सब्जियां मटर, ब्रोकली, गोभी, लौकी, भटा, गिलकी, मैथी, पालक और सरसों, सूरन जिमीकन्द, कच्चा पपीता, केला आदि उपलब्ध रहा। उप संचालक कृषि अरूणिमा सेन अयंगर ने बताया कि जैविक हाट में उत्पादों की अच्छी कीमत मिलने से किसानों में उत्साह है और अन्य किसानों में भी जैविक कृषि के प्रति रुचि और बढ़ने लगी है। आने वाले समय में जिले में जैविक खेती का रकबा बढ़ने की पूरी संभावना है। उन्होंने बताया कि जैविक हाट में लोगों की दिलचस्पी सप्ताह दर सप्ताह बढ़ती जा रही है और बड़ी संख्या में यहाँ पहुँचकर रसायन मुक्त उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं।

# शिक्षक राष्ट्र व समाज को मजबूत बनाता है, संगठन अधिकारों की सशक्त आवाज को : मनीष पाठक

## आजाद अध्यापक संघ का वार्षिक कैलेंडर विमोचन एवं शिक्षक सम्मान समारोह



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** आजाद अध्यापक संघ के वार्षिक में वार्षिक कैलेंडर विमोचन एवं शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन नगर निगम कटनी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम अध्यक्ष एवं संघ संरक्षक मनीष पाठक रहे। विशिष्ट अतिथियों में विण्खण्ड शिक्षाधिकारी कटनी नीरजा मीता अर्ननाल्ड, बहोरीबंद मनोज गर्ग, बीआरसी जनपद शिक्षा केंद्र बहोरीबंद प्रशांत मिश्रा, रीठी योगेश तिवारी, ढीमरखेड़ा प्रेम कोरी, प्राचार्य देवरी हटाई कल्पना मिश्रा, विप्र समाज अध्यक्ष राजकुमार शर्मा तथा राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जे.पी. हल्दकार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अतिथियों के आत्मीय स्वागत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत पगड़ी, साफा, स्मृति चिन्ह, शाल श्रीफल, पुष्पहार से किया गया तत्पश्चात सेवानिवृत्त शिक्षक लक्ष्मीकांत गर्ग, संजय मिश्रा, अजय मिश्रा एवं मार्तण्ड सिंह राजपूत का शॉल-श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। उनके दीर्घ शैक्षणिक योगदान को स्मरण करते हुए भावभीनी शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि मनीष पाठक ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र, समाज और नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माता है, जबकि संगठन शिक्षकों के अधिकारों की संगठित एवं प्रभावी आवाज है। व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में शिक्षक और संगठन दोनों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि आजाद अध्यापक संघ सदैव कर्तव्यों के प्रति समर्पित और अधिकारों के प्रति सजग रहा है। सेवा निवृत्त शिक्षकों का सम्मान करना समाज के लिए प्रेरणादायक एवं गौरवपूर्ण क्षण है।

विमोचन समारोह को विशिष्ट अतिथियों एवं सम्मानित शिक्षक गणों द्वारा सम्बोधित किया गया, सभी ने अपने अनुभव व्यक्त किये एवं विमोचन की बधाइयां प्रदान की समारोह का संचालन करते हुवे संघ संयोजक रमाशंकर तिवारी ने बताया कि यह कैलेंडर विमोचन का दसवाँ वर्ष है। इन वर्षों में शिक्षक समाज ने अपने कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति सजगता और एकजुटता का परिचय दिया है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति और समाज का उत्थान केवल शिक्षा के माध्यम से ही संभव हैय अत: शिक्षक जितना सशक्त होगा, राष्ट्र उतना ही मजबूत होगा। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में राजेश चौबे, राकेश पाठक, सुशील तिवारी, अखिलेश पांडेय, किशन लाल भुमियाँ, लाल कुमार यादव, रामाधार सोनू सरावगी, रामभुवन विश्वकर्मा, उमेश गर्ग, रोहित दुबे, रीना साहू, देवेंद्र कुलहरा, राम बाई कोल, दमयंती डेहरिया, राजेश कोरी, कंचन पांडेय, ब्रजेश मिश्रा, रमा यादव, रश्मि तिवारी, फूलचंद चौधरी, कैलाश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

सदैव शिक्षक समाज हेतु संकल्पित मनीष दीक्षित, प्रदीप तिवारी, अजय सिंह, इलयास खान श्रवण पाठक, बसंत पांडेय, कंचन पांडेय, आनंद बैरागी, राधेश्याम पठारिया शिक्षक संघ, राज्य कर्मचारी संघ, राज्य शिक्षक संघ, शिक्षक कांग्रेस, कर्मचारी कल्याण कोष संघ, आजाद शिक्षा परिषद, अतिथि शिक्षक संघ के प्रमुख पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

# एक बिहारी पाकिस्तान पर भारी

## टी20 वर्ल्ड कप में भारत ने पाक को 61 रनों से हराया, ईशान किशन ने जड़े 77 रन




कोलंबो

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप का 27वां मैच रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया। जिसमें टीम इंडिया ने 61 रनों से जीत हासिल की। ये मुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला गया। जहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। भारत ने पाकिस्तान के सामने 176 रनों का लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में उतरी पाकिस्तान की टीम 114 पर ही ढेर हो गई। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सुपर-8 के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। भारत के 176 रनों के जवाब में पाकिस्तान की ओर से साहिबजादा फरहान और सैम अयूब की जोड़ी उतरी। लेकिन हार्दिक ने फरहान को चलता किया और खाता भी नहीं खोलने दिया। हार्दिक का पहला ओवर मेडन रहा। इसके बाद बुमराह ने मोर्चा संभाला। वो दूसरा ओवर लेकर आए और उन्होंने दूसरी ही गेंद पर सैम अयूब का विकेट चटका दिया। सैम के बल्ले से केवल 6 रन आए। इसी ओवर में बुमराह ने कप्तान सलमान का भी विकेट झटक लिया। यानी दो ओवर में पाक का स्कोर 13-3 था। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने कहर बरपाया। 5वें ओवर में अक्षर पटेल ने बाबर आजम को बोल्ड किया। बाबर के बल्ले से केवल 5 रन आए। 6 ओवर के बाद पाकिस्तान का स्कोर 38-4 था। लेकिन इसके बाद उस्मान खान और शादाब खान ने पारी को संभाला। दोनों के बीच अच्छी साझेदारी पनपी। 10 ओवर के बाद पाकिस्तान का स्कोर 71-4 था। लेकिन उस्मान और शादाब के बीच 39 रनों की साझेदारी को तोड़ा अक्षर पटेल ने। अक्षर ने 11वें ओवर में उस्मान का विकेट झटका। उस्मान के बल्ले से 34 गेंद में 44 रन आए। इसके बाद कुलदीप ने 12वें ओवर में मोहम्मद नवाज का विकेट चटकाया। नवाज के बल्ले से केवल 4 रन आए। 13वां ओवर लेकर तिलक वर्मा आए और उन्होंने पहली ही गेंद पर शादाब का विकेट झटक लिया। शादाब ने 14 रन बनाए। इसके बाद 16वें ओवर में वरुण ने पाक को 8वां झटका दिया। फहीम 10 रन बनाकर आउट हो गए। अगली ही गेंद पर वरुण ने अबरार का भी विकेट चटका दिया।

### ऐसे चली भारत की बल्लेबाजी

पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत बेहद खराब रही। पहला ओवर सलमान आगा लेकर आए। उन्होंने पहले ओवर में ही अभिषेक का विकेट झटक लिया। अभिषेक खाता भी नहीं खोल सके। लेकिन इसके बाद ईशान किशन और तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला। 6 ओवर के बाद भारत का स्कोर 52-1 था। ईशान किशन ने केवल 27 गेंदों में ही फिफ्टी लगा दी। इसके बाद ईशान ने केवल छक्के-चौकों में डील किया। लेकिन भारत को दूसरा झटका 9वें ओवर में लगा। जब ईशान किशन 40 गेंद पर 77 रन बनाकर आउट हुए। सैम अयूब ने उनका विकेट लिया। ईशान ने अपनी पारी में 10 चौके और 3 छक्के जड़े। 10 ओवर के बाद भारत का स्कोर 92-2 था। इसके बाद कप्तान सूर्या और तिलक वर्मा के बीच अच्छी साझेदारी हुई। लेकिन 15वें ओवर में भारत को तीसरा झटका लगा, जब तिलक वर्मा 25 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अगली ही गेंद पर सैम अयूब ने हार्दिक का भी विकेट झटक लिया। हार्दिक खाता नहीं खोल सके। 15 ओवर के बाद भारत का स्कोर 127-4 रन था। 19वें ओवर में भारत को 5वां झटका लगा जब कप्तान सूर्या का विकेट उस्मान तारिक ने झटका। सूर्या के बल्ले से 32 रन आए। आखिरी ओवर में शिवम दुबे रन आउट हुए। दुबे के बल्ले से 27 रन आए। लेकिन रिंकू सिंह ने 4 गेंद में 11 रन जड़े जिसके दम पर भारत ने पाकिस्तान के सामने 7 विकेट खोकर 175 रन बनाए।




# भारत 'ए' महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया

**बैंकॉक (वार्ता)।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद दिनेश वृंदा (नाबाद 55) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भारत ए महिला टीम ने रविवार को महिला एशिया कप 2026 राइजिंग स्टार्स के छठे मुकाबले में पाकिस्तान को 59 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से रौंद दिया। आज यहां पाकिस्तान ए महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक सामना नहीं कर सकी और 18.5 ओवर में 93 रन के स्कोर पर सिमट गई। शवाल जुल्फिकार (23), गुल रुख (21) और अनोशा नासिर 17 रन बनाकर आउट हुईं। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकीं। भारत ए महिला टीम के लिए साइमा ठाकोर, राधा यादव और प्रेमा रावत ने दो-दो विकेट लिये। जिंतिमनी कलिता, मिन्नू मनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसे पहले ही ओवर में हुमैरा काजी (शून्य) के रूप में पहली ही गेंद पर झटका लगा। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आयी अनुष्का शर्मा ने दिनेश वृंदा साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़े। नौंवें ओवर में मोमिना रियासत ने अनुष्का शर्मा (24) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। भारत ए महिला टीम ने 10.1 ओवर में दो विकेट पर 97 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम किया। दिनेश वृंदा ने 29 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए नाबाद 55 रनों की पारी खेली। तेजल हसबनीस 12 रन बनाकर नाबाद रही। पाकिस्तान के लिए वाहिदा अख्तर और मोमिना रियासत ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# देसाई-घोरपड़े मिक्स्ड डबल्स में रनर-अप रहे




चेन्नई (वार्ता)।

भारत के हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े ने डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 2026 के फाइनल में रोमानिया की दूसरी सीड एडवर्ड इओनेस्कु और बर्नाडेट स्ज़ोक्स से हारने के बाद मिक्स्ड डबल्स रनर-अप मेडल जीता। देसाई और घोरपड़े फाइनल में 3-0 से हार गए, जो डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर इंडिया के चार एडिशन में किसी भारतीय जोड़ी का सबसे अच्छा प्रदर्शन था।

इस बीच, चेकिया के लुबोमिर जानकारिक ने कोरिया रिपब्लिक के पार्क गंगहियोन को 3-2 से हराकर कॉम्पिटिशन में अपना ड्रीम रन जारी रखा। अब उनका मुकाबला फ्रांस के पांचवीं सीड थिबॉल्ट पोरेट से होगा, जो डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 2026 के दूसरे एडिशन में फ्लेवियन कॉटन के साथ मेन्स डबल्स टाइटल जीतकर डबल क्राउन जीतने की कोशिश कर रहे हैं।

# लोकेश सत्यनाथन ने लांग जंप का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया



**फेएटविले (वार्ता)।** भारत के लोकेश सत्यनाथन शनिवार को अर्कांसस में टायसन इनविटेशनल 2026 में 8.01मी की ऐतिहासिक छलांग लगाकर इनडोर लॉन्ग जंप में आठ मीटर का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय बन गए। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, रैंडल टायसन इनडोर सेंटर में टैरलटन स्टेट के लिए मुकाबला करते हुए, 26 साल के लोकेश 16 एथलीटों के बीच आठवें स्थान पर रहे और एक नया भारतीय इनडोर नेशनल रिकॉर्ड बनाया, जिससे 2023 से जेसविन एल्ड्रिन के 7.97मी के पिछले रिकॉर्ड में सुधार हुआ।

यह इवेंट अमेरिकी हर्डलर कॉर्डेल टिंच ने 8.29मी की छलांग के साथ जीता, जबकि जमैका के वर्ल्ड चैंपियन ताजय गेल 8.13मी के साथ चौथे स्थान पर रहे। दक्षिण अफ्रीका के ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट लुवो मन्योंगा 8.11मी के साथ छठे स्थान पर रहे। सत्यनाथन ने कॉम्पिटिशन के दौरान लगातार 7.69मी, फाउल, 7.94मी, 7.99मी, 8.01मी और 7.96मी की जंप लगाई। उनकी रिकॉर्ड तोड़ने वाली कोशिश उनके करियर की दूसरी सबसे अच्छी जंप भी थी, जो 2023 में कैलिफ़ोर्निया में एक आउटडोर मीट में हासिल की गई उनकी पर्सनल बेस्ट 8.02मी से पीछे है।

## राहुल और पड़िक्कल के शतक से कर्नाटक मजबूत स्थिति में

**लखनऊ (वार्ता)।** देवदत्त पड़िक्कल (नाबाद 148) और केएल राहुल (141) की शतकीय पारियों की बदौलत कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी 2026 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले के पहले दिन रविवार को स्टंप्स के समय उत्तराखंड के खिलाफ दो विकेट पर 355 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। आज यहां टॉस जीतकर उत्तराखंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कर्नाटक की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने नौवें ओवर में मयंक अग्रवाल (पांच) का विकेट गंवा दिया। उन्हें आदित्य रावत ने आउट किया। देवदत्त पड़िक्कल ने केएल राहुल के साथ शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए दूसरे विकेट के लिये 278 रन जोड़े।

# इंडिया वुमेंस टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

सिडनी (वार्ता)।

अरुंधति रेड्डी (चार विकेट), रेणुका सिंह और श्रीचरणी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को टी-20 सीरीज के वर्षा प्रभावित पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस पद्धति (डीएलएस) से 21 रनों से हराया।

अरुंधति रेड्डी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिय 33 रन जोड़े। पांचवें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने शेफाली वर्मा को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। शेफाली वर्मा ने दो छक्के और एक चौका लगाते हुए 22 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जेमिमा रॉड्रिग्स ने स्मृति मंधाना के साथ पारी को संभाला। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ ने शुरुआती झटके दिये। बेथ मूनी (पांच) को रेणुका और जॉर्जिया वॉल (18) को क्रांति गौड ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद फीबी लिचफील्ड और एलिस पेरी की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया और तीसरे विकेट के लिये 41 रन जोड़े।

# अमेरिका में दहाड़ेंगे भारत में बने ट्रैक्टर

नई दिल्ली।

खेती और निर्माण उपकरण बनाने वाली कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा का मानना है कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता अमेरिका को ट्रैक्टर का निर्यात करने का एक अच्छा अवसर है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है। एस्कॉर्ट्स कुबोटा की जापानी मूल की कंपनी कुबोटा कॉरपोरेशन ने कहा है कि वह 2030 के लिए अपनी मध्यम अवधि की कारोबारी योजना के तहत भारत को अपना वृद्धि का इंजन बनाने की तैयारी कर रही है। कंपनी अपनी रणनीति के महत्वपूर्ण पहलू के तहत भारत में कारोबार और परियोजनाओं की संभावनाएं तलाश रही है।



एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक और भारत में मुख्य वित्त अधिकारी भरत मदान ने कहा, अभी हम अमेरिका को निर्यात नहीं कर रहे हैं। हमें लगता है कि अब शुल्क लगने से, शायद हमें उस बाजार को फिर से खोलने पर विचार करने का अच्छा मौका मिलेगा। वह भारत-अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के असर पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा, अभी हमारी मूल कंपनी (कुबोटा) जापान से निर्यात कर रही है, और जापान पर अमेरिकी शुल्क लगभग 15 प्रतिशत है। इसमें और भारत के 18 प्रतिशत के शुल्क में कोई खास अंतर नहीं है। उन्होंने कहा, अगर हम भारत में ट्रैक्टर बना सकें और निर्यात को एक विकल्प के तौर पर देख सकें तो यह हमारे लिए एक अच्छा मौका है। यह मूल कंपनी के लिए सोचने को एक बहुत अच्छा परिदृश्य होगा।

अपने 2030 की मध्यम अवधि की कारोबारी योजना के तहत, कुबोटा कॉरपोरेशन ने कहा कि ऊंची वृद्धि वाले बाजारों पर कब्जा करने का लक्ष्य रखते हुए कंपनी भारत को शोध एवं विकास, खरीद और उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाने का अवसर तलाशेगी।

## शीर्ष 6 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा घटा

**मुंबई (वार्ता)।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के कारण बीएसई की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,00,706 करोड़ रुपये घट गया, जबकि अन्य चार कंपनियों के एमकैप में 1,68,819 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गयी। सप्ताह के दौरान आईटी कंपनियों पर भारी दबाव के बीच टीसीएस का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 90,199 करोड़ रुपये और इंफोसिस का 70,780 करोड़ रुपये घट गया। एचडीएफसी बैंक में 54,628 करोड़ रुपये की गिरावट रही। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज को एमकैप में 41,883 करोड़ रुपये और जीवन बीमा कंपनी एलआईसी को 23,972 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

# विदेशी निवेशकों ने फरवरी में 19,675 करोड़ का किया निवेश

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच हुए ट्रेड डील का असर अब दिखने लगा है। विदेशी निवेशकों का रूख भी भारतीय बाजार की तरफ लौट रहा हैं। फरवरी महीने की बात करें तो, विदेशी निवेशकों ने बाजार पर भरोसा दिखाया और जमकर निवेश किया है। आंकड़ों के अनुसार, फरवरी महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने करीब 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है। बीते कुछ महीनों में विदेशी निवेशकों ने बाजार में जबरदस्त बिकवाली की थी। इस बदलते हुए ट्रेंड से घरेलू निवेशकों का भी भरोसा भारतीय बाजार पर और ज्यादा बढ़ सकता है। लंबे समय तक बिकवाली के बाद अब विदेशी निवेशकों का रुख बदलता नजर आ रहा है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने फरवरी के पहले दो हफ्तों में भारतीय शेयर बाजार में 19,675 करोड़ रुपये का निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार 13 फरवरी तक यह राशि विदेशी निवेशकों ने बाजार में डाली है। जो




पिछले तीन महीनों की लगातार निकासी के बाद एक अहम बदलाव माना जा रहा है। बिकवाली आंकड़ों की बात करें तो, जनवरी में एफपीआई ने 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये की निकासी की थी। साल 2025 में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से शुद्ध रूप से 1.66 लाख करोड़ रुपये निकाले थे।

# वेदांता ने नायरा एनर्जी को कच्चे तेल की आपूर्ति रोकी




**नई दिल्ली।** रूस के अलावा दुनिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति बंद होने के बाद रोसनेफ्ट के समर्थन वाली वाली भारतीय रिफाइनरी कंपनी नायरा एनर्जी को घरेलू बाजार में भी कच्चा तेल मिलना बंद हो गया है। अब इसका असर सोमवार को शेयर बाजार खुलने पर कंपनी के शेयरों पर भी देखने को मिल सकता है। सूत्रों के मुताबिक, वेदांता लिमिटेड की केयर्न ऑयल एंड गैस ने पाबंदियों के इस माहौल के बीच नायरा को राजस्थान के अपने तेल क्षेत्र से से कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी है। नायरा में रोसनेफ्ट समेत कई रूसी कंपनियों का स्वामित्व है। राजस्थान से आने वाला कच्चा तेल उसकी कुल जरूरत का लगभग पांच-10 प्रतिशत था। इस आपूर्ति को गुजरात में उसकी दो करोड़ टन सालाना (लगभग 4,00,000 बैरल प्रतिदिन) क्षमता वाली वाडिनार रिफाइनरी में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता था। पिछले साल यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा कंपनी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद वेदांता लिमिटेड की लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज एक प्रतिबंध के दायरे में आने वाली कंपनी के साथ वाणिज्यिक करार के कारण दूसरे पाबंदियों के खतरे को लेकर सावधान हो गई थी। सूत्रों ने बताया कि अनुपालन की संभावित दिक्कतों से बचने के लिए वेदांता की केयर्न ऑयल एंड गैस ने नायरा को कच्चे तेल की आपूर्ति रोक दी। केयर्न ऑयल एंड गैस राजस्थान के बाड़मेर तेल क्षेत्र का परिचालन करती है। हालांकि, इस बारे में नायरा को भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं मिला। जुलाई 2025 में, यूरोपीय संघ ने यूक्रेन विवाद के बीच रूस के तेल राजस्व को रोकने के बड़े कदम के तहत नायरा एनर्जी पर प्रतिबंध लगा दिया था। इन उपायों में रूसी कच्चे तेल से बने पेट्रोलियम उत्पादों पर यूरोपीय संघ के बाजारों में प्रतिबंध लग गया था। साथ ही प्रतिबंध के दायरे में आने वाली इकाइयों के लिए वित्तीय और समुद्री मार्ग के जरिये सेवाओं पर पहुंच सीमित की गई थी।

इसके तुरंत बाद ब्रिटेन ने रूस के तेल हितों पर निशाना साधते हुए ऐसे ही प्रतिबंधों की घोषणा की, जिसमें नायरा जैसी इकाइयां शामिल थीं, क्योंकि रूस की सरकारी पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट के पास इसका बहुलांश स्वामित्व है। इन पाबंदियों ने न सिर्फ नायरा को यूरोपियन ईंधन बाजार से बाहर कर दिया, बल्कि उसके लिए कच्चे तेल की खरीद के विकल्पों को भी सीमित कर दिया। सऊदी अरब और इराक के तेल उत्पादक, जिनकी यूरोप में काफी वाणिज्यिक पहुंच है, ने यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के कदमों के बाद कंपनी को आपूर्ति रोक दी।

## व्यापार के बुनियादी ढांचे में हो रहा सुधारः फर्नांडो

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की बहुराष्ट्रीय उपभोक्ता वस्तु कंपनी यूनिलीवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फर्नांडो फर्नांडीज की भारत में हुए व्यापार में सुधार को लेकर प्रतिक्रिया आई। उन्होंने कहा कि भारत में कंपनी के कारोबार की बुनियादी स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। अमेरिका के बाद भारत यूनिलीवर का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है और कंपनी के लिए सबसे प्रमुख स्थानों में से एक है। चौथी तिमाही में यूनिलीवर के होम केयर सेगमेंट में 4.7 प्रतिशत की मूल बिक्री वृद्धि के साथ-साथ 4 प्रतिशत की मात्रा वृद्धि दर्ज की है।

## 1000 से ज्यादा पायलट की भर्ती करेगी इंडिगो

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो बड़े पैमाने पर पायलटों की भर्ती करने की तैयारी में है। कंपनी 1,000 से ज्यादा पायलट नियुक्त करेगी। यह भारतीय विमानन क्षेत्र में किसी भी एयरलाइन द्वारा की जाने वाली सबसे बड़ी भर्ती मुहिम में से एक है। यपरिचालन संबंधी दिक्कतों के बाद लिया गया है, जब क्रू की कमी के कारण महज 7 दिनों में 5,000 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं।

# वैश्विक कारकों से शेयर बाजार को मिलेगी दिशा

**मुंबई (वार्ता)।** आईटी कंपनियों पर दबाव से घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह गिरावट देखी गयी और अब आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर ज्यादा रहेगी। घरेलू स्तर पर अगले सप्ताह आयात-निर्यात के आंकड़े जारी होने हैं। इससे बाजार में निवेश धारणा प्रभावित हो सकती है। निवेशक वैश्विक कारकों से संकेत लेकर अपनी रणनीति तय कर सकते हैं। बीते सप्ताह आईटी कंपनियों में बड़ी गिरावट देखी गयी। इसका प्रमुख कारण एक अमेरिकी कंपनी द्वारा एआई समर्थित एक ऐसे टूल के विकास की खबर है जिससे भारतीय आईटी कंपनियों को मिलने वाले ऑर्डर के प्रभावित होने की आशंका है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 953.64 अंक (1.14 प्रतिशत) की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 82,626.76 अंक पर बंद हुआ।



इसमें पहले दो दिन तेजी और बाद के तीन दिन गिरावट रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 222.60 अंक यानी 0.87 फीसदी उतरकर सप्ताहांत पर 25,471.10 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों के निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.37 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि छोटी कंपनियों का निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.56 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स में सबसे ज्यादा साप्ताहिक नुकसान उठाने वाली चारों कंपनियां आईटी क्षेत्र की रहीं। इंफोसिस का शेयर 9.12 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 8.70 प्रतिशत, टीसीएस का 8.48 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का 5.18 प्रतिशत गिर गया। एफएमसीजी कंपनियों में हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 4.89 फीसदी और आईटीसी का 3.82 फीसदी गिर गया जबकि ट्रेंट में 3.22 प्रतिशत की तेजी रही। बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सेंसक्स में सबसे ज्यादा 12.42 प्रतिशत उछला। बजाज फाइनेंस में 4.32 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 0.55 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 0.01 प्रतिशत की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक ने सबसे ज्यादा 3.77 प्रतिशत का नुकसान उठाया। एक्सिस बैंक का शेयर 0.58 फीसदी और कोटक महिंद्रा बैंक का 0.34 फीसदी टूट गया। बिजली कंपनियों में पावरग्रिड का शेयर 1.88 प्रतिशत और एनटीपीसी का 0.59 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.13 प्रतिशत लुढ़क गया। अडानी पोर्ट्स में 1.97 प्रतिशत, दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल में 1.66 प्रतिशत और एशियन पेंट्स में 1.60 प्रतिशत की गिरावट रही। बिक्री के अच्छे आंकड़े आने से मारुति सुजुकी का शेयर 1.51 प्रतिशत चढ़ गया जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.2 फीसदी की गिरावट रही।

# अद्भुत धाम है नवग्रह शक्तिपीठ: डॉ. यादव



## डबरा में नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को ग्वालियर जिले के डबरा में नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता की। महाशिवरात्रि के अवसर पर नवग्रह शक्तिपीठ परिसर ओम नमः शिवाय से गूंज उठा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवग्रह मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डबरा में निर्मित यह नवग्रह शक्तिपीठ एक अद्भुत धाम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश सरकार की ओर से सभी का अभिनंदन करते हुए महाशिवरात्रि पर्व की उपस्थितजन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर डबरा के शक्तिपीठ में उपस्थित होना सौभागय का विषय है। उन्होंने कहा कि डॉ. नरोत्तम मिश्र द्वारा इस नवग्रह शक्तिपीठ का निर्माण कर अद्भुत और प्रेरणादायी संकल्प को साकार किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुमार विश्वास का अभिदनंदन करते हुए कहा कि उन पर मां सरस्वती की कृपा सदैव बरसती है। वे समाज को प्रेरणा देने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्रीराम द्वारा वनवास प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि इतना समृद्ध राज्य छोड़कर संसाधनों के अभाव में भी दो राजकुमारों द्वारा रामराज्य का स्वप्न देखना साहस, धैर्य और आदर्श का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान राम द्वारा स्वयंवर के समय विराट रूप के दर्शन करवाए गये जिसके साक्षी दुनिया के अनेक शासक भी थे। निश्चित ही यह प्रसंग युवा शक्ति के समाजहित में उपयोग की दृष्टि से भी अध्ययन और शोध का विषय है। पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने नवग्रह शक्तिपीठ के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि डबरा में इस प्रकल्प के पूर्ण होने और संतों के समागम का अवसर सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डबरावासियों की भावना का सम्मान करते हुए सहभागिता की है। डॉ. मिश्र ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित अन्य अतिथियों को साफा बांधकर और अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान भी किया। श्री कुमार विश्वास ने कथा वाचन द्वारा अनेक पौराणिक प्रसंग सुनाए। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, सांसद विष्णुदत्त शर्मा, सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### बड़वाले महादेव मंदिर पहुंचकर की पूजा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर भोपाल के प्राचीन बड़वाले महादेव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नागरिकों को महाशिवरात्रि की बधाई देते हुए सभी के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर अभिषेक किया। वे महाशिवरात्रि पर्व पर शिवभक्तगणों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। पुलिस बैंड के सदस्यों सहित अनेक युवाओं ने डमरू दल के साथ पारम्परिक प्रस्तुति दी।



### शिव बारात का रथ खींचा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शिव बारात को रवाना किया और बारात का रथ भी खींचा। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकगण उत्साह, उमंग से बारात में शामिल हुए। इस दौरान हर-हर महादेव और जय महाकाल के सामूहिक स्वर से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। महाशिवरात्रि के कार्यक्रम और शिव बारात में अनेक जनप्रतिनिधि और शिव भक्त भी शामिल हुए। इनमें सांसद आलोक शर्मा, भोपाल की महापौर मालती राय, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, रविंद्र यति, राहुल कोठारी सहित महाशिवरात्रि पर्व आयोजन समिति के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हैं।

# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में मध्यप्रदेश करेगा नवाचारों का प्रदर्शन

भोपाल (स्वतंत्र मत)




इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 का आयोजन 16 से 20 फरवरी 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा। समिट में प्रदेश का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मध्यप्रदेश पैवेलियन स्थापित कर राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। प्रदर्शनी हॉल-4, प्रथम तल, बूथ क्रमांक 4एफ32 एवं 4एफ34 में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होगी। मध्यप्रदेश पैवेलियन में एआई-सक्षम शासन मॉडल, डीप-टेक नवाचारों और स्टार्टअप आधारित समाधानों का व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा। यह सहभागिता 15 जनवरी 2026 को भोपाल में आयोजित रीजनल एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस के बाद हो रही है, जहाँ प्रदेश ने शासन, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, शहरी तंत्र और औद्योगिक स्वचालन जैसे क्षेत्रों में एआई के प्रभावी उपयोग का प्रदर्शन किया था। समिट में प्रदेश के चार प्रमुख शासकीय विभागों द्वारा एआई के व्यावहारिक उपयोग प्रस्तुत किए जाएंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा टीबी जोखिम पूर्वानुमान के लिए पीएटीओ, एआई आधारित मल्टीमॉडल टीबी स्क्रीनिंग के लिए सीएटीबी, मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य के लिए संवादात्मक एआई आधारित सुमन सखी और शासकीय अस्पतालों में निदान दक्षता बढ़ाने के लिए एआई-सहायित रेडियोलॉजी निर्णय समर्थन पायलट प्रदर्शित किया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा के लिए एआई-चालित जिला प्रदर्शन प्रतिवेदन प्रणाली प्रस्तुत करेगा, जो लाइव एपीआई डेटा को केपीआई बेंचमार्किंग, अपवाद पहचान और ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक एआई-जनित अंतर्दृष्टियों में परिवर्तित कर जमीनी स्तर पर योजना निर्माण और पारदर्शिता को सुदृढ़ बनाती है। शहरी प्रशासन एवं विकास संचालनालय द्वारा एमपी अर्बन लॉकर, जेनरेटिव एआई आधारित जीआईएस गरुड़ लैब, एआई-सक्षम फ्लीट एवं ईंधन प्रबंधन प्रणाली और ई-नगर पालिका एकीकरण ढांचा प्रदर्शित किया जाएगा। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड होलोग्राफिक डिस्प्ले, महाकाल दर्शन अनुभव, इंटरैक्टिव डिजिटल कियोस्क और वीआर आधारित 360 डिग्री पर्यटन सहभागिता उपकरण प्रस्तुत करेगा, जो पर्यटन प्रोत्साहन के लिए उन्नत डिजिटल इंटरफेस को दर्शाते हैं। पैवेलियन में एमपीएसईडीसी की एआई पहलों को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

# राज्यपाल से मिले केरल के पार्षदगण

भोपाल (स्वतंत्र मत)



राज्यपाल मंगुभाई पटेल से रविवार को लोकभवन में केरल राज्य के विभिन्न स्थानीय निकायों के पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल ने सभी का आत्मीय स्वागत कर परिचय प्राप्त किया। उनके क्षेत्र के राजनैतिक और प्रशासनिक नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश के भ्रमण पर आए केरल के जनप्रतिनिधि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के साथ समाज और राष्ट्र की सेवा करें। प्रदेश सरकार के अनुकरणीय नवाचारों और भ्रमण के अनुभवों को अपने क्षेत्रों में जनकल्याणकारी और विकासात्मक कार्यों में लागू करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुँचाने में आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी से स्थानीय शासन को और अधिक प्रभावी बनाएं। हमेशा गरीब, वंचितों और जरूरतमंदों की सेवा के संकल्प का पालन करें। राज्यपाल श्री पटेल से केरल के जनप्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश भ्रमण के अनुभव साझा किए। देश की स्वच्छतम राजधानी के रूप में भोपाल के सफ़ाई प्रबन्धन की सराहना की। प्रदेश के जल प्रबन्धन, स्मार्ट सिटी परियोजना, कचरा निस्तारण, सौर ऊर्जा आदि की चर्चा की। शिष्टाचार भेंट कार्यक्रम में राजभवन के अधिकारी और प्रदेश में निवासरत मलयाली समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## श्री गौरीशंकर मंदिर में भजन संध्या का आयोजन हुआ

हटा (स्वतंत्र मत)

महाशिवरात्रि पर्व की पूर्व संध्या बेला में शनिवार को नगर के गौरीशंकर मंदिर परिसर में अतिरुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के अंतर्गत भव्य भजन संध्या का आयोजन दद्दा मंच पर किया गया। दद्दा कला मंच पर कलर्स ग्रुप जबलपुर से आए कलाकारों ने मोहक और हृदयस्पर्शी प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। भगवान शिव के दिव्य वेश में प्रस्तुत तांडव एवं शिव नृत्य ने समां बांध दिया जिससे उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ संयोजक पुष्पेंद्र हजारी, विधायक उमादेवी खटीक, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विधिवत पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया।

# महाशिवरात्रि पर हटा में निकली बारात

## दिन भर चलते रहे कार्यक्रम, शिवालयों में देखा गया आस्था का सैलाब

हटा (स्वतंत्र मत)



महा शिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में पूरे श्रद्धा आस्था एवं उत्साह के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गौरीशंकर मंदिर मे दूल्हा वेश धारी का विशेष श्रृंगार, महारुद्राभिषेक किया गया। भूतेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग निर्माण एवं भगवान भोले का विशेष श्रृंगार किया गया। महाशिवरात्रि पर नगर के कमला नेहरू बार्ड में स्थित मां विंध्यवासिनी माता मंदिर शंकर जी का चबूतरा प्रांगण से बारात निकाली गई जो थाना मंदिर चौराहा बड़े जोश से पहुंची जहां भस्म और फूलों की बरसा की गई। कोई असुर दानव बनकर बरात में शामिल हुआ तो कोई गले सर्प लपेटे हुए चला तो कोई गले में मुंडों की माला पहने हुए था। इसके बाद बड़ा बाजार राम मंदिर से होते हुए नगर के सबसे पुराने शिव मंदिर भूतेश्वर महादेव पहुंची और वहां से भूतेश्वर नाथ के दर्शन करते हुए तीन बत्ती तिगड्डा अग्रवाल पेट्रोल पंप चंडी जी मंदिर के दर्शन किए और झंडा चुनरी चढ़ाते हुए हरदौल चौक से होते हुए गौरी शंकर मंदिर भगवान भोले भंडारी की भव्य बरात पहुंची इसमें बैंड बाजे ढोल नगाड़े सहित अखाड़े भजन पार्टी डीजे साउंड सहित सुंदर एवं सजीव झांकियां भक्तों का आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें सबसे सुंदर झांकी बग्गी पर भगवान भोले की सजाई गई। मंदिर प्रांगण से बारात में शुक्र, शनि, नंदी, ब्रह्मा, विष्णु, शंकराचार्य, नौ ग्रह भी शामिल हुई। देवी देवता के साथ नाचते झूमते चल रहे थे। बारात में हाथी पर महाकाल की झांकी सजाई गई थी जो नगर में आकर्षण का केंद्र रहीए बारात में भारी भरकम तेज ध्वनि के 6-6 डी जे शामिल किए गए थे जिन्होंने पूरे नगर में शिव जी का डंका बजा दिए। डीजे की गूंज सुनकर समूचा नगर बारात का जलवा देखने सड़कों पर उतर आया। बारात का नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत भी किया गया। बड़ा बाजार में नव दुर्गा उत्सव समिति के युवाओं द्वारा स्वागत किया गया। देव गौरीशंकर मंदिर के मुख्यद्वार पर पहुंचते ही दूल्हा की अगवानी की गई और मन्दिर प्रांगण में विधिविधान के साथ विवाह की रश्में निभाई गई। विवाह के बधाई गीत गाए गए और शिवजी के बारातियों का स्वागत भी किया गया। मंदिर प्रांगण में बने हवन कुंड में चारों पहर का रुद्र अभिषेक हवन पूजन भी किया गया। इसका आयोजन भोले के भक्त कावड़ मित्र मंडली के तत्वाधान में किया गया। महाशिवरात्रि के पर्व पर नगर के सभी शिवालयों शंकर जी का चबूतरा भूतेश्वरनाथ मंदिर गौरी शंकर मंदिर सहित नगर के सभी शिव मंदिरों में हवन पूजन किए गए।

# महाशिवरात्रि पर्व पर गौरीशंकर मंदिर में उमड़ी जनमेदिनी

## पार्थिव शिवलिंग निर्माण रुद्राभिषेक

## हवन पूजन विसर्जन के साथ हुआ 10 दिवसीय कार्यक्रम का समापन

हटा (स्वतंत्र मत)

हटा बुंदेलखंड की काशी नगरी हटा स्थित प्राचीन एवं पावन धाम गौरीशंकर मंदिर में महाशिवरात्रि महापर्व पर श्रद्धा भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिला। एक ओर जहां पार्थिव शिवलिंग निर्माण करने और विसर्जन करने जनमेदिनी उमड़ पड़ी। दूसरी ओर 5 तारीख से चल रहे अतिरुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति सपन्न हुई। यज्ञाचार्य बीएचयू वाराणसी के वेद विभाग के पूर्व अध्यक्ष पंडित मथुरा प्रसाद शुक्ल द्वारा विधिविधान से आवाहित देवताओं की श्रद्धापूर्वक बिदाई दी गई। श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्यलाभ अर्जित किया। महाशिवरात्रि पर्व पर प्रात:काल से ही हजारों शिवभक्तों ने मंदिर पहुंचकर विधिविधान पूर्वक पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पूजनअर्चन किया। इस अवसर विद्वान पंडित आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच भजन-कीर्तन की ध्वनियों के बीच श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग से भरे कोपर को अपने सिर पर रखकर सुनार नदी में विसर्जन के लिए प्रस्थान किया। विसर्जन के लिए निकली भक्तों की भीड़ का दृश्य ने मानो भगवान शिव को स्वयं भक्तों के साथ चलते हुए प्रकट कर दिया हो। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से पार्थिव शिवलिंगों का सुनार नदी के घुराघाट पर विसर्जन किया। श्रीमद्भागवत कथा का समापन किया गया।

दद्दा मंच से 9 फरवरी को श्रीमद भागवत कथा अनिल शास्त्री के मुखारविंद से आरम्भ हुई जो अंतिम दिवस महाशिवरात्रि पर्व के चलते देव गौरीशंकर मन्दिर में संपन्न हुई। अंतिम दिवस की कथा एदेव गौरीशंकर, देव बालाजी सरकार, देव रामगोपालजी सरकार के सानिध्य में सुनाई और संपन्न हुई। इस दौरान सांसद राहुल सिंह लोधी ने मंदिर पहुंचकर देवश्री गौरीशंकर भगवान के दर्शन किए और श्रीमद्भागवत कथा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण अनुष्ठान में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सांसद ने प्रख्यात कथावाचक डॉ अनिल शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## संगठन ने पकड़वाई अवैध शराब




दमोह (स्वतंत्र मत)

नशा विरोधी जन आंदोलन के तहत भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतन पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में दमोह जिले के भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों ने थाना हिंडोरिया चौकी बांदकपुर पुलिस को सूचना देकर 15 फरवरी रात्रि 1:30 बजे पेट्रोल पंप के पास में रोड पर भोलेनाथ की नगरी जागेश्वरधाम मंदिर से चंद्र कम दूरी पर अवैध शराब का परिवहन कर रहे आरोपी विनोद दुबे पिता गया प्रसाद दुबे 50 वर्ष बांदकपुर निवासी दूसरा आरोपी विजय लोधी पिता उरन लोधी ग्राम हर दुआ चुंगल निवासी द्वारा लाल क्रेटा कॉर में 11 पेटी अवैध शराब जिसमें 8 पेटी लाल अवैध मसाला दो पेटी सफेद प्लेन 36 पाव मेक डाबर एक मैक डाबर रम की बोतल का परिवहन कर रहे थे। इसके साथ 11 पेटी अवैध शराब, एक फोर व्हीलर एवं दो आरोपियों को आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया।

# पूरे देश में पहुंचे सेवा, संस्कार और समर्पण की प्रेरणा : राज्यमंत्री

## श्रीराम के जीवंत जीवन वृतांत से त्रेतायुग की दिव्य कथा का साक्षी बना नोहटा

दमोह (स्वतंत्र मत)



संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन में एवं महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में नोहटा धाम में आयोजित पावन नोहलेश्वर महोत्सव का आठवां दिवस भक्ति, संस्कृति और शिक्षा सेवा के अद्भुत समन्वय का साक्षी बना। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश की विधिवत पूजा अर्चना एवं चरण वंदना के साथ हुआ जिसके पश्चात भव्य सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ हुई। इस अवसर पर देश के सुप्रसिद्ध कलाकार पुनीत इस्सर की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष आयाम प्रदान किया। लगभग 150 कलाकारों की विशाल टीम ने मंच पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन का अत्यंत प्रभावशाली और जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया। भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर वनवास, रावण वध और अयोध्या आगमन तक की प्रमुख घटनाओं का मंचन भावपूर्ण शैली में किया गया। भव्य परिधान, सजीव संवाद और आकर्षक मंच सज्जा ने दर्शकों को त्रेतायुग की दिव्य कथा का साक्षी बना दिया। पुनीत इस्सर के निर्देशन और अभिनय ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि नोहलेश्वर महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि समग्र विकास की एक सशक्त पहल है, जहां भक्ति के साथ-साथ शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। हमारा स्पष्ट लक्ष्य है कि क्षेत्र का प्रत्येक बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़कर आत्मनिर्भर और सक्षम नागरिक बने। साथ ही नवोदय कोचिंगए स्मार्ट क्लासेस और नि:शुल्क पुस्तकालय जैसी पहले केवल योजनाएं नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन के मजबूत स्तंभ हैं। हम विकसित क्षेत्र सशक्त युवा के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। जब शिक्षा और संस्कृति का समन्वय होता हैए तभी समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। नोहटा धाम को हम एक आदर्श आध्यात्मिक, शैक्षणिक और पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा प्रयास है कि आने वाले समय में यह महोत्सव प्रदेश ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाए और यहां से सेवाए संस्कार और समर्पण की प्रेरणा पूरे देश में पहुंचे। महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि महोत्सव के मंच से सामाजिक सरोकारों को भी प्रमुखता दी गई। कृष्णभाव फाउंडेशन के तत्वावधान में विधानसभा क्षेत्र में संचालित नि:शुल्क नवोदय कोचिंग में निस्वार्थ भाव से सेवाएं दे रहे शिक्षकों एवं सहयोगी पालकों का सम्मान किया गया। यह केवल एक सम्मान समारोह नहीं बल्कि शिक्षकों के समर्पण, सेवा और आत्मीयता का उत्सव था। सत्र 2024-25 में जहां 13 स्थानों पर कक्षाएं संचालित हो रही थीं, वहीं सत्र 2025-26 में इसे बढ़ाकर 36 स्थानों तक पहुंचा दिया गया है। संकल्प लिया गया कि आने वाले समय में 100 से अधिक नि:शुल्क कक्षाओं का संचालन कर क्षेत्र के प्रत्येक जरूरतमंद विद्यार्थी तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि नवोदय कक्षाओं के साथ-साथ स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से छात्र.छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कराई जा रही है। तेंदूखेड़ा में नि:शुल्क विद्या समय पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया है तथा शीघ्र ही जबेरा में भी पुस्तकालय प्रारंभ किए जाने की घोषणा की गई। पूरे आयोजन में अनुशासन, श्रद्धा और सामाजिक प्रतिबद्धता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# आज कार्यों से विरत रहेंगे प्रदेश के अधिवक्ता मप्र बार एसोसिएशन का फैसला

## शिवपुरी में हुई अधिवक्ता की हत्या का विरोध, चीफ जस्टिस का लिखा पत्र

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शिवपुरी में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की शनिवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को लेकर प्रदेश भर के अधिवक्ताओं ने निंदा की है। इस घटना के बाद स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश और मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने आज 16 फरवरी को न्यायालयीन कार्य से विरत (पैरवी से अलग रहने) का निर्णय लिया है।



मप्र हाईकोर्ट बार ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखते हुए निवेदन किया है कि लिस्टेड प्रकरणों को अधिवक्ताओं की अनुपस्थिति में खारिज न किया जाए। साथ ही कोई भी विपरीत आदेश पारित न किए जाएं। सोमवार को लिस्टेड मामलों को अगले दिनांक को नॉट रीच किया जाए। इस मामले में स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश का कहना है कि लगातार वकीलों के साथ हो रही घटनाओं को लेकर प्रदेश के अधिवक्ता अपने आप को असहाय महसूस कर रहे हैं। यह अत्यंत चिंता का विषय है।

### सरकार को दिया अल्टीमेटम

लंबे समय से अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए शासन से एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की जा रही है। इसके बावजूद अभी तक शासन ने कोई भी प्रयास नहीं किए हैं। स्टेट बार काउंसिल ऑफ मप्र के कार्यकारी सचिव नीलेश जैन ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि अधिवक्ताओं पर लगातार हमले किए जा रहे हैं, जिसमें डबरा के अधिवक्ता चंद्रभान सिंह मीना एवं अन्य जिलों के अधिवक्ता भी शामिल हैं। यहां तक कि अब अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि दिनदहाड़े हमला कर हत्या की जा रही है। बार ने राज्य सरकार को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है। कहा गया है कि 15 फरवरी को मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद की विशेष सामान्य सभा की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की हत्या के विरोध में प्रदेश भर के अधिवक्ता 16 फरवरी को न्यायालयीन कार्य से अलग रहेंगे। इस दौरान एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट अतिशीघ्र लागू किए जाने की मांग की जाएगी।

### एक करोड़ की सहायता राशि देने की मांग

प्रदेश के हर जिले में अधिवक्ता संघ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किए जाने के संबंध में पत्र लिखकर जिला स्तर पर कलेक्टर एवं तहसील स्तर पर तहसीलदार को इस संबंध में ज्ञापन देंगे। प्रतिवाद दिवस पूर्णतः शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने भी शिवपुरी में हुई घटना की निंदा की है। बार के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन ने चीफ जस्टिस के नाम पत्र लिखते हुए कहा है कि शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना के परिवार को राज्य सरकार की ओर से 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाए। आश्रितों को सरकारी नौकरी दी जाए और हत्यारों पर कठोर कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष धन्य कुमार जैन ने कहा कि शिवपुरी के अधिवक्ता संजय सक्सेना की 14 फरवरी को मोटरसाइकिल से कोर्ट जाते समय यूनिफॉर्म में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। इससे प्रदेश के अधिवक्ताओं में आक्रोश है। इसी कारण मप्र हाईकोर्ट अधिवक्ता संघ जबलपुर, जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर एवं हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर ने संयुक्त बैठक कर सर्वसम्मति से सोमवार 16 फरवरी को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है।

# सिर कुचलकर युवती की हत्या, दुष्कर्म की संभावना

## नुनसर चौकी की घटना, खेत की मेड़ पर मिली लाश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



समरिया गांव में रविवार को खेत की मेड़ पर एक अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। आशंका है कि युवती की सिर कुचलकर हत्या की गई है। उसका चेहरा भी बुरी तरह क्षत-विक्षत है, जिससे पहचान करना मुश्किल हो रहा है। घटना स्थल नेशनल हाईवे से कुछ ही दूरी पर माढ़ोताल और पाटन थाना के बॉर्डर पर नुनसर चौकी की है। सुबह खेत की ओर गए ग्रामीणों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही नूनसर पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। आसपास के इलाके को सील कर जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। आसपास के थानों में गुमशुदगी की जानकारी खंगाली जा रही है। हत्या कहीं और कर शव यहां फेंके जाने की आशंका भी जताई जा रही है।

*जांच में जुटी पुलिस*- मौके पर पहुंची एफएसएल अधिकारी नीता जैन ने बताया, घटना 24 घंटे के अंतराल पर ही हुई है। महिला के चेहरे और सिर पर गंभीर चोटों के निशान हैं। उसके साथ सेक्सुअल असॉल्ट की भी संभावना है। मृतक नाबालिग है या महिला ये अब तक स्पष्ट नहीं हुआ है। अभी एक मिसिंग युवती की कंप्लेंट हमारे पास है। उस लड़की की उम्र 17 साल की है। संभावना है कि ये वही युवती है। कंप्लेंट करने वाले परिजनों को बुलाया गया है। घटना 24 घंटे के अंदर ही हुई है। एडिशनल एसपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस युवती की पहचान और आरोपी की पता लगाने में जुटी है। हालांकि अभी आस पास के गांव के पता लगाया है। शव यहां का नहीं है।

मौके पर एफएसएल और फिंगर प्रिंट टीम को बुलाया गया है। प्रथम दृश्य इसमें हत्या का मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार करेंगे। पुलिस के मुताबिक मृतका नाबालिग है या नहीं इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगी।

# जमीनी विवाद के बीच डॉक्टर हेमलता श्रीवास्तव का निधन

## करोड़ों की सम्पत्ति पर कई दिनों से चल रहा था विवाद

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर निगम से लीज में मिली जमीन के विवाद के बीच उम्रदराज नेपियर टाउन निवासी वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमलता श्रीवास्तव का इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से चिकित्सा जगत और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई है।



बताया जा रहा है कि वे कुछ समय से अस्वस्थ थीं और उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन के साथ ही उनको लीज में मिली करीब 20 हजार वर्ग फीट जमीन को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर चर्चा में आ गया है। जिसकी कीमत करोड़ों में है। उल्लेखनीय है कि उनकी प्रॉपर्टी को लेकर पिछले कुछ समय से विवाद की स्थिति बनी हुई थी। आरोप लगाए जा रहे थे कि एक जैन परिवार द्वारा उनकी जमीन हड़पने का प्रयास किया गया। मामले ने तूल पकड़ने के बाद प्रशासन ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू की थी। राजस्व और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच की जा रही है। संबंधित पक्षों के बयान भी दर्ज किए गए हैं। हालांकि, अभी तक जांच पूरी नहीं हुई है और प्रशासन की ओर से कोई अंतिम निष्कर्ष सार्वजनिक नहीं किया गया है। डॉ. श्रीवास्तव के निधन के बाद अब इस विवाद की दिशा क्या होगी, इस पर भी कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

# करंट की चपेट में आने से युवती की मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

ओमती थाने में हैदराबाद ओमेगा अस्पताल से सूचना मिली कि आज सुबह लगभग 9 बजे करंट लगने से काजल यादव उम्र 21 वर्ष निवासी बंदरकोला बरगीनगर थाना बरगी को चाचा कमलेश द्वारा उपचार हेतु लाया गया था। जहां पर डाक्टर ने काजल यादव को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुए घटनास्थल बरगी थाना का होने से मर्ग डायरी अग्रिम जांच हेतु थाना बरगी स्थानांतरित की जा रही है।

# कांग्रेस में बढ़ेगी महिलाओं की भागीदारी

## महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी का नगर आगमन

सिहोरा (स्वतंत्र मत)



सन 1885 में बनी कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी पार्टी है। इस पार्टी में महिलाओं का अपना बड़ा स्थान है। महिलाओं की महत्ता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का पूरा प्रयास किया जाएगा इसके लिए महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों को निर्देश दिया जा रहा है कि वह समझ में अधिक से अधिक महिलाओं से संपर्क करें और उनको कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में शामिल करें। यह बात मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी ने शनिवार की शाम कटनी से जबलपुर जाते सिहोरा अल्प प्रवास में उनके स्वागत में शामिल महिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से कही। महिला कांग्रेस पूर्व प्रदेश महामंत्री मंजू मिश्रा, राज्यसभा सदस्य प्रतिनिधि एवं कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव बाबा कुरैशी के संयोजन में कार्यक्रम हुआ। ब्लॉक कांग्रेस सिहोरा अध्यक्ष बिहारी पटेल के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी के कार्यक्रम स्थल एनएच 30 मनसकरा तिराहा पहुंचने के साथ

महिला कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्टी पदाधिकारी ने उनका पुरजोर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री पवन सोनी, वरिष्ठ घनश्याम बढ़गैया, लाल बहादुर पाठक, केके कुररिया, पार्षद कल्पना, आलोक पांडे, माधुरी, गणेश दहिया, रमेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

## गुंजन गीत माला आज

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मोहम्मद रफी और किशोर कुमार के मनभावन गीतों पर आधारित गुंजन गीत माला का आयोजन संध्या जैन के संयोजन एवं अति. पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा के आतिथ्य में आज 16 फरवरी को शाम 6.30 बजे से दत्त मंदिर, गोलबाजार में आयोजित किया जा रहा है । आयोजकों ने नगरवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

# सुअरमार बमों के साथ पकड़े गए 2 बदमाश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि मानेगांव तालाब सामुदायिक भवन के सामने एक लड़का जो लाल सफेद रंग की अपर पहने है जो किसी के घर पर बम फैंकने की बात कर रहा है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक पत्थर पर बैठा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम अभिषेक स्वामी उर्फ अभी पिता अजय स्वामी उम्र 21 वर्ष निवासी मानेगांव विकासनगर रांझी बताया। तलाशी लेने पर अपर की दाहिनी जेब में एक सुअरमार बम रखे मिला। इसी प्रकार मुखबिर की सूचना पर मड़ई तिराहा में दबिश देते हुये 17 वर्षिय बालक को पकड़ा गया जो तलाशी लेने पहनी हुई धारीदार जैकेट की दाहिनी जेब में सुअरमार बम रखे मिला, जिसे जब्त किया।

## सैम सीनियर क्लब का शिवमय कार्यक्रम आज

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सैम सीनियर सिटीजन क्लब द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर आज 16 फरवरी को साउथ एवेन्यू मॉल में शाम 4 बजे शिवमय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। संयोजक जादूगर एस के निगम, जसवीर चोपड़ा, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, चंदन शर्मा ने सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

# शादी से इंकार करने पर किशोरी ने की आत्महत्या

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

घमापुर थाने में 23 वर्षीय युवक निवासी घमापुर ने सूचना देकर बताया था कि उसकी छोटी बहन आठवी तक पढ़ाई करके घरेलू काम करती थी। वह अपने काम पर गया था उसकी मम्मी ने उसे फोन कर बहन द्वारा घर के अंदर फासी लगा लेने की सूचना दी तो वह तत्काल घर आकर बहन को फांसी से उतारकर अपनी एक्टिवा से उपचार हेतु हैदराबाद ओमेगा अस्पताल लेकर गया जहां डाक्टर ने चैक कर उसकी बहन उम्र 17 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच के दौरान मृतिका के परिवारजनों से पूछताछ की। जिसमें पता चला कि किशोरी मोबाइल में इंस्टाग्राम के माध्यम से हर्ष उर्फ मोंटू सकतेल नाम के लड़के से बात करती थी, जो 17 किशोरी से शादी करने के लिये कह रहा था। दोनों एक ही कास्ट के होने से शादी के लिये राजी हो गये थे । इसी बीच मोन्टी सकतेल ने शादी करने से मना कर दिया। जिससे व्यथित होकर किशोरी ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली । पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।

# नशे के सौदागरों पर पुलिस की बड़ी चोट, लाखों की कोडीन कफ सिरप बरामद

## माढ़ोताल पुलिस, क्राइम ब्रांच और ड्रग विभाग की संयुक्त कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 8.64 लाख रुपए मूल्य की 4,800 बोतल प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप जब्त की है। यह कार्यवाही माढ़ोताल थाना, क्राइम ब्रांच और ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने की। इस मामले में माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह पवार ने बताया कि 14 फरवरी की शाम क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, कटंगी रोड स्थित वीआरएल ट्रांसपोर्ट, टाटा शोरूम के पास नशे में इस्तेमाल होने वाली प्रतिबंधित कफ सिरप रखी हुई थी। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी। जांच के दौरान, ट्रांसपोर्ट के कैशियर सुमित यादव से पूछताछ की गई और बिल/बिल्टी और जीएसटी इनवॉइस की जांच की गई।

### आज होना थी डिलेवरी

दस्तावेजों से पता चला कि देहरादून की एक फर्म से मैक्का-टस नामक कफ सिरप के 40 कार्टून दमोह जिले के एक मेडिकल स्टोर के नाम पर बुक किए गए थे। इस खेप की डिलीवरी 16 फरवरी को होनी थी, लेकिन पुलिस ने निर्धारित समय से पहले ही इसे जब्त कर लिया। ड्रग निरीक्षक देवेंद्र जैन ने बताया कि कोडीन युक्त कफ सिरप का दुरुपयोग नशे के लिए किया जाता है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा ऐसी दवाओं की बिक्री पर सख्त नियम लागू हैं, और निर्धारित मात्रा से अधिक खरीद-बिक्री प्रतिबंधित है।

### हजारों बोतल कफ सिरप हुई जब्त

इस कार्यवाही के दौरान पुलिस ने कुल 40 कार्टून में रखी 4 हजार 800 बोतल कफ सिरप जब्त कर ली है। इस मामले में सुमित यादव, संबंधित मेडिकल फर्म और सप्लायर के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धाराओं के साथ-साथ म.प्र. ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# जानलेवा ट्रांसमिशन लाइन के पास बना लिया अवैध निर्माण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने ट्रांसमिशन लाइनों के प्रतिबंधित कॉरिडोर में किए गए अवैध एवं घातक निर्माणों को हटा कर नागरिक जीवन सुरक्षित करने के अपने विशेष अभियान के क्रम में छतरपुर की 132 केवी छतरपुर-बिजावर एवं छतरपुर-नौगांव लाइनों के 27 मीटर सुरक्षा क्षेत्र के भीतर किए गए अवैध निर्माणों को हटवाने की कार्यवाही की।



मुख्य अभियंता डीके अग्रवाल ने बताया कि संबंधित व्यक्तियों को पूर्व में नोटिस देकर आगाह किया गया था, परंतु निर्माण नहीं हटाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसका उद्देश्य संभावित विद्युत दुर्घटनाओं से जन-सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में चरणबद्ध रूप से चलाया रहा है।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, RNI No. 64561/96.